संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 06 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 17 अंक: 326 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में नौसेना दिवस 2023 समारोह की झलकियाँ। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित थे।

# भारत और केन्या के बीच पांच करार पर हस्ताक्षर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** और केन्या के बीच मंगवार को शिक्षा, संस्कृति और अन्य क्षत्रों से जुड़े पांच करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं। कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए भारत केन्या को 250 मिलियन डॉलर का ऋण देगा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत की विदेश नीति में अफ्रीका को हमेशा उच्च प्राथमिकता दी गई है। पिछले लगभग एक दशक में हमने मिशन मोड में अफ्रीका के साथ अपना सहयोग बढ़ाया है। केन्या के राष्ट्रपति डॉ. विलियम समोई रुतो तीन दिवसीय यात्रा पर कल नई दिल्ली पहुंचे थे। भारत की राजकीय यात्रा पर आए समोई रुतो ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और केन्या के बीच आपसी व्यापार और निवेश में लगातार प्रगति हो रही है। उन्हें खुशी है कि केन्या ने ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस और अंतरराष्ट्रीय सौर



गठबंधन से जुड़ने का निर्णय लिया है। साथ ही केन्या द्वारा लिये गए इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस से जुड़ने के निर्णय से हम बिग कैट के संरक्षण के लिए वैश्विक प्रयासों को सशक्त कर सकेंगे।

भारत और केन्या एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे गंभीर चुनौती है। इस संबंध में हमने आतंकवाद विरोधी अभियानों में आपसी सहयोग को बढ़ाने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में हमारा बढ़ता सहयोग हमारे आपसी विश्वास और साझा हितों का प्रतीक है। आज की चर्चा में हमने सैन्य अभ्यास क्षमता निर्माण के अलावा दोनों देशों के रक्षा उद्योगों को जोड़ने पर भी जोर दिया। हमने जन कल्याण के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग करने पर भी चर्चा की।
दो कृषि प्रधान अर्थव्यवस्थाओं के रूप में हम अपने अनुभव साझा करने पर सहमत हुए। केन्या के कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए हम 250 मिलियन डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट देने पर सहमत हुए हैं। हम डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में केन्या के साथ भारत की उपलब्धियों को साझा करने के लिए तैयार हैं।
केन्या के राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने सोमालिया और सूडान के हालात पर प्रधानमंत्री मोदी से चर्चा की है।

## एमएसपी को लेकर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों पर काम कर रही मोदी सरकार



**नई दिल्ली :** केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि कृषि सुधारों को लेकर स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट संप्रग सरकार के दौरान आई थी लेकिन नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों पर काम करना शुरू कर दिया है। इसके तहत ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) उत्पाद लागत से 50 प्रतिशत अधिक तय किया गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र के तीन कृषि कानूनों (जिन्हें वापस लिया जा चुका है) के खिलाफ किसानों के प्रदर्शन के बाद एमएसपी समेत अनेक मुद्दों पर अध्ययन के लिए समिति का गठन किया गया था जो अब तक 30 से 35 बैठकें कर चुकी है।

## सर्किट हाउस विस्तारीकरण कार्य में तेजी लाएं: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**मुख्यमंत्री** ने जिलाधिकारी चंपावत को सर्किट हाउस का विस्तारीकरण का कार्य तेजी से करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। मंगलवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आदर्श चम्पावत के तहत संचालित योजनाओं और प्रस्तावित कार्यक्रमों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सर्किट हाउस के विस्तारीकरण में आधुनिकता के समावेश के साथ पर्वतीय शिल्प कला का प्रयोग किया जाए। जनपदों में बेहतर निर्माण कार्यों में जिलाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसके लिए उन्हें सजगता से कार्यों का नियमित रूप से अनुश्रवण करना होगा। उन्होंने कहा कि सर्किट हाउस में जनता मिलन के लिए उपयुक्त स्थल के साथ सभागार भी बनाया जाय। आवागमन के लिए सुगम मार्ग का निर्माण भी किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंपावत आने वाले समय में बड़ा डेस्टिनेशन बने इसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी चंपावत को निर्देश दिये कि चंपावत में नई टाउनशिप विकसित किये जाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन पर तेजी से कार्य हो रहे हैं। इस कार्य के बाद चम्पावत में भी श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि भविष्य में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने की संभावनाओं के दृष्टिगत सम्पर्क मार्गों के विस्तारीकरण और सुदृढ़ीकरण की दिशा में भी विशेष ध्यान दिया जाए। चम्पावत को आदर्श जनपद बनाने की दिशा में किये जा रहे कार्यों में और तेजी लाई जाए। जिलाधिकारी चम्पावत नवनीत पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा के तहत चम्पावत में मास्टर प्लान के तहत भूमि चिन्हित कर 05 जोन बनाये गये हैं। जिसमें स्टेडियम, कल्चरल थियेटर, गोल्ज्यू मंदिर परिसर, मल्टीस्टोरी पार्किंग और एप्रोच रोड से सबंधित कार्ययोजना बनाई गई है।


## व्यवस्था परिवर्तन का एक साल पूर्ण होने पर होगा समारोह : मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर 11 दिसम्बर, 2023 को कांगड़ा जिला के पुलिस मैदान, धर्मशाला में व्यवस्था परिवर्तन का एक साल विषय पर राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व भी शामिल होगा। उन्होंने यह बात इस समारोह के आयोजन सम्बंधी विभिन्न प्रबंधों की समीक्षा के लिए आज यहां राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी प्रबंध समय रहते पूरे करने तथा इसमें भाग लेने वाले लोगों को हरसम्भव सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समारोह से सम्बंधित विभिन्न प्रबंधों के लिए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, विधायक संजय रतन व केवल सिंह पठानिया जिला प्रशासन के साथ समन्वय करेंगे। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सभी विभागों को जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा प्रबंधों, पेयजल व विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता व मोबाइल शौचालय इत्यादि के समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने पुलिस विभाग को वाहनों के सुचारू यातायात व पार्किंग इत्यादि के लिए पुख्ता प्रबंध करने को भी कहा।

उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए पुलिस मैदान में बड़ी एलईडी स्क्रीन भी स्थापित की जाएंगी। उन्होंने समारोह के दौरान स्थानीय लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने के लिए भी समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए।

# कुरुक्षेत्र में 7 से 24 दिसंबर तक मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सवः मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

भारतीय संस्कृति की क्रीड़ा स्थली और 'श्रीमद्भगवद्गीता' की जन्मस्थली धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर एक बार फिर अध्यात्म, संस्कृति एवं कला का दिव्य संगम देखने को मिलेगा। 7 दिसंबर से 24 दिसंबर तक अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रीमद्भगवद्गीता का शास्वत संदेश दिया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज यहां आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार भारत के संविधान को शासकीय व्यवस्था की गीता कहा जाता है, उसी प्रकार वे स्वयं मानते हैं कि गीता जीवन के पथ प्रदर्शन के नियमों के नाते से एक संविधान है। उन्होंने कहा कि इस बार अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में असम सहयोगी राज्य की भूमिका में रहेगा। पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर पर असम सरकार द्वारा पैवेलियन लगाया जा रहा है जिसमें उसकी संस्कृति, शिल्प, खान-पान इत्यादि से सम्बन्धित स्टाल आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।

मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में कुरुक्षेत्र आगमन के दौरान कहा था कि कुरुक्षेत्र को गीता स्थली के रूप में पहचान दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन के बाद से हरियाणा सरकार द्वारा गीता महोत्सव को कुरुक्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2016 से मनाया जा रहा है। विगत 7 वर्षों से इस महोत्सव को अपार सफलता और लोकप्रियता मिल है। वर्ष 2019 में यह महोत्सव देश से बाहर मॉरीशस



तथा लन्दन में भी मनाया गया। सितम्बर, 2022 में यह कनाडा में भी आयोजित किया गया। इस साल अप्रैल माह में भी अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव आस्ट्रेलिया में आयोजित किया गया। वर्ष 2024 में अमेरिका में भी इस महोत्सव के आयोजन का निमंत्रण मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 दिसंबर से मुख्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। हम सबके लिए गौरव का क्षण होगा जब देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 17 दिसम्बर को ब्रह्म सरोवर पर गीता यज्ञ एवं पूजन से इस महोत्सव का विधिवत शुभारम्भ करेंगे। इसके पश्चात वे इसी दिन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी का शुभारम्भ भी करेंगे। यह संगोष्ठी 19 दिसम्बर तक चलेगी। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवदगीता की प्रेरणा से विश्व शान्ति और सदभाव विषयक इस संगोष्ठी में देश-विदेश के गीता मर्मज्ञ, विद्वान एवं शोधार्थी अपने शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। निश्चय ही इस संगोष्ठी से गीता के संदेश की महत्ता विश्व में फैलेगी।

मनोहर लाल ने कहा कि धीरे झधीरे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव मेला आर्थिक दृष्टि से सेल्फ-फाइनेंस की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कुंभ मेले की तर्ज पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के लिए अलग से मेला ऑथोरिटी बनाई जाएगी, जो अपने स्तर पर इसका आयोजन करेगी। सरकार की ओर से एक मेला अधिकारी तैनात किया जाएगा, जो सरकार की ओर से की जाने वाली व्यवस्थाओं को देखेगी। उन्होंने कहा कि यह मेला ऑथोरिटी महोत्सव के आयोजन की प्लानिंग और जिलो में भी अपनी व्यवस्थाएं करेगी। मनोहर लाल ने सभी प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि 23 दिसंबर गीता जयंती के दिन सभी नागरिक प्रातः 11 बजे एक मिनट तक एक साथ गीता पाठ करें। इस दौरान 3 श्लोक का पाठ होगा। सभी नागरिक अपने घर या कार्यस्थल पर इस गीता पाठ के साथ जुड़ कर गीता के 3 श्लोक का पाठ करें।

# पहली बार रामलीला के कलाकारों को किया गया सम्मानित

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने श्रीराम भक्तों को नशा मुक्त प्रहरी बनने का किया आह्वान

**जानकारी**

8 22 जनवरी को प्रधानमंत्री करेंगे श्रीराम मंदिर का उद्घाटन, उस दिन सबके लिए होगी दूसरी दिवाली: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजला रानी**

**हरियाणा** में समाज निर्माण में संतो-महात्माओं की भूमिका को महत्वपूर्ण समझते हुए हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार-प्रसार योजना के बाद अब एक नई शुरूआत करते हुए आज पहली बार श्रीराम भक्तों यानि रामलीला का मंचन करने वाले कलाकारों व रामलीला कमे?टी के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। जिला कुरुक्षेत्र के पुरुषोत्तपुरा बाग में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने 325 से अधिक रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों व कलाकारों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का **पोर्टल किया लॉन्चः** हरियाणा में गरीब परिवारों के बुजुर्गों को तीर्थ स्थलों के भ्रमण के लिए विशेष रूप से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत बीपीएल परिवार के 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोग तीर्थ स्थलों का मुफ्त भ्रमण कर सकेंगे। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री ने इस योजना के पोर्टल का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पोर्टल के शुरू होते ही अब तक रेलवे की एक बोगी की बुकिंग हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी के बाद अयोध्या के लिए पहला जत्था रवाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी समय में इस योजना का विस्तार भी किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री ने श्रीराम भक्तों को नशा मुक्त प्रहरी बनने का किया आह्वानः**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्रीराम भक्तों को नशा मुक्त प्रहरी बनने का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने रंगमंच के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दें। उन्होंने कहा कि ऐसी सामाजिक बुराईयों से लड़ने के लिए समाज में आप जैसे लोगों का सहयोग आवश्यक है। जिस प्रकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 जनवरी, 2015 को पानीपत से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की थी और इस ?अभियान को सरकारी प्रयासों के साथ-साथ सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सहयोग से सफल बनाया गया। जिसका परिणाम यह हुआ कि बेटियों को मारने वाले प्रदेश के रूप में कलंकित हरियाणा को अब बेटियों को बचाने वाला प्रदेश कहा जाता है। उसी प्रकार अब नशे को जड़ से खत्म करने के लिए जनजागरण के साथ-साथ जो लोग नशे की लत में फंस चुके हैं, उनका नशामुक्ति केंद्रों के माध्यम पुनर्वास कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। इस पुतिन कार्य में आप जैसे लोग नशा मुक्त प्रहरी बन कर महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। श्री मनोहर लाल ने कहा कि ड्रग्स के सप्लायर या इस काम में संलिप्त लोगों पर रोक लगाने के लिए कानूनी कार्रवाई सरकार द्वारा की जा रही है। मादक पदार्थों को जब्त किया जा रहा है और पिछले एक वर्ष में 140 करोड़ रुपये से अधिक के मादक पदार्थों को नष्ट किया गया है और नशे के कारोबार में संलिप्त 90 लोगों की संपत्तियों को भी ध्वस्त किया गया। ऐसे लोगों को जेल में भी डाला गया है।

**कुरुक्षेत्र में किए गए 4 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य-विधायक सुभाष सुधाः** कार्यक्रम में विधायक श्री सुभाष सुधा ने कहा कि श्रीराम के भक्तों के ऐसे सम्मान समारोह का आयोजन प्रदेश में पहली बार किया गया है, इसके लिए मुख्यमंत्री बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र को विश्व मानचित्र पर पहचान दिलाने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक कार्य किए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार ने कुरुक्षेत्र में विकासात्मक कार्यों पर 4 हजार करोड़ रुपये की राशि खर्च की है। ज्योतिसर में भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप को स्थापित किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव और सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ अमित अग्रवाल ने मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल व अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज का यह कार्यक्रम अपने आप में अनूठा कार्यक्रम है, जब श्रीराम के भक्त रामलीला कमेटियों के पदाधिकारियों व कलाकारों का सम्मान किया गया है।

### मंचन कलाकारः जीवन में सुधार लाने में निभाते हैं अहम भूमिका

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि श्री राम केवल शब्द नहीं, बल्कि इसमें इतनी शक्ति है कि पत्थर के ऊपर राम लिखने से वो पानी में डूबता नहीं है। मयार्दापुरुषोत्म श्री राम की लीलाओं का मंचन रामलीलाओं द्वारा किया जाता है, लेकिन असल मायने में आप सभी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि आप कितना बड़ा काम कर रहे हैं। समाज के लोगों को संस्कारित करना, अपनी संस्कृति के साथ जोड़े रखना, उनके जीवन को कैसे सुधारा जाए और जीवन में कोई बुराई न आये, इस दिशा में इस प्रकार के कलाकार बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय के संघर्ष के बाद आज अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण हो रहा है, यह हर देशवासी के लिए गर्व की बात है। 22 जनवरी, 2024 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भव्य श्री राम मंदिर का उद्घाटन करेंगे, उस दिन दूसरी दिवाली मनाई जाएगी।

# नशा तस्करों पर वार, कैंटर में 2 नशा तस्करों को किया काबू



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

प्रदेश सरकार के निर्देशों पर पूरे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ह्यनशा मुक्त हरियाणा-नशा मुक्त भारतह्व के तहत कार्रवाई करते हुए हरियाणा एनसीबी ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए राजस्थान से पंजाब जाते हुए कैंटर में सवार 2 नशा तस्करों से 125 किलो डोडा चूरा पोस्त बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा एनसीबी चीफ ओ पी सिंह, आईपीएस के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए डीएसपी जगबीर सिंह व इंस्पेक्टर सुखपाल की टीम गठित की गई। गठित की गई टीम ने डीएसपी की अगुवाई में गश्त व चैकिंग के दौरान गंगेहड़ी चौक एनएच 152डी पुल पर गुप्त सूत्रों के आधार पर कार्रवाई करते हुए राजस्थान की तरफ से एक कैंटर को चेकिंग के दौरान रोका। टीम को सूचना मिली थी कि उक्त कैंटर, पिहोवा के रास्ते पंजाब की तरफ जाएगा और इस कैंटर में भारी मात्रा में चूरा पोस्त होने का अंदेशा है।

# सरकार ने गांव का नाम 'पंजोखरा साहिब' करने की जारी की अधिसूचना

**वादे पूरे होंगे**

8 अनिल विज के प्रयासों से सरकारी रिकार्ड में अंबाला के गांव पंजोखरा का नाम बदलकर पंजोखरा साहिब हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक गांव ह्लपंजोखराह्व का नाम उसके धार्मिक महत्व के अनुरूप ह्लपंजोखरा साहिबह्व हो गया है।

केंद्र सरकार द्वारा इस संबंध में गांव का नाम पंजोखरा साहिब करने पर अनुमति देने के उपरांत अब हरियाणा सरकार ने भी इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। गृह मंत्री अनिल विज द्वारा पंजोखरा गांव के धार्मिक महत्व को देखते हुए पूर्व में गांव का नाम पंजोखरा साहिब करने को लेकर प्रदेश सरकार से बातचीत की गई थी।

उन्हीं के प्रयासों से हरियाणा विधानसभा सत्र में पंजोखरा का नाम पंजोखरा साहिब करने का प्रस्ताव पारित किया गया था। सरकारी रिकार्ड में गांव का नाम पंजोखरा साहिब अंकित करने के लिए केंद्र सरकार को यह प्रस्ताव राज्य सरकार की ओर से भेजा गया था। राज्य सरकार के इस प्रस्ताव पर केंद्र सरकार द्वारा इस पर कोई आपत्ति नहीं जताई गई है जिसके उपरांत आज हरियाणा सरकार ने इसकी अधिसूचना जारी का दी है।

**गृह मंत्री द्वारा गोद लिया गया था पंजोखरा साहिब गांवः** गृह मंत्री अनिल विज द्वारा पूर्व में पंजोखरा साहिब गांव को गोद लिया गया था और उन्हीं के प्रयासों से गांवों में अब तक करोड़ों की लागत से अलग-अलग विकास कार्य पूरे हो चुके हैं। गृह मंत्री की बदौलत पंजोखरा साहिब गांव अब अम्बाला में बन रही 40 किलोमीटर लंबी रिंग-रोड से भी जुड़ने वाला है जिससे इस गांव में आने-जाने के लिए स्थानीय निवासियों के अलावा दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक लाभ मिलेगा। अंबाला छावनी से पंजोखरा साहिब आने-जाने के लिए गृह मंत्री द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सड़क को नया रूप दिया गया था।

# हज यात्रा के लिए 20 तक कर सकते हैं आवेदन

**चण्डीगढ़ः** अखिल भारतीय हज कमेटी ने वर्ष 2024 के दौरान प्रदेश से हज जाने के इच्छुक हाजियों के पंजीकरण के लिए हरियाणा राज्य हज कमेटी के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये हैं। हज यात्रा करने के इच्छुक हज यात्री 20 दिसंबर, 2023 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। हरियाणा राज्य हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी श्री सुभानदीन भट्टी ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय हज कमेटी मुम्बई ने वर्ष-2024 में हज यात्रा करने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। आनलाईन आवेदन 20 दिसम्बर कर सकते हैं।

# यूपी, बिहार से भी बदतर हालत में पहुंची हरियाणा की कानून व्यवस्थाः दीपेंद

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/अंकुश जैन**

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने प्रदेश की ध्वस्त हो चुकी कानून व्यवस्था पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि सरकारी आंकड़े चीख-चीखकर गठबंधन सरकार के जंगलराज की गवाही दे रहे हैं। हरियाणा की कानून-व्यवस्था यूपी, बिहार से भी बदतर हालत में पहुंच गई है। अपराधी इस कदर बेखौफ हैं कि दिन-दहाड़े होने वाली वारदात के मामले में हरियाणा देश में दूसरे नंबर पर है। सिर्फ एक साल के भीतर महिलाओं के विरूद्ध अपराध के 16,743 मामले यानी रोज 46 मामले सामने आए। एक साल के



भीतर बलात्कार के 1,787 केस यानी रोज 5 बेटियों की अस्मत लूटने के मामले दर्ज हुए। एक साल के भीतर मां-बाप के जिगर के टुकड़े 2640 बच्चे लापता हो गए, जिनमें 1124 लड़के और 1516 लड़कियां हैं। राज्य में साइबर अपराध में भी वृद्धि हुई है। दीपेन्द्र हुड्डा ने हाल ही में जारी एनसीआरबी रिपोर्ट के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि देश में समग्र रूप से अपराध घटा है, लेकिन हरियाणा में अपराध तेजी से बढ़ा है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था लचर होने और बेरोजगारी में तेजी से बढ़ोत्तरी के कारण ही विशेष तौर पर महिलाओं और कमजोर तबकों के खिलाफ अपराध में वृद्धि हो रही है। हत्या, रेप, चोरी, फिरौती, लूट, डकैती आम हरियाणवी की दिनचर्या का हिस्सा बन गए हैं। कानून-व्यवस्था का दिवालिया पीट दिया है। उन्होंने कहा कि बढ़ते अपराध का कारण बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और नशाखोरी है। आज हमारे नौजवान बेरोजगारी से हताशा में, हताशा से नशा और नशे से अपराध के चंगुल में फंस रहे हैं। अपराध और नशे का मूल कारण बेरोजगारी है। सांसद दीपेन्द्र ने आगे कहा कि हुड्डा सरकार के समय अपराधियों में कानून का खौफ था, आज लोग अपराध और अपराधियों से खौफजदा हैं। मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने खुद गैर-जिम्मेदाराना बयान देकर अपराध और अपराधियों के सामने सरेंडर कर दिया था कि सरकार हर आदमी को सुरक्षा नहीं दे सकती और ये कहना कि लट्ठ उठा लो, जेल जाने से मत डरो, नेता बनकर निकलोगे। जब प्रदेश का मुखिया ही ऐसी बयानबाजी कर रहा हो जिससे अपराधियों का हौसला बढ़े तो फिर अपराध कैसे रुकेंगे।

# चंड़ीगढ़ः भिवानी का आरओबी निर्माण हेतु रेलवे को सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार और सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से भिवानी शहर में एनएच-709 पर रेलवे आरडी 81/0-1 पर स्थित मौजूदा 2-लेन रेलवे ओवरब्रिज बनाया जायेगा। सरकार की इस रणनीतिक सहयोग से रेलवे विभाग द्वारा एक नए 2-लेन आरओबी के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने आज यहां सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और रेल विभाग के साथ सहयोगात्मक प्रयास की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मौजूदा 2-लेन रेलवे ओवरब्रिज खंडहर स्थिति में हो गया है , इसी को ध्यान में रखते हुए वर्तमान में इस आरओबी का निर्माण करने की आवश्यकता है। सरकार ने इस आरओबी को रेलवे के हैंडओवर के करने लिए आवश्यक शर्तें निर्धारित की हैं, जिनमें रास्ते के अंदर अतिक्रमण को हटाने और क्षेत्र में वर्षा जल के उचित निपटान को सुनिश्चित करना शामिल है। प्रवक्ता ने बताया कि मंत्रालय की 2015 की नीति के अनुसार बाईपास इस बात पर बल देता है कि यह बाईपास राष्ट्रीय राजमार्ग का लम्बे समय तक राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का हिस्सा नहीं होगा। इसलिए इसके निर्माण की राज्य सरकार की जिम्मेदारी बनती है। चूंकि भिवानी बाईपास पहले से ही चालू है, इसलिए बाईपास वाले हिस्से के सुधार और रखरखाव की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। उन्होंने आगे कहा कि इन सभी कारणों पर विचार करने के बाद हरियाणा सरकार ने फैसला किया है कि मौजूदा आरओबी रेलवे विभाग को इस शर्त के साथ सौंप दिया जाए कि रेलवे विभाग पुल को खत्म करने से पहले पर्याप्त यातायात की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा।

# इनेलो ने प्रदेशाध्यक्ष समेत सभी जिलों के युवा अध्यक्षों की नियुक्तियां की

**नियुक्ति**

8 युवा प्रकोष्ठ में 93 युवाओं को अलग-अलग पदों पर नियुक्त करके उन्हें अहम जिम्मेवारी दी गई

8 कर्ण चौटाला और अर्जुन चौटाला को युवा प्रकोष्ठ में विशेष आमंत्रित सदस्य किया गया नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

इनेलो की युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव कर्ण चौटाला ने इनेलो सुप्रीमो एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. ओम प्रकाश चौटाला एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श उपरांत युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रधान महासचिव, महासचिव, संगठन सचिव, प्रचार सचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष, सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य और सभी 22 जिलों के अध्यक्षों की नियुक्तियां की। युवा प्रकोष्ठ में 93 युवाओं को अलग-अलग पदों पर नियुक्त करके उन्हें अहम जिम्मेवारी दी गई है। युवा प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची जारी करते हुए कर्ण चौटाला ने कहा कि युवा प्रकोष्ठ में कर्मठ ऊर्जावान युवाओं को जगह दी गई है जिससे प्रदेश के युवाओं में पकड़ बनाने में सफलता मिलेगी। आज प्रदेश का युवा अपने भविष्य को लेकर काफी परेशान और चिंतित है और एक ऐसी पार्टी की सरकार चाहता है जो उनके भविष्य को संवार सके। ऐसे में युवाओं के रोजगार और अच्छी शिक्षा देने के प्रति इनेलो पार्टी की सोच से प्रेरित होकर प्रदेश का युवा इनेलो पार्टी पर अपना विश्वास जता रहा है और युवा प्रकोष्ठ के पुनर्गठन से उन्हें पार्टी से जोड़ने में सफलता मिलेगी। कर्ण चौटाला ने युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की सूची जारी करते हुए कहा कि उदयवीर राजौंद को प्रदेश अध्यक्ष, राजबीर बलियावास, अशोक कड़वासरा, कृष्ण पूनिया फौजी, संदीप सुल्लर वकील, बीरबल मलिक, कुनाल गहलोत, मनोज नेहरा, अनिल नेहरा, जितेंद्र देशवाल, प्रदीप छोक्कर, अमित गुलिया, मोहम्मद अबिद, और हर्ष शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नवीन भालसी को प्रधान महासचिव, आजाद मलिक, उधम आर्य, अरूण यादव, जरनैल सिंह चांदी, पोरस डागर, आशिष नेहरा, विजेंद्र सभरवाल मौजूद रहे।

# गांव के विकास से होगा विकसित भारत का सपना साकारः देवेन्द्र सिंह बबली

**समस्याएं सुनीं**

8 विकसित भारत संकल्प यात्रा ने जमालपुर शेखा और खनौरा में बताई सरकार की उपलब्धियां

8 कैबिनेट मंत्री ने नागरिकों को दिलाई हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के विकास एवं पंचायती मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने कहा है कि गांव के विकास से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। गांव के चहुँमुखी विकास के लिए नौ सूत्री कार्यक्रम पर कार्य आरंभ किया गया हैं। विकास एवं पंचायत मंत्री टोहाना के गांव जमालपुर शेखा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में नागरिकों से 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया। बबली ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले विधार्थियों, किसानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में करवाए जाने वाले विकास कार्यों में ग्राम सभा की अहम भूमिका है। बबली ने कहा केंद्र सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में हर घर नल-हर घर जल उपलब्ध करवाने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। शहरों की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सभी प्रकार की मुलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए उनके द्वारा नौ सूत्रीय कार्यक्रम बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पहले गांवों का विकास गली, नाली तथा चौपाल तक सीमित रखा गया, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा और गांवों का विकास शहरों की तर्ज पर किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की योजना सिरे चढ़ गई है। डोर-टू-डोर अभियान चलाकर कचरा कलेक्शन किया जा रहा है तथा हेल्थ वेलनेस सेंटर जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं पर पहला हक वास्तविक लाभार्थियों का है, प्रत्येक जरूरतमंद की मदद करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार ह्यअंत्योदयह्व की भावना से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के माध्यम से हर परिवार की आय कम से कम 1 लाख 80 हजार रुपये करने के लिए अंत्योदय मेले आयोजित करके स्वरोजगार के लिए लोगों को ऋण उपलब्ध करवाए जा चुके हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य ही हर एक व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडना है। यदि कोई व्यक्ति साढ़े नौ सालों में केंद्र की मोदी सरकार और नौ साल में मनोहर सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है तो उन्हें योजनाओं से जोडकर लाभान्वित किया जा रहा है। आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित किया गया। संकल्प यात्रा के दौरान एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित किया गया। जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रचार अमले के कलाकारों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विकास गीतों के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरूक किया। गांवों और शहर में यात्रा के माध्यम से आयुष्मान भारत, चिरायु, पीएम उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, स्वामित्व और स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों की सेवाओं व योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मौके पर ही प्रदान किया जा रहा है।

# आप सांसदों का संजय सिंह, मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ संसद भवन में प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
**आम आदमी पार्टी** के सांसदों ने मंगलवार को संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन भाजपा सरकार द्वारा जांच एजेंसियों का दुरूपयोग करने व राज्यसभा सांसद संजय सिंह और मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ संसद भवन में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी हरियाणा के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) एवं राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक, संजीव अरोड़ा, अशोक कुमार मित्तल और राघव चड्ढा भी मौजूद रहे। उन्होंन भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ और सांसद




संजय सिंह और मनीष सिसोदिया की रिहाई के जमकर नारेबाजी की। डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि आम आदमी पार्टी का एक एक कार्यकर्ता और पदाधिकारी अरविंद केजरीवाल का सच्चा सिपाही है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता शहीद भगत सिंह की विचारधारा को मानने वाले लोग हैं। न लाठी डंडों से डरते हैं और न ही जेल जाने से डरते हैं। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों के चुनावों से साफ हो गया कि आम आदमी पार्टी ही बीजेपी को हरा सकती है। इसलिए बीजेपी के नेता आम आदमी पार्टी को खत्म कर देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा आम आदमी पार्टी के नेताओं को झूठे आरोप लगाकर गिरफ्तार किया गया है। जबकि कोर्ट में अभी तक कोई सबूत नहीं दिखा पाई है। उन्होंने कहा कि सतेंद्र जैन ने अच्छे अस्पताल बनवाए तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया, मनीष सिसोदिया को अच्छे स्कूल बनवाने पर गिरफ्तार कर लिया और संजय सिंह मुखर होकर भाजपा सरकार की पोल पट्टी खोलते थे, इसलिए गिरफ्तार कर लिया। लेकिन अब देश की जनता समझ चुकी है, क्योंकि कोर्ट भी कई बार पूछ चुका है कि ये तो बताओ इनका जुर्म क्या है, लेकिन ईडी कोई भी सबूत पेश नहीं कर पाई। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या करने में लगी है। जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर बिना किसी कसूर के आम आदमी पार्टी के नेताओं को गिरफ्तार कर रही है।

# चुनाव सरगर्मी: कांग्रेस नेता रणदीप मलिक के कार्यालय का हुआ शुभारंभ

**एक्शन इंडिया, गोहाना (भंवर सिंह)**
**पांच** राज्यों के चुनाव के बाद हरियाणा में भी चुनाव की सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं। दीपेंद्र सिंह हुड्डा ब्रिगेड इंडिया के राष्ट्रीय सचिव रणदीप मलिक ने गोहाना से रोहतक रोड पर अपने कार्यालय का शुभारंभ किया। मलिक ने हवन-भंडारे के साथ कार्यालय का शुभारंभ। शुभारंभ के बाद जनसभा का आयोजन भी किया। उन्होंने जनसभा के माध्यम से बरोदा हलके से अपनी ताल ठोक दी है। सरपंच एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रणबीर सिंह समैन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यालय के शुभारंभ पर बाबा भलेगिरी महाराज, बाबा चमन नाथ के अलावा आधा दर्जन संतों ने अपना आशीर्वाद दिया। कार्यालय



पर हवन किया।
हवन में आहुति डालने के लिए सैंकडों की संख्या में महिलाएं भी पहुंची। रणबीर सिंह समैन ने कहा कि भाई रणदीप मलिक मेहनती है। हलके की सेवा लगातार कर रहे हैं। उन्होंने जनता से रणदीप मलिक का सहयोग करने की अपील की। रणदीप मलिक ने कहा कि मेरा उद्देश्य हलके की सेवा करना है। इसके साथ-साथ पुर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के हाथ मजबूत करना है। उन्होंने हलके की जनता से आशीर्वाद बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर दीपेंद्र सिंह हुड्डा ब्रिगेड इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह, गोहाना विधायक जगबीर सिंह मलिक के पुत्र डॉ गौरव मलिक, वरिष्ठ नेता डॉ कपूर सिंह नरवाल, आहुलाना बारहा के प्रधान मलिकराज मलिक, वरिष्ठ नेत्री राकेश देवी हुड्डा, रुखी सरपंच राजमल, पुठी सरपंच आनंद आदि मौजूद रहे।

# जनता ने पीएम नरेंद्र मोदी की नीतियों पर फिर जताया भरोसा



**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** देश के 3 राज्यों में विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत इसका साक्षात प्रमाण है कि कि मोदी सरकार के प्रति जनता का विश्वास दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी की जनहितकारी नीति का परिणाम है कि देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। यह कहना है कि झज्जर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष व नगर पार्षद डा. नीना सतपाल राठी का।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बीते 9 सालों में भाजपा की केन्द्र व हरियाणा सरकार ने देश-प्रदेश के उत्थान के लिए अंत्योदय भावना से सेवा कार्य किए हैं। डा. नीना सतपाल राठी ने भारतीय जनता पार्टी की तीन राज्यों में ऐतिहासिक जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करते हुए प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा ने 3 राज्यों में जीत दर्ज की है। इसका सारा  ेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा व पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकताओं की पूरी टीम को जाता है। उन्होंने कहा कि देश आज विकासशील बात से विकसित भारत का सपना देख रहा है उसी कड़ी में यह जीत हासिल हो पाई। भाजपा सरकार हर वर्ग के उत्थान को लेकर सत्ता के माध्यम से सेवाभाव से कार्य कर रही है। भाजपा का मजबूत संगठन है। डा. नीना सतपाल राठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साढ़े 9 सालों में देश में विकास कार्यों को रफ्तार दी है। उन्होंने कहा कि छोटे से लेकर बड़े चुनाव तक भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता जिस मजबूती से काम करते हैं इस जीत में उनका बड़ा श्रेय है। डा. नीना सतपाल राठी ने कहा कि आज देश में भले ही कई राजनीतिक दल सक्रिय है लेकिन भाजपा एक मात्र ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग व हर क्षेत्र के लोगों का हित चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

# देवेंद्र ने अपने स्तर पर बीएसटी कॉलोनी में टूटी सड़कों का कराया निर्माण कार्य शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने अपने निजी कोष से बीएसटी कॉलोनी में इस विकट स्थिति को देखते हुए सड़क का नए सिरे से निर्माण कराने का बीड़ा उठाया है। मंगलवार को कादियान के नारियल तोड़कर उद्घाटन करने के साथ ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। दरअसल, शहर से सटी बीएसटी कॉलोनी में सड़क की स्थिति काफी जर्जर बनी हुई है। यहां के लोगों को आने जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हलकी बारिश में सड़क पर जलभराव होने से गड्ढे दिखाई नहीं पड़ते, जिसके चलते हादसा होने का खतरा बना रहता है।
कॉलोनी में एक निजी स्कूल के



अलावा एसीपी व तहसीलदार के क्वार्टर होने के साथ ही करीब 400 परिवार रहते है। इस कॉलोनी में पिछले करीब 16-17 सालों से सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। पहले कभी डी प्लान से सड़क की मरम्मत हुई थी, बाद में किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।
देवा सोसायटी के संस्थापक देवेंद्र कादियान ने बताया कि गुमड़ रोड से बीएसटी कॉलोनी में जाने वाली मेन सड़क कई सालों से टूटी होने के चलते स्थानीय लोगों व राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सड़क पर गहरे गड्ढे होने पर कई बच्चे चोटिल तक हो चुके है। क्योंकि कॉलोनी में एक निजी स्कूल है, जिसमें काफी संख्या में बच्चे पढ़ते है और इसी रास्ते से आते जाते है। यहां पर 350-400 के आसपास परिवार रहते है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों कॉलोनी में पानी की समस्या को देखते हुए एक नई मोटर भेंट की गई थी, लोगों ने सड़क निर्माण की मांग उठाई थी, जिसके के बाद देवा सोसायटी ने सड़क निर्माण कर रास्ता सुगम बनाने का प्रयास किया है। इस सड़क पर लाखों रुपए खर्च कर नए सिरे से बनाया जा रहा है। जो दो दिन के अंदर बनकर तैयार हो जाएगी। सड़क बनती देख लोगों के चेहरे पर खुशी की झलक दिखी है, राहगीरों ने रूककर आभार जताया है। कादियान ने कहा कि उनका ध्येय हलके की जनता के हित में कार्य करना है। जो वादा किया है उसे पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस अवसर पर पार्षद अजय सरोहा, पार्षद वरुण जैन, पूर्व अध्यक्ष ईश्वर कश्यप, सुभाष रोहिल्ला, मेहर सिंह, जितेंद्र, सत्यवान, हितेंद्र कादियान, विकास सहरावत, राजू आदि मौजूद रहे।

**हादसा होने का रहता डर: शिक्षक**
शिक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि बीएसटी कॉलोनी की मुख्य सड़क पिछले कई सालों से टूटी होने के चलते लोगों व राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जनप्रतिनिधि से गुहार लगाने के बाद सड़क निर्माण तो दूर गड्ढे तक नहीं भरवाए। लेकिन समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने एक बार के कहने पर उनके कॉलोनी में स्वच्छ पेयजल के लिए नई मोटर देने के साथ ही अब सड़क का निर्माण करवा रहे है, जोकि अपने आप में सराहनीय कार्य है।

# रिक्शा की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक घायल

**गन्नौर।** लड़सौली रोड पर ई रिक्शा की टक्कर से एक मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए दिल्ली के ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। घायल की चाचा ने गन्नौर में ई रिक्शा चालक के खिलाफ शिकायत दी है। शिकायत में लल्हेड़ी खुर्द के चांद सिंह ने बताया कि 2 दिसंबर को उसका भतीजा चिराग मोटरसाइकिल पर मुरथल कंपनी में जा रहा था। जब वह लड़सौली रोड पर पहुंचा तो एक ई रिक्शा ने उसके भतीजे की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस हादसे में उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए दिल्ली के ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है।

# गरीब कल्याण ही राजनीतिज्ञ का ध्येय होना चाहिए: कविता जैन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
**पूर्व कैबिनेट** मंत्री एवं भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष कविता जैन ने कहा है कि गरीब कल्याण ही राजनीतिज्ञ का ध्येय होना चाहिए, पार्टी का सच्चा सिपाही वही है जो सरकार की योजनाओं को जानकर उनका लाभ शोषित, पीड़ित एवं वंचितों तक पंहुचाने में सहायक की भूमिका निभाए।

कविता जैन पार्टी के जिला कार्यालय में ब्लॉक समिति सदस्यों के प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन करने के बाद केंद्र एवं राज्य सरकार की गरीब कल्याण  योजनाओं पर चर्चा कर रही थी। उन्होंने कहा कि



आयुष्मान योजना, घर घर शौचालय, मकान निर्माण एवं बेघरों को घर के लिए आर्थिक सहायता, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, वंचितों के बी0पी0एल0  कार्ड, सरकारी नौकरियों में गरीबों को अवसर प्रदान करना, असंगठित मजदूरों के कल्याण के लिए योजना बनाकर गरीब तक उनका हक पंहुचाने को काम भाजपा सरकार ने किया है। प्रशिक्षण प्रमुख डॉ ओम प्रकाश अत्रे ने कहा कि कार्यकताओं के लिए पार्टी की रीति-नीति को जानना जरुरी है और भाजपा राष्ट्र प्रथम, समाज द्वितीय एवं व्यक्तिगत स्वार्थ तृतीय के मूल मन्त्र के साथ कार्यकर्ता निर्माण करती है, उन्होंने बताया की भाजपा अब तक सांसद से लेकर पार्षदों के प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर  चुकी है और प्रशिक्षण अभियान एक-एक कार्यकर्ता को प्रशिक्षित करने तक जारी रहेगा।

# भाजपा की नीतियों पर जनता को पूरा भरोसा: परीक्षित वर्मा



**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष व पूर्व वाइस चेयरमैन धर्मवीर वर्मा के पुत्र परीक्षित वर्मा ने सांसद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी, रोहतक से सांसद डा. अरविंद शर्मा, पूर्व विधायक नरेश कौशिक, जिलाध्यक्ष विक्रम कादयान समेत पार्टी के कई नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान पार्टी नेताओं ने परीक्षित वर्मा से बात करते अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड? व केन्द्र व हरियाणा सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कहा। इससे पहले उनका सैक्टर-6 स्थित आवास पर पहुंचने पर जोरदार अभिनंदन भी किया गया

परीक्षित वर्मा ने कहा कि 3 राज्यों में भाजपा की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि यह देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व व विकासात्मक सोच का जलवा है। उनकी नीतियों पर जनता ने विश्वास करते हुए भाजपा को पूर्ण बहुमत से जीत दिलाने का कार्य किया। परीक्षित वर्मा ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव व हरियाणा सहित अन्य जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हें वहां भी भाजपा की जीत का परचम लहराएगा। भाजपा सरकार हर वर्ग की भलाई के लिए कार्य कर रही है। महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेकों योजनाएं चलाकर समाज में उनकी हिस्सेदारी को मजबूत किया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को दुनिया में सिरमौर बनाने की दिशा में हर उचित कदम उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सकारात्मक व विकासात्मक सोच का ही परिणाम है कि आज भारत का नाम विश्व पटल पर छाया हुआ। उन्होंने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी प्रदेश का चहुंमुखी विकास करवा रहे हैं।

# अधिवक्ता संशोधन विधेयक अधिवक्ताओ को तोहफा

**सोनीपत,अधिवक्ता एवं** पूर्व चैयरमैन अनिल झरोठी ने कहा कि आज लोकसभा में अधिवक्ता संशोधन विधेयक पास करने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी  ने अधिवक्ता दिवस पर अधिवक्ताओ को तोहफा दिया है,अधिवक्ता एवं पूर्व चैयरमैन अनिल झरोठी ने कहा की 3 दिसम्बर को अधिवक्ता दिवस था ओर 4 दिसंबर को लोकसभा मे अधिवक्ता संशोधन बिल लोकसभा में पास कर दिया है ,जबकि राज्यसभा में यह बिल मानसून सत्र मे अगस्त मे पास हो गया था अब राष्ट्रपति कि मंजूरी मिलते ही यह कानून का रुप ले लेगा,अधिवक्ता एवं पूर्व चैयरमैन श्रीअनिल झरोठी  ने कहा कि अधिवकता संशोधन बिल लागू होने से अधिवक्ताओ के कलयाण व उनको सुरक्षा देने और न्याय में होने वाली रूकावट को रोकने मे बहुत ही सहायक होगा।

# युवाओं के निर्माण से होगा उन्नत राष्ट्र का निर्माण: सेठ राधाकृष्ण आर्य

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)युवाओं** के निर्माण से ही उन्नत राष्ट्र का निर्माण संभव है ऐसे में जरूरी है कि हमारे देश के युवा शारीरिक, मानसिक और चारित्रिक रूप से मजबूत हो और युवाओं को उन्नत बनाने का ये कार्य आर्य समाज तथा आर्य वीर दल द्वारा किया जा रहा है। उक्त शब्द आज घराड़सी के विद्याव्रत सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में चल रहे योग एवं जीवन निर्माण शिविर के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पधारे आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य ने कहे। उन्होंने कहा कि आज युवाओं में सबसे बड़ी विकृति नशे के कारण आ रही है जिससे बचाव का एकमात्र साधन आर्यसमाज है क्योंकि जो युवा आर्य



समाज और आर्यवीर दल से एक बार जुड़ गया वह न केवल स्वयं के जीवन का निर्माण करता है बल्कि दूसरे युवाओं को भी नशा सहित दूसरे दुर्व्यसनों से बचाने का काम करता है। विद्यालय में पहुंचने पर डायरेक्टर बलजिन्द्र सिंह, सत्यवान, राकेश व प्रिंसीपल सुषमा शर्मा ने राधाकृष्ण आर्य सहित गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्रधान राजकुमार गर्ग का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर वेद प्रचार प्रमुख विशाल आर्य, भजनोपदेशक महाशय जयपाल आर्य, जगदीश आर्य, व्यायाम शिक्षक आर्यमित्र एवं संजय आर्य सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।इससे पूर्व व्यायाम शिक्षक आर्यमित्र एवं संजय आर्य के नेतृत्व में विद्यालय के बच्चों ने सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार, डम्बल, लेजियम, स्तूप निर्माण आदि का भव्य प्रदर्शन किया जिस पर दर्शकों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अन्त में विद्यालय प्रबंधकों द्वारा सेठ राधाकृष्ण आर्य, राजकुमार गर्ग, महाशय जयपाल आर्य, विशाल आर्य सहित सभी अतिथियों को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# हरियाणा योग आयोग गीता महोत्सव पर लगाएगा ध्यान योग शिविर

**टीम एक्शन इण्डिया / कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक) हरियाणा** के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं कर्मठ आयुष मंत्री अनिल विज के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव, 2023 के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग 17 से 24 दिसंबर तक ब्रह्म सरोवर के उत्तरी तट स्थित मेडिटेशन हॉल में आठ दिवसीय योग व ध्यान साधना शिविर का आयोजन सभी योग संस्थाओं के सहयोग से करेगा । कश्यप राजपूत धर्मशाला में आयोग के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ  हरिश चंद्र की अध्यक्षता में हुई सभी स्थानीय योग संस्थाओं की बैठक में यह निर्णय लिया गया । बैठक का संचालन हरियाणा योग आयोग



के वरिष्ठ सदस्य व शिविर के संयोजक डॉ मनीष कुकरेजा ने किया । बैठक में सहमति बनी कि प्रतिदिन प्रातः 6:00 से 7:30 बजे तक मेडिटेशन हॉल में विभिन्न संस्थाएं योग व ध्यान शिविर का अभ्यास करवायेंगी । 17 दिसंबर को हार्टफुलनेस, 18 को आयुष विभाग व श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, 19 को योग भारती व आरोग्य भारती, 20 को दिव्य योग मंदिर व 21 को आर्ट ऑफ लिविंग, 22 को भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत), 23 को पतंजलि योग समिति व महिला पतंजलि योग समिति तथा 24 दिसंबर को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा हरियाणा योग आयोग के बैनर तले योग व ध्यान साधना के कार्यक्रम करवाए जाएंगे । 17 दिसंबर को सायं 3:00 से 5:00 बजे तक मेडिटेशन हॉल में ही मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा ध्यान प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । साथ ही 17 से 24 दिसंबर तक मेडिटेशन हॉल के पीछे ब्रह्म सरोवर पर स्थित गांधारी घाट के ऊपर आयोग द्वारा एक विशाल प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा जो कि दर्शनीय होगी ।भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता एवं आयोग के अधिकृत प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि बैठक में पतंजलि योग समिति की ओर से कुलवंत सिंह व पालाराम, महिला पतंजलि योग समिति की ओर से डॉ निरुपमा भट्टी व पायल, भारतीय योग संस्थान की ओर से मान सिंह, योग भारती से योगाचार्य जगतार सिंह, मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से सुमन चौधरी, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट की ओर से राम सैनी, हार्टफुलनेस से थान सिंह सैनी, आर्ट ऑफ लिविंग से अक्षय मित्तल व रितु धींगड़ा, हरियाणा योग आयोग की ओर से पूर्व रजिस्ट्रार डॉ हरिश्चंद्र, आयोग के सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा, आयोग के अध्यक्ष के निजी सचिव रमेश, आयोग के करवट कार्यकर्ता नीरज सहित कई प्रतिनिधियों ने भाग लिया ।

# शहीद की पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। गांव** सुरजनवास में वेद प्रचार मंडल के प्रधान डॉक्टर प्रेमराज आर्य की अध्यक्षता में शहीद कमल सिंह की पुण्य स्मृति में सभी ग्राम वासियों ने मिलजुल कर वैदिक यज्ञ का आयोजन किया। जिसमें यजमान शहीद कमल सिंह के सबसे छोटे बेटे राजवीर सहधर्मिणी सावित्री देवी मुख्य यजमान रहे तथा यज्ञ पुरोहित भूपेंद्र सिंह आर्य व बाबु रंगराव पालड़ी रहे ।डाक्टर प्रेम राज आर्य ने शहीद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशा होगा। शहीद कमल सिंह का जन्म 11 दिसंबर 1945



को ग्राम सुरजनवास जिला महेंद्रगढ़ में हुआ 11 दिसंबर 1963 को सात कमाऊ रेजीमेंट में भर्ती हुए।5 दिसंबर 1971 को भारत- पाक युद्ध में अद्भुत साहस का परिचय देते हुए शहीद हो गए ।इस बलिदान के लिए सेना के इतिहास में नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया। शहीद की स्मृति में उनकी वीरांगना  शरबती देवी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। यज्ञ के उपरांत गांव के वरिष्ठ नागरिकों को शहीद कमल सिंह की पत्नी शरबती देवी द्वारा सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शहीद राव तुलाराम स्कूल तथा बीआर स्कूल तथा गवर्नमेंट मिडिल स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को शहीद के परिजनों द्वारा सम्मानित किया गया ।

## न्यूज फ्लैश

### भगौड़ा घोषित अपराधी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पीओ स्टॉफ** की टीम ने विभिन्न मामलो में पीओ अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अपराधी को आज थाना सिविल लाइन के हवाले किया गया। थाना सिविल लाइन द्वारा आरोपी को न्यायालय में पेश करके आगे की कार्यवाही की जाएगी। जिला पुलिस के सभी थानों और पीओ स्टाफ की टीम द्वारा प्रतिदिन पीओ-बेल जंपर अपराधियों को पकड़ा जा रहा है। 4 दिसंबर को पीओ स्टाफ की टीम ने अदालत के आदेशों की बार-बार उल्लंघना करने वाले पीओ आरोपी रामदास पुत्र अनूप सिंह वासी सनौली पानीपत को गिरफ्तार किया। आरोपी रामदास को थाना बुटाना में सन 2014 में आईपीसी धारा 420, 467, 468, 120बी के तहत दर्ज एक मामले में कोर्ट के आदेशों की उल्लंघना करने पर पीओ घोषित किया गया था। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन में आईपीसी की धारा 174ए के तहत तीन मुकदमे दर्ज किए गए थे।

### लाल डोरा प्रोपर्टी धारकों के लिए विशेष अभियान 31 दिसंबर तक : अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने कहा कि स्वामित्व योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, यह सिर्फ कानूनी दस्तावेज देने की योजनाभर नहीं है, बल्कि यह आधुनिक तकनीकी से जिला के गांवों में विकास और विश्वास का नया मंत्र भी है।
उन्होंने योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा जिला करनाल सहित प्रदेशभर में लाल डोरा प्रोप्रटी धारकों के लिए 31 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अवधि में भू मालिक पोर्टल पर संपति का डाटा स्वयं सत्यापित करने व त्रुटि के निवारण के लिए आवेदन करें।

### 9 दिसंबर को करनाल में होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन : सीजीएम

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि आगामी 9 दिसंबर को प्रातः 10 बजे करनाल के जिला कोर्ट कॉम्पलेक्स में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इस लोक अदालत की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर करेंगे।
**समय और पैसे दोनों की बचत:** सीजेएम ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों की न्याय दिलाने में मदद करना है। इससे समय व पैसे दोनों की बचत होती हैं। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। किसी भी आमजन का यदि कोई मामला लंबित है तो इस लोक अदालत में मामले की सुनवाई के लिए ला सकता है और निपटारा करवा सकता है। इस दौरान दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजनामे से सौहार्दपूर्ण माहौल में पक्षकारों की रजामंदी से मामले को निपटाया जाता है।

### अंतर विद्यालय लोक नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**ओपीएस विद्या** मंदिर में सहोदया स्कूल परिसर की ओर से अंतर विद्यालय समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. लता सबीखि (सेवानिवृत्त) प्रमुख वैज्ञानिक एवं मुख्य अधिकारी डेयरी टेक्नोलॉजी (राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान) एवं डॉ. योगिता शर्मा (पीजीटी संगीत) ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी सरस्वती जी के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। उसके उपरांत स्वागत गीत से कार्यक्रम में आए हुए सभी सम्मानित व्यक्तियों का स्वागत किया गया। इस अंतर विद्यालय प्रतियोगिता में 12 स्कूलों के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। प्रतिभागियों ने हरियाणा की संस्कृति के साथ-साथ राजस्थान व अन्य राज्यों की संस्कृति को अपने नृत्य के माध्यम से प्रदर्शित किया। पारंपरिक परिधान में सभी प्रतिभागी नृत्य प्रस्तुत करते हुए आंचलिक छटा को प्रदर्शित कर रहे थे।
इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ओपीएस विद्या मंदिर सेक्टर-13, द्वितीय स्थान दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर-7 एवं तृतीय स्थान पार्थ पब्लिक स्कूल ने प्राप्त किया।चेयर पर्सन सुषमा बंसल ने विजयी टीम को बधाई दी।

# हर विद्यार्थी को सबसे पहले सुनने की कला सीखनी चाहिए : प्रीतपाल सिंह

## अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवी दिवस पर हुआ देश की बात कार्यक्रम का आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**आए हैं** हम दूर-दूर से सबको यह समझाने भेदभाव को मिटा प्यार का, मन में दीप जगाने, देशभक्ति के इस गीत के साथ माउंट लिटरा जी स्कूल के विद्यार्थियों ने आज अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवी दिवस के अवसर पर देश की बात कार्यक्रम का आगाज किया।
सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टीविस्टस (निफा) द्वारा सहोदय स्कूल काम्प्लेक्स, जेनेसिस क्लासेज व कानन इंटरनेशनल के सहयोग से विगत 26 नवम्बर से शुरू हुए देश की बात कार्यक्रम के तहत आज का मोटिवेशनल सेशन माउंट लिटरा जी स्कूल में रखा गया। मुख्य वक्ता व निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि आज के दिन को संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्वयंसेवा के वैश्विक दिवस का दर्जा दिया गया है और यह दिन स्वैच्छिक सामाजिक सेवा करने वाले संगठनों व समाज सेवियों के उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए आभार व्यक्त करने का दिन है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया की हर बड़ी यूनिवर्सिटी अपने विद्यार्थियों की दाखिला प्रक्रिया व स्कालरशिप देते समय सामुदायिक सेवा करने वाले विद्यार्थियों को विशेष अहमियत देती है व अक्सर समाजसेवी संवेदनशील व्यक्ति को नौकरी के साक्षात्कार में भी तरजीह दी जाती है। उन्होंने हर विद्यार्थी को सामुदायिक सेवा को सफलता के एक मंत्र के रूप में अपने व्यक्तित्व का हिस्सा बनाने की सलाह दी। 26 नवम्बर से लेकर 26 जनवरी तक लगातार चलने वाले देश की बात कार्यक्रम में निफा के संस्थापक अध्यक्ष द्वारा विद्यार्थियों को एक सफल व जिम्मेदार नागरिक बनने के लिये आवश्यक गुण सिखाये जा रहे हैं। पन्नु ने कहा कि हर विद्यार्थी को सबसे पहले सुनने की कला सीखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें हर समय अपने आसपास अनेक आवाजें सुनाई देती हैं, लेकिन हमें याद वो ही रहती हैं, जिन्हें हम ध्यानपूर्वक सुनते हैं। जो भी विद्यार्थी अपने अध्यापकों की शिक्षा, दादा दादी, नाना नानी, माँ बाप की सलाह, और समाज के प्रबुद्ध लोगों की बातों को ध्यान से सुनकर उसमें से अच्छी बातों को जीवन में लागू करते हैं, वह ही सफलता के शिखर तक पहुँचते हैं।

## लगातार घटती जा रही है मिट्टी की उपजाऊ क्षमता : सोहन सिंह

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हर साल** 5 दिसम्बर को विश्व मृदा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है लोगों के मिट्टी के महत्व के बारे में जागरुक करना। कृषि तथा किसान कल्याण विभाग द्वारा उप कृषि निदेशक वजीर सिंह की अध्यक्षता में विश्व मृदा दिवस 2023 का आयोजन किया गया। सोहन सिंह राणा, प्रगतिशील किसान जिला परिषद करनाल के प्रतिनिधि के तौर पर मुख्य अतिथि मौजूद रहे।
उप कृषि निदेशक वजीर सिंह ने बताया कि विश्व मृदा दिवस बढ़ती जनसंख्या की खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने तथा लोगों को मुदा स्वास्थय के बारे में जागरुक करले तमा संसाधन के रूप में मिट्टी के स्थायी प्रधन की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।
सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी सुरेन्द्र टामक ने बताया कि इस वर्ष विश्व मृदा दिवस 2023 का विषय मिट्टी और पानी, जीवन का स्त्रोत है। हमारा 95 प्रतिशत से अधिक भोजन इन दो संसाधनों से उत्पन्न होता है।
सोहन सिंह राणा ने बताया कि आज खेतों मे किसानों द्वारा अत्याधिक रासायनिक खाद और कीटनाशक दवाईयों का इस्तमाल किया जाता है, जिसके फलस्वरूप मिट्टी के जैविक गुणों में कमी आ रही है और मिट्टी की उपजाऊ क्षमता घटती जा रही है। जो खाद्य सुरक्षा पेड-पौधों के विकास कीड़ों और जीवों के जीवन और आवास व मानव जाति के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकता है। ऐसे में मिट्टी का संरक्षण काफी आवश्यक हो गया है।

## करनाल : मोटापे का मुख्य कारण आपकी जीवन शैली : दिनेश गुलाटी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**प्रसिद्ध योग** शिक्षक दिनेश गुलाटी ने मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अन्तर्गत योग कक्षा श्री कृष्ण कृपा धाम सेक्टर 9 में योग एवं प्राणायाम की शिक्षा दी। दिनेश गुलाटी ने योग साधकों को सबसे पहले वजन को कम करने के लिए आसन और व्यायाम करवाए। कक्षा में शिक्षिका शिवानी कंबोज और कुसुम राणा ने साधकों को कई तरह के सूक्ष्म क्रियाएं और सर्वाइकल दूर करने के अभ्यास करवाए।
उन्होंने कहा कि मोटापे का मुख्य कारण जीवन शैली से संबंधित है। दूसरा कारण है शारीरिक गतिविधियों में कमी का होना और योग को वजन घटाने के लिए सबसे कारगर और सफल तरीका माना गया है। उन्होंने बताया कि वजन कम करने की प्रक्रिया के दौरान निष्ठा, प्रतिबद्धता और अनुशासित जीवन शैली भी मिलती है।
दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग द्वारा वजन काम करने की प्रक्रिया धीमी जरूर है, परंतु इससे स्थाई समाधान मिलता है।

### मारपीट कर छीना झपटी करने वाला तीसरा आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना** सेक्टर 32-33 की टीम द्वारा छीना झपटी करने वाले आरोपी विक्रम उर्फ राजू पुत्र मदनपाल वासी पृथ्वी विहार करनाल को जिला कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया। मामले में पहले ही दो आरोपी अनिल और अशोक को गिरफ्तार कर छीने गए एक मोबाइल फोन व पैसे बरामद किए जा चुके हैं। दोनों आरोपी अनिल और अशोक को जेल भेजा जा चुका है। इस संबंध में शिकायतकर्ता आविद वासी बडोली उत्तर प्रदेश से ग्रीन बेल्ट करनाल से 12 जून 2022 में अज्ञात आरोपियों द्वारा मारपीट कर एक मोबाइल और पैसे छीन लिए गए थे। इस संबंध में थाना सेक्टर 32-33 में 12 जून 2022 को आईपीसी की धारा-379बी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

## खेलकूद में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों में मेलजोल की भावना का होता है विकास



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**गांव नलवीपार** स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में राज्य स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लेकर आए खिलाडि ?ें का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सभी 14 खिलाडि ?ें को कृषि निरीक्षक कृष्ण चंद शर्मा ने ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य शिक्षक सुभाष लांबा ने की। मुख्य अतिथि कृष्ण चंद शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों का शारीरिक व बौद्धिक विकास तेज होता है। उनमें और अन्य विद्यार्थियों में साफ फर्क महसूस किया जा सकता है।
इन कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में मेलजोल व सहयोग की भावना पैदा होती है।
ग्राम सरपंच पूर्णचंद ने बच्चों को बधाई देते हुए भविष्य में और अधिक मेहनत करने का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्याध्यापक रवि गौतम, हरिचंद, दर्शन कुमार, इशा शर्मा, सीमा ठाकुर, वीना, भावना, लक्ष्मी, ऋषिराज, कृषि अधिकारी कमल, पंकज, बलवान, प्रमोद, सोमवीर, बच्चे सलोनी, प्रिया, समता, समृद्धि, विनय, सोनाक्षी, गीतांजलि उपस्थित रहे।

# मनुष्य का सारा जीवन मिट्टी पर निर्भर : डॉ. विजय अरोड़ा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**महाराणा** प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशालय द्वारा कुलपति सुधीर राजपाल के निर्देशन में अनुसंधान निदेशक प्रो. रमेश गोयल की देखरेख में गांव अंजनथली में विश्व मृदा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में गांव व आसपास के प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। डीएसडब्ल्यू प्रो. रंजन गुप्ता ने विश्व मृदा दिवस क्यों शुरू हुआ और आम जीवन में मृदा की क्या जरुरत है? इस बारे में विस्तार से जानकारी दी।
मृदा वैज्ञानिक डॉ. विजय अरोड़ा ने बताया कि मनुष्य का सारा जीवन मिट्टी पर निर्भर है। संपूर्ण पशु जगत का भोजन प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मृदा से प्राप्त होता है। जिस तरह पानी के बिना जीवन की कल्पना मुमकिन नहीं, ठीक उसी तरह मिट्टी का भी महत्व है। भारत का तो आधी आबादी ही कृषि पर निर्भर है। लेकिन खेतों में किसानों द्वारा बहुत ज्यादा केमिकल्स वाले खाद और कीटनाशक दवाइयों का इस्तेमाल से मिट्टी की गुणवत्ता में कमी आ रही है। जो खाद्य सुरक्षा, पेड-पौधों के विकास, कीड़ों और जीवों के जीवन और आवास व मानव जाति के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकता है। ऐसे में मिट्टी का संरक्षण बहुत जरूरी हो गया है।
उन्होंने बताया कि इस वर्ष मृदा दिवस का विषय मिट्टी और पानी जीवन का एक स्त्रोत है। बढ़ती हुई आबादी, औद्योगिकरण, सघन तथा अविज्ञानी कृषि से मृदा स्वास्थ्य में बहुत गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए भूमि में रासायनिक उर्वरक के अलावा गोबर की खाद, हरी खाद, कंपोस्ट, वर्मी कंपोस्ट, बॉयो फर्टिलाइजर, बॉयो गैस स्लरी व पोल्ट्री मनोर आदि का प्रयोग करें। इससे भूमि में जैविक की वृद्धि होगी और भूमि में रासायनिक, भौतिक व जैविक शक्ति का निर्माण होगा।
डॉ. पंकज बोदला ने फसलों में बीमारी को रोकने के लिए जैविक नियंत्रण पर जोर दिया, जिससे फफूंदनाशकों पर निर्भरता कम हो सकें। डॉ. गौरव सिंह ने फसलों में एकीकृत कीट प्रबंधन से होने से फसलों को हानिकारण कीटों से बचाव के बारे में बताया।

### डोडा पोस्त सप्लाई मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**स्पेशल स्टॉफ** असंध की टीम द्वारा 7 जुलाई को आरोपी गुरमंगत सिंह उर्फ राजू पुत्र सिंगारा सिंह वासी खेड़ी सरर्फली को विश्वसनीय सूचना पर खेड़ी सरफली से गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के कब्जे से पांच किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद की गई है। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।
आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया था कि वह यह डोडा पोस्त अपने साथी स्वर्ण सिंह वासी नीलोखेड़ी और गुरविंदर सिंह वासी मंढवाल कैथल के साथ मिलकर मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले से लेकर आया था, जिसको यह छोटी छोटी मात्रा में ऊंची कीमत पर चलते फिरते नशा करने वालो को बेचकर पैसा कमाते हैं। आरोपी गुरमंगत को 8 जुलाई को न्यायालय में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। आरोपी स्वर्ण सिंह वासी नीलोखेड़ी को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया गया था।

## डोडा पोस्त सप्लाई करने वाला काबू, भेजा जेल


**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीआईए वन** के नेतृत्व में टीम को बड़ी कामयाबी मिली है। 17 अक्टूबर को टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी हरविंदर सिंह उर्फ राजू पुत्र सुखवंत सिंह वासी खेड़ी सर्फअली को उसके घर से गिरफ्तार किया गया था। कब्जे से 45 किलो 135 ग्राम डोडा पोस्त बरामद की गई थी। इस संबंध में थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी के पास यह डोडा पोस्त कुलदीप सिंह वासी असंध देकर जाता है, जिसको वह राजस्थान से लेकर आता है और यहां लाकर चलते फिरते नशा करने वालों को बेचकर पैसा कमाते हैं। हरविंदर को 18 अक्टूबर को न्यायालय में पेश करके तीन दिन का रिमांड हासिल कर जेल भेज दिया गया था।

## 'सरकार ने हर वर्ग को लाभ देने के लिए तैयार की योजनाएं'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**घरौंडा** के विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि हमारा संकल्प विकसित यात्रा के तहत पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। यात्रा के तहत सरकारी अधिकारी व कर्मचारी द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों की समस्या का हल करने का प्रयास किया जाता है। अगर किसी कारण से कोई काम नहीं हो सकता, उसकी जानकारी भी लोगों को दी जाती है।
उन्होंने कहा कि अगर देश व प्रदेश में विकास हुआ है तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हुआ है। उन्होंने कहा कि इसका अंदाजा घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों से ही लगा सकते हैं।
मंगलवार को प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा का गांव गुढ़ा व रसीन में आगाज हुआ। गांव में पहुंचे विधायक हरविंद्र कल्याण व यात्रा का ग्रामीणों ने अभिनन्दन किया और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विधायक ने योजनाओं के बारे ने बारीकी से वर्णन किया। केंद्र व प्रदेश सरकार के नौ साल के कार्यकाल में सरकार ने हर वर्ग को लाभ देने के लिए योजनाएं तैयार की। वर्ष 2047 में देश को विकसित करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को विधायक हरविंद्र कल्याण ने सम्मानित किया। वहीं प्रसाशन की ओर से स्टॉल भी लगाई गई, जहाँ पर लोगों की समस्याओं के समाधान का प्रयास किया गया। विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के नौ साल के कार्यकाल में सरकार ने हर वर्ग को लाभ देने के लिए योजनाएं तैयार की है और लोगों को उसका लाभ भी मिल रहा है।

# करनाल: नगला रोड़ान पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**छठे दिन** आज विकसित भारत संकल्प यात्रा जिला के गांव गांगर और नगला रोड़ान पहुंची। दोनों जगह यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। गांगर में मुख्य अतिथि हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी ने सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिये उठाये गये कदमों की जानकारी दी। वहीं नगला रोड़ान में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य अमरनाथ सौदा ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य न केवल सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाना, लोगों से फीडबैक लेना है बल्कि मौके पर ही जन समस्याओं का समाधान करना भी है। आज उज्वला योजना के तहत गांगर में छह और नगला रोड़ान में तीन महिलाओं को मुफ्त गैस कनैक्शन उपलब्ध कराये गये।
गांगर में सरपंच नेहा ने निर्मला बैरागी और नगला रोड़ान में जसविंद्र ने अमरनाथ सौदा का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद मुख्य अतिथियों ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाये गये स्टाल्स का अवलोकन किया और लोगों से बातचीत की। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा में हुये विकास कार्यों से संबंधित लघु फिल्म दिखाई गई। गांगर में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुमेरचंद कंबोज और नगला रोड़ान में मुख्य अतिथि ने संकल्प शपथ दिलाई। चेयरपर्सन निर्मला बैरागी ने कहा कि सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिये अनेक कदम उठाये हैं। सरकार का संकल्प है कि पंक्ति में सबसे पीछे खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे।
उन्होंने कार्यकताओं से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि कोई पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। सरकार ने पंचायतों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया है। उज्वला योजना के तहत लाखों महिलाओं को गैस कनेकशन उपलब्ध कराये गये हैं। घर-घर शौचालयों का निर्माण कराया गया है। महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये राज्य में 32 कालेज खोले गये हैं।
सरकार व जनता के सहयोग से राज्य में लिंगानुपात बढकर 932 हो गया है जो 2014 में 837 था।
नगला रोड़ान में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य अमरनाथ सौदा ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि लोगों को गांव में ही मूल सुविधायें उपलब्ध कराई जायें। सरकार ने हर वर्ग के लिये योजनायें शुरू की हैं। यात्रा 25 जनवरी तक जारी रहेगी। यात्रा के माध्यम से लोगों की समस्याओं का भी मौके पर समाधान किया जा रहा है।

## सैनिक स्कूल कुंजपुरा में कक्षा छठी व 9वीं के दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सैनिक स्कूल** कुंजपुरा द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए कक्षा छठी व नौवीं में दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। पात्र अभ्यर्थी वेबसाइट एक्जाम.एनटीए.एसी.इन/एआईएस एसईई पर आगामी 16 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इन कक्षाओं में दाखिले हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (एआईएसएसईई) 2024 का आयोजन 21 जनवरी 2024 को होगा। परीक्षा ओएमआर शीट पर बहुविकल्पीय प्रश्नावली के रूप में होगी।
सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि कक्षा छठी में प्रवेश हेतु छात्रों की जन्मतिथि पहली अप्रैल, 2012 तथा 31 मार्च 2014 (दोनों तिथियां मान्य) के बीच होनी चाहिए।
कक्षा नौवीं में प्रवेश हेतु छात्रों की जन्मतिथि पहली अप्रैल, 2009 तथा 31 मार्च, 2011 (दोनों तिथियां मान्य) के बीच होनी चाहिए। कक्षा छठी के लिए 100 सीट (लडके 90 व लड़कियां 10) तथा कक्षा नौवीं के लिए 21 (लडके) अनुमानित रिक्त स्थान हैं, जो कि कभी भी घटाए या बढ़ाए जा सकते हैं।
उन्होंने बताया कि 67 प्रतिशत सीटें हरियाणा के बच्चों के लिए तथा 33 प्रतिशत सीटें अन्य राज्यों के लिए आरक्षित हैं। छठी कक्षा में प्रवेश के लिए गणित, सामान्य ज्ञान (विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन), भाषा और बुद्धि परीक्षण (इंटेलिजेंस) विषयों से संबंधित 125 प्रश्न पूछे जाएंगे। यह परीक्षा कुल 300 अंकों की होगी और इसकी समयावधि 150 मिनट होगी। इसी तरह नौवीं कक्षा में प्रवेश के लिए गणित, अंग्रेजी, बुद्धि परीक्षण, सामान्य विज्ञान और सामाजिक अध्ययन विषयों से संबंधित 150 प्रश्न पूछे जाएंगे।

## संपादकीय

# विधानसभा चुनाव में फ्लॉप हुआ जातीय जनगणना का मुद्दा

**राहुल** गांधी ने विधानसभा चुनावों में जातिगत जनगणना का मुद्दा जोर शोर से उठाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ निजी हमले जारी रखे। कांग्रेस और विपक्ष को सबसे ज्यादा उम्मीद जातीय जनगणन के मुद्दे से थी। असल में बिहार में नीतीश सरकार द्वारा जातीय जनगणन कराने और फिर उसके आंकड़े सार्वजनिक करने के बाद से विपक्ष उत्साह में था। विपक्ष को लग रहा था कि उसके हाथ जाति जनगणना का मुद्दा ब्रहास्त्र की तरह है। और वो इस अस्त्र से मोदी सरकार को सत्ता से बाहर कर देगा। लेकिन जातीय जनगणना मुद्दा हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और कल्याणकारी योजनाओं के नीचे दबकर दम तोड़ गया। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से निजी तौर पर टारगेट किया, और पनौती से लेकर जेबकतरा तक बता डाला। चुनाव नतीजे बता रहे हैं कि लोगों ने ऐसी बातों पर बिलकुल भी ध्यान नहीं दिया है। चुनाव नतीजों के बाद अब ये साफ हो चुका है कि 2024 में तो ये सब बिलकुल नहीं चलेगा। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव से पूर्व जब संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल आया था, तभी राहुल गांधी ने ओबीसी आरक्षण का मुद्दा उठाया, केंद्र सरकार में तैनात ओबीसी सचिवों की संख्या पर सवाल खड़े किये- और पूरे चुनाव के दौरान जातिगत जनगणना की मांग करते रहे। इसमें षक की कोई गुंजाइष ही नहीं है कि जातीय गणना का मुद्दा, राज्यों के चुनाव में, फ्लॉप रहा। हालांकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का अनुसरण करते हुए जातीय गणना का मुद्दा खूब उछाला गया। यहां तक वायदा किया गया कि 2024 में केंद्र में विपक्ष की सरकार बनी, तो राष्ट्रीय स्तर पर जातीय गणना कराई जाएगी। इस पर आरक्षित जमात के युवाओं ने भी कांग्रेस को समर्थन नहीं दिया। संसद के विशेष सत्र के बाद तेजस्वी यादव और राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना कराने की जोर शोर से मांग की थी। कांग्रेस ने तो कार्यसमिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर जातिगत जनगणना का चुनावी वादा भी कर डाला था। हालांकि कांग्रेस पार्टी में कुछ नेताओं ने दबी जुबान में जातिगत गणना का विरोध भी किया, लेकिन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के सामने वह दबता हुआ नजर आया। मुद्दा विहीन संपूर्ण विपक्ष और खासकर ने कांग्रेस ने मध्य प्रदेष, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनावों में इस मुद्दे पर खूब शोर मचाया था। राहुल गांधी अपनी चुनावी रैलियों में जातीय गणना की वकालत करते रहे और इस मुद्दे को लेकर बीजेपी पर हमले करते रहे. उन्होंने एक रैली में कहा था कि जातीय गणना एक 'एक्स-र' की तरह होगी, जो विभिन्न समुदायों का पूरा विवरण देगी। राहुल गांधी ने जातीय गणना के बहाने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी तीखे हमले किए थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ में एक रैली में कहा था कि, 'पीएम मोदी हर भाषण में कहते हैं, ह्यमैं ओबीसी हूं'. लेकिन जब मैं जाति जनगणना के बारे में बात करता हूं, तो वे कहते हैं कि भारत में कोई जाति नहीं है. भारत में केवल एक ही जाति है, वो है गरीब। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे समेत कई पार्टी नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को 'नकली ओबीसी' करार दिया था। कुल मिलाकर कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में, खास तौर पर राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जातीय गणना के मुद्दे को जमकर हवा दी और इसके जरिए पिछड़ी जातियों के वोट बटोरने की कोशिश की, लेकिन उसकी यह कोशिश कामयाब नहीं हो सकी।

# राजस्थान में आपसी कलह से हारी कांग्रेस

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> "चुनाव से पहले सुचिता की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले पायलट ने जिस तरह से गहलोत समर्थक शांति धारीवाल, प्रमोद जैन भाया जैसे विवादित लोगों को टिकट देने पर अपनी सहमति जताई उससे सभी अचंभित रह गए। लोगों का कहना था कि पायलट ने अपने समर्थक कुछ लोगों के टिकट क्लियर करवाने के चक्कर में गहलोत से अंदर खाने अघोषित समझौता कर लिया था। चुनाव में पायलट के कहने पर करीबन 40 लोगों को टिकट मिली जबकि गहलोत समर्थकों की संख्या 150 से भी ऊपर थी। चुनाव से पहले गहलोत बार-बार कहते थे कि प्रदेश की जनता में सरकार के खिलाफ नकारात्मक माहौल नहीं है। जनता प्रदेश सरकार के कामों से खुश है। विधायकों को लेकर जनता में नाराजगी है। इसलिए हम बड़ी संख्या में नए लोगों को मैदान में उतरेंगे"

**राजस्थान** विधानसभा चुनाव में लोगों को जैसी अपेक्षा थी उसी के अनुरूप चुनाव परिणाम देखने को मिले हैं। पिछले पांच विधानसभा चुनाव से प्रदेश में हर बार राज बदलने की परंपरा छठी बार भी कायम रही है। अशोक गहलोत के लाख प्रयासों के उपरांत भी कांग्रेस पार्टी प्रदेश में हर बार सत्ता बदलने का रिवाज नहीं बना बदल पाई और सत्ता गंवा दी। राजस्थान के मतदाताओं ने भाजपा की भारी बहुमत से ताजपोशी की है ताकि अगले पांच साल तक वह बिना किसी बाधा के राज कर सके। प्रदेश में भाजपा 115 सीटों के पर्याप्त बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। वहीं कांग्रेस का आंकड़ा 108 से घटकर 69 सीटों पर ही सीमट गया है। प्रदेश के मतदाताओं ने तीसरे मोर्चे के नाम पर नेतागिरी कर रहे बड़बोले नेताओं को भी चुनाव में उनकी जगह दिखा दी है। बहुजन समाज पार्टी मात्र दो सीटों पर सीमट गई। वहीं सत्ता की चाबी अपने हाथ में होने का दावा करने वाले नागौर के सांसद व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल अपनी खुद की खींवसर विधानसभा सीट पर मात्र 2059 मतों के अंतर से जीत सके हैं। उनकी पार्टी के सभी प्रत्याशी पराजित हो गए। चुनाव से कुछ महीना पहले ही बांगड़ के आदिवासी क्षेत्र में बनाई गई भारतीय आदिवासी पार्टी के तीन विधायक जीतने में सफल रहे हैं। हालांकि भारतीय आदिवासी पार्टी आदिवासी क्षेत्र में पहले भारतीय ट्राईबल पार्टी के नाम से पिछले विधानसभा चुनाव में उतरी थी और उसके दो विधायक जीते थे। उन्ही दोनों विधायकों ने भारतीय आदिवासी पार्टी के नाम से नई पार्टी का गठन किया था। आठ निर्दलीय प्रत्याशी जीते हैं। जिनमें से एक कांग्रेस का व सात भाजपा के बागी थे। विधानसभा चुनाव से पहले अशोक गहलोत ने चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के लिए पूरा जोर लगा दिया था। मगर कांग्रेस में चल रही आपसे गुटवाजी के चलते मतदाताओं ने कांग्रेस पार्टी को सिरे से ठुकरा दिया। विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ही पार्टी के मुख्य चेहरे बने हुए थे। उन्हीं के चेहरे पर कांग्रेस ने चुनाव लड़ा था। पार्टी की सभी प्रचार सामग्री पोस्टर, बैनर, होडिंगों में अशोक गहलोत की छाए हुए थे। अशोक गहलोत द्वारा हायर की गई प्रचार कंपनी डिजाईन बाक्स व उसके बड़बोले निदेशक नरेश अरोड़ा भी चुनाव जितवाने में नाकाम रहे। सचिन पायलट पूरे चुनाव में ही साइड लाइन रहे। टिकट वितरण के दौरान सचिन पायलट ने जिस तरह से गहलोत के सामने हथियार डाले दिये थे। उस पर बड़े-बड़े राजनीतिक विश्लेषकों को भी आश्चर्य हुआ। चुनाव से पहले सुचिता की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले पायलट ने जिस तरह से गहलोत समर्थक शांति धारीवाल, प्रमोद जैन भाया जैसे विवादित लोगों को टिकट देने पर अपनी सहमति जताई उससे सभी अचंभित रह गए। लोगों का कहना था कि पायलट ने अपने समर्थक कुछ लोगों के टिकट क्लियर करवाने के चक्कर में गहलोत से अंदर खाने अघोषित समझौता कर लिया था। चुनाव में पायलट के कहने पर करीबन 40 लोगों को टिकट मिली जबकि गहलोत समर्थकों की संख्या 150 से भी ऊपर थी। चुनाव से पहले गहलोत बार-बार कहते थे कि प्रदेश की जनता में सरकार के खिलाफ नकारात्मक माहौल नहीं है। जनता प्रदेश सरकार के कामों से खुश है। विधायकों को लेकर जनता में नाराजगी है। इसलिए हम बड़ी संख्या में नए लोगों को मैदान में उतरेंगे। मगर चुनाव आते-आते सारी बातें कागजों में ही रह गई और धड़ाधड़ बूढ़े व मौजूदा विधायकों को मैदान में उतार दिया गया। जिसका नतीजा कांग्रेस को करारी हार के रूप में देखना पड़ा। अशोक गहलोत ने सबसे बड़ी गलती प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने खुद को चेहरा बना कर कर दी। राजस्थान में भाजपा ने किसी को भी चेहरा बनाकर चुनाव नहीं लड़ा था। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे व कमल के फूल के निशान पर चुनाव लड़ा था। वहीं अशोक गहलोत ने सामूहिक नेतृत्व के स्थान पर खुद को ही आगे कर पूरी चुनावी व्यूह रचना की थी जिसमें वह नाकाम रहे। कई विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को अपने बागी प्रत्याशियों की नाराजगी के चलते भी हार का सामना करना पड़ा है। समय रहते कांग्रेस पार्टी आंतरिक बगावत पर नियंत्रण नहीं कर पाई। पार्टी के प्रदेश पर भारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व तीनों सह प्रभारी का तो चुनाव के दौरान पता ही नहीं चला कि वो कहां रहे। राजस्थान में कांग्रेस को रसातल में पहुंचने में प्रभारी सुखजिंद्र रंधावा भी बहुत जिम्मेदार है। रंधावा का पूरा समय गहलोत सरकार की जी हुजूरी करते व लोगों को पदाधिकारी नियुक्त करने मे ही निकल गया और कांग्रेस पार्टी सत्ता से बाहर हो गई। कांग्रेस कार्यकताओं का कहना है कि रंधावा ने जिनको पदाधिकारी बनाया है उसमें खुलकर भ्रष्टाचार हुआ है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भाजपा से सीट व मत अधिक मिले थे। मगर इस बार कांग्रेस की सीटें घटने के साथ भाजपा की तुलना में मत भी कम हुए हैं। इस बार कांग्रेस को 39.53 प्रतिशत वहीं भाजपा को 41.69 प्रतिशत मत मिले हैं। बहुजन समाज पार्टी को 1.82 प्रतिशत वहीं हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को 2.39 प्रतिशत मत ही मिल पाए हैं। कांग्रेस पार्टी के प्रति जनता में इतनी अधिक नाराजगी थी की सरकार के 17 मंत्री सहित विधानसभा अध्यक्ष, सरकारी सचेतक तक चुनाव हार गए। यही नहीं अशोक गहलोत व सचिन पायलट के जीत का अंतर भी काफी कम हुआ है।



अशोक गहलोत ने चुनाव से पहले लोगों को सात गारंटी देकर वादा किया था कि फिर से सरकार बनने पर जनता को इन सात योजनाओं के तहत लाभ पहुंचाया जाएगा। मगर प्रदेश की जनता ने उनके वादों पर ध्यान ही नहीं दिया। मतदाताओं का कहना था कि पांच साल सत्ता में रहने के दौरान जो करना था कर दिया। अब सब चुनावी वायदे हैं। प्रदेश के किसानों का ना तो ऋण माफ हुआ ना ही बेरोजगारों को नौकरियां मिली। ऊपर से भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होने से योग्य उम्मीदवारों का चयन होने से रह गया। अशोक गहलोत का घमंड, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बड़बोले बयान व उनके रिश्तेदारों का प्रशासनिक अधिकारी पदों पर चयन होना, मंत्री सुभाष गर्ग का भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक करवाने में नाम आना, मंत्री धारीवाल का विधानसभा में महिलाओं के प्रति अशोभनीय वक्तव्य, खान मंत्री प्रमोद जैन भाया के खुलआम भ्रष्टाचार के कारनामे, राजेंद्र गुढ़ा का लाल डायरी प्रकरण, शांति धारीवाल, महेश जोशी, धर्मेंद्र राठौर द्वारा आलाकमान के निदेशों की अवहेलना करने जैसे मुद्दे कांग्रेस की छवि खराब करने के लिए काफी थे। कांग्रेस पार्टी को अब अगले लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू करनी चाहिए। पार्टी को संगठन में अध्यक्ष सहित आमूल चूल परिवर्तन करना होगा तथा विधायक दल के नेता के पद पर भी गैर विवादित विधायक का चयन करना होगा जो सभी को साथ लेकर चल सके। तभी जनता में अपनी खोई पैंठ फिर से स्थापित कर सकती है। वरना तो राजस्थान कांग्रेस की ओर अधिक दुर्गति होने से कोई नहीं रोक सकता है।

## कविता

तुझ को क्या मालूम किन ऊँचाइयों में खो गया
जब तेरी यादों की मैं गहराइयों में खो गया
हेच लगती है मुझे अब दिलकशीये - कायनात
यूँ मैं तेरे हुस्न की जेबाइयों में खो गया
बादशाहे हफ़्त किशवर हो या हो कोई फकीर
हर कोई ही वक़्त की अंगड़ाइयों में खो गया
शह्र का हर फूलो फल मस्नूई रंगत है लिए
हर कुदरती हुस्न अब सहराइयों में खो गया
अब तो बस ये दर्दो सोजो कर्ब का है मकबिरा
जिस्म का सारा सुकूँ पुरवाइयों में खो गया
हैफ वो चेहरा कि जिसको देखकर जीते थे हम
बद गुमानी की घनी परछाइयों में खो गया
लाए थे जिस को बना कर हम शरीके अंजुमन
वो भी अपने आशिकों शैदाइयों में खो गया
जंगलों को छोड़ कर वो शह्र क्यों जाते के जब
शह्र खुद ही बादिया पैमाइयों में खो गया
हर घड़ी रहता था जिसके साथ इक जम्मे गफीर
आज वो भी कब्र की तन्हाइयों में खो गया
किस कदर गम से भरी उस की कहानी है के जो
दुश्मनों में था नुमायाँ भाइयों में खो गया
मुझ से क्या मतलब के वो कहहार है जब्बार है
मैं तो बस उस की करम फरमाइयों में खो गया
हाँ वही मअसूम जो था अम्न का पैगाम्बर
जाने क्यों वो मअर्का आराइयों में खो गया

**जकी तारिक बाराबंकवी**

# तेजी से बढ़ रहा है राष्ट्रीय पार्टियों का वर्चस्व , घबराहट में क्षेत्रीय दल !

**पांच** राज्यों के चुनाव में देखने लायक सबसे बड़ी बात यह है कि मतदाताओं ने क्षेत्रीय दलों की अपेक्षा राष्ट्रीय पार्टियों को वोट देना उचित समझा । हालिया रिजल्ट देख कर क्षेत्रीय दलों में घबराहट है और खास कर उन दलों में जो एक विशेष जाति या समुदाय के भरोसे राजनीति करते है । गौरतलब है कि केंद्र और राज्य में जिस हिसाब से भाजपा और कांग्रेस का दबदबा बढ़ता जा रहा है। इसे छोटी पार्टियों के लिए खतरे की घंटी के तौर पर देखा जा रहा है। 2024 का लोकसभा चुनाव छोटी पार्टियों के लिए अस्तित्व को बचाने की लड़ाई है। कभी यही छोटे दल केंद्र और राज्य में किंगमेकर की भूमिका निभाते थे, लेकिन आज इनका दबदबा अपने ही क्षेत्र कम होता जा रहा है। इसके पीछे की बड़ी वजह कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी टक्कर है। 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद से ही छोटी पार्टियां का दखल केंद्र और राज्यों से धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है, जिन राज्यों में भाजपा और कांग्रेस का स्ट्राइक रेट हाई है, वहां पर तो छोटी पार्टियों का वजूद भी खतरे में है। कर्नाटक और अब तेलंगाना विधानसभा चुनाव की ही बात करें तो दोनों ही राज्यों में क्षेत्रीय दल का सफाया कांग्रेस ने कर दिया। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ चुनाव में भी क्षेत्रीय दलों का पूरी तरह से मतदाताओं ने इग्नोर कर दिया है। इसीलिए छत्तीसगढ़ में अजीत जोगी की पार्टी का खाता नहीं खुला तो मध्य प्रदेश में सपा, आम आदमी पार्टी सहित बसपा खाता नहीं खोल सकी। इसी तरह राजस्थान में भी क्षेत्रीय पार्टियों का सियासी हश्र रहा। मध्यप्रदेश में आप को 0 .54 फीसदी ,बीएसपी को 3.40 ,जेडीयू को 0.02 और समाजवादी पार्टी को 0.46 फीसदी वोट मिले । छत्तीसगढ़ में आप को 0.93 फीसदी , बीएसपी को 2 .05 फीसदी वोट मिले ।राजस्थान में हालाँकि इंडियन नेशनल लोकदल ने 1 और भारत आदिवासी पार्टी ने 3 सीटें जीती । बीएसपी को 2 सीटें मिली ।लेकिन यहाँ भी मुख्य मुकाबला 2 राष्ट्रीय दलों के बीच रहा । ध्यान देने योग्य यह बात है कि मध्यप्रदेश में आप पार्टी ने 70 से ज्यादा उम्मीदवार खड़े किये थे और समाजवादी पार्टी वहां 46 सीटों पर लड़ीं थी । कहा जा रहा है कि करीबी लड़ाई वाली कई सीटों पर समाजवादी पार्टी ने हर जीत से ज्यादा वोट पाए । बीएसपी,समाजवादी और आप पार्टी जैसे दलों के चुनाव मैदान में उतरने से जिस जाति के मतदाताओं के दम पर ये चुनाव लड़ रहे थे उनके वोट बिखर गए और उसका सीधा फायदा भाजपा को मिला । अब बात करें तेलंगाना की कांग्रेस को छत्तीसगढ़ और राजस्थान अपने दो राज्यों की सत्ता गंवानी पड़ी है, लेकिन तेलंगाना की सियासी बाजी अपने नाम कर ली है। कर्नाटक के बाद तेलंगाना में कांग्रेस 119 सीटें में से 64 सीटें जीकर दक्षिण भारत के एक और राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार बना ली है।

## विचार

# अखबारों और लेखकों की हालत चिंताजनक है

**विजय गर्ग**

**समाचार-पत्रों** ने समाज में जागरूकता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह भूमिका किसी एक देश या क्षेत्र तक सीमित नहीं है, विश्व के सभी दूरदर्शी देशों में समाचार पत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका से कोई इनकार नहीं कर सकता। मीडिया और विशेषकर प्रिंट मीडिया में जनमत को आकार देने की अविश्वसनीय शक्ति है। समाचार-पत्र नीति निर्माण में जनता की राय एकत्रित करने और नीति निमार्ताओं तक जनता की राय पहुंचाने के लिए एक सेतु का काम करते हैं। भारत में समाचार पत्रों द्वारा पारंपरिक पत्रकारिता की सेवा की जाती हैकई उतार-चढ़ाव देखे हैं। चाहे वह पहला अंग्रेजी भाषा का समाचार पत्र हो, 1779 में जेम्स हिक्की द्वारा प्रकाशित बंगाल गजट हो, या वे समाचार पत्र जो 19वीं शताब्दी के पूर्वार्ध में भारतीय भाषाओं में प्रकाशित होने लगे। सरकारी प्रतिबंध, आर्थिक मंदी और टेलीविजन के विस्तार ने पहले भी समाचार पत्र उद्योग को हिलाकर रख दिया है, लेकिन पहले कभी यह सवाल नहीं पूछा गया कि क्या प्रिंट मीडिया भारत में जीवित रहेगा या नहीं। लेकिन आज अखबारों और लेखकों को भी जीवित रहने के लिए गूगल और फेसबुक को हराना होगा। प्रश्न यह है कि गिरावट कहाँ स्थित हैरास्ता देखते हुए वे ऐसा कैसे करेंगे? सबसे महत्वपूर्ण कारक समाचार वाहक गूगल, फेसबुक और अन्य का उदय है। एक तरफ वे किसी और द्वारा तैयार की गई खबरें छीन लेते हैं और दूसरी तरफ अखबारों की आजीविका छीन लेते हैं। इससे भी बदतर स्थिति अखबार लिखने वालों की है जो हर दिन कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन जब उन्हें भुगतान मिलता है, तो यह समुद्र में मोती खोजने जैसा है, लेकिन लेखक के पास कोई सहारा नहीं होता है। इंटरनेट पर सामग्री की प्रचुरता के कारण समाचार पत्र कहीं से भी उठाया जा सकता हैके लिए छड़ी ऐसे में न तो लेखक की जरूरत होती है और न ही लेखक के सहारे की। इसके कारण आज पत्रकारिता धूर्त लोगों का व्यवसाय बन गई है, जो सैकड़ों प्रतियां छापते हैं या डिजिटल संस्करण लाते हैं और बदले में विज्ञापनों से पैसा कमाते हैं। इतना ही नहीं, ऐसे लोग लेखकों को साहित्यिक समर्थन देने के बजाय सवाल पूछते हैं। लेखक अपने लेख प्रकाशित करने के लिए पैसे भी मांगते हैं। ऐसी पत्रकारिता शर्मनाक है. यह चिंताजनक स्थिति है क्योंकि समाचार पत्र अपने प्रारूप के कारण आज भी विश्वसनीय हैं, यह तय है। एक अखबारआर पूरा हो गया है. यह अंततः तैयार है, अपने आप में, निश्चित है। इसके विपरीत, डिजिटल समाचार लगातार अद्यतन, बेहतर और परिवर्तित होते रहते हैं। यह ह्लसमाप्ति ही समाचार पत्रों की ताकत है।ह्व एक बार कोई चीज छपने के बाद उसे टेलीविजन या डिजिटल प्लेटफॉर्म की तरह बदला नहीं जा सकता। लेकिन इस जटिल प्रारूप के लिए चुनौतियाँ बढ़ती जा रही हैं। एक बड़ी दुविधा यह है कि क्या भारतीय पाठक गुणवत्तापूर्ण सामग्री के लिए भुगतान करने में रुचि रखते हैं, जबकि हर जगह मुफ्त सामग्री उपलब्ध है? इस सवाल का जवाब आसान नहीं है. यदि पाठक भुगतान नहीं करते हैं,नतीजा यह है कि अखबार भी भुगतान के नाम पर अपने लेखकों से मुंह मोड़ रहे हैं। लेकिन अगर लेखक ही नहीं बचे तो अखबार खत्म हो जायेंगे। इसलिए लेखकों को जीवित रखना समाचार पत्रों की जिम्मेदारी है। अखबारों के साथ सोचने वाली बात यह है कि लेखकों की आर्थिक स्थिति क्या है? मैं ज्यादा तो नहीं जानता, लेकिन कुछ बड़े लेखकों और पत्रकारों को छोड़ दें तो सिर्फ लिखकर अपने परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल है। एकमुश्त दो लाख रुपये देखना सपना है. एक साथ इतना पैसा देखकर लेखक अभिभूत क्यों हो जाता है? अखबार की सबसे बड़ी संपत्ति उसकी नींव हैयह संरचित भी है, जो इसकी समस्या भी है। यह बहुत बड़ा है, क्योंकि बड़ी संपादकीय टीमों, प्रिंटिंग प्रेस, सकुर्लेशन और मार्केटिंग नेटवर्क के कारण उद्योग बड़ी संख्या में मानव श्रम पर निर्भर है। अधिकांश समाचार पत्र अपने राजस्व से उत्पादन लागत पर सब्सिडी देते हैं। सरकार से कोई समर्थन न मिलने के कारण प्रचलन दिन-ब-दिन कम होती जा रही है. लगभग सभी अखबारों की यही कहानी है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# कमाल की इंसानियत

**आज** के समय में इंसानियत ढूँढ़ना मतलब पानी पर पानी लिखने जैसा काम है। काश इंसानियत का नाम महंगाई होता हर जगह देखने को मिल जाती। मगर वो कहते है न, कि जब जब लोगो का इंसानियत पर से विश्वास उठा है, तब तब कोई न कोई सच्चा इंसान सामने आकर लोगो में इंसानियत का अलख बनकर जल उठता है। बहरहाल आज हम आपको एक ऐसी ही इंसानियत की निशानी वाली कहानी से रूबरू करवाना चाहते है। ये इंसानियत की कहानी उन हजारों बेरहमों के लिए एक मिसाल है, जो आज भी इंसानियत का खून करते हैं। चुनाव का मौसम था रिक्शा चलाने वाले रामू काका कड़ी दुपहरिया में पेट पालने के लिए मजबूर थे। बदन ऐसा कि उनका साथ नहीं दे रहा था। इसी रिक्शा से उन्होंने अपने बच्चों को पढ़ाया-लिखाया, काबिल बनाया, बच्चे थे कि उन्हें धक्के मारकर घर से बाहर निकाल दिया। जब से साँप आस्तिन में ज्यादा और धरती पर कम रहने लगे हैं, तब से ये घटनाएँ आम हो चली हैं। रामू काका हमेशा रोया करते थे। बच्चों ने उन्हें दूध में से मक्खी की तरह बाहर कर दिया था। एक वक्त था उनके लिये पैसे मायने नहीं रखते। बच्चों को ही सब कुछ समझते थे। बच्चे थे कि पैसों के सिवाय किसी और चीज को नहीं समझते थे। उन्होंने सोचा भी नहीं था एक दिन ऐसा आएगा जब उनके पास न पैसे होंगे ना ही कोई काम। ऐसे में हाथ जोड़ते हुए एक दिन एक आदमी आया और उसने बिना किसी सवाल-जवाब के अगले दो महीने के लिए रामू काका के खाने-पीने और दूसरी जरूरतों की जिम्मेदारी ले ली। उसे पता था की रामू काका बेसहारा हैं पर उसने काका की आंखो का दर्द देख लिया था। उसको लोगों ने कहा कि तुम काका की मदद क्यों करते हो उन्हें तो उनके बेटे तक नहीं पूछते। ऐसे में तुम क्यों तकलीफ उठाते हो। आदमी था कि लोगों की बात अनसुना कर रामू काका की मदद करने लगा। लेकिन फिर वह कई सालों के लिए गायब हो गया। रामू काका ने न जाने उसकी क्या मदद की थी कि वह फिर कुछ सालों के बाद आया और उसी तरह उनकी मदद करने लगा। उसकी मदद किसी इंसानियत से कम नहीं थी।

# न्यायालय व राजस्व ऑफिसों के दलालों की अब खैर नहीं

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर तेजी से डिजिटलाइजेशन हो रहा है। पारदर्शिता तेजी से बढ़ रही है महीनों का काम मिनटों से लेकर सेकंडो में हो रहा है। एक क्लिक से हजारों करोड़ रुपए गरीबों, किसानों, वंचितों के खातों में सीधे जा रहा है जिससे भ्रष्टाचार की गुंजाइश कम करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि इसे जीरो टॉलरेंस तक पहुंचाया जा सके परंतु बड़े बुजुर्गों की कहावतें सच है कि नियम बनते ही तोड़ने के लिए हैं और कानून में भी अनेक लीकेजेज होते हैं जिसका फायदा जानकार लोग उठा ही लेते हैं, परंतु सरकार भी इन लिकेजेस पर संज्ञान लेकर कानूनों में संशोधन कर उसे बंद करने का प्रयास करती है, इस प्रकार का संज्ञान कानून व्यवसाई अधिनियम के तहत आने वाले सभी पहलू पहले से ही अधिवक्ता अधिनियम 1961 में शामिल है।परंतु न्यायालय क्षेत्र में भी दलालों की बढ़ती दस्तक, कार्यरेखा, हस्तक्षेप को ध्यान में रखते हुए, उच्च न्यायालय जिला न्यायालय, सत्र न्यायालय, राजस्व अधिकारी जैसे एसडीओ तहसीलदार पटवारी सहित सभी निचले स्तर तक कार्यालयों ने अपने परिसर में कार्य करने वाले ज्ञात दलालों की सूची बनाकर उनका वहां प्रसारण कर प्रवेश प्रतिबंधित कर सके और इस परिसर में दिखने पर 3 माह की सजा या 500 रुपए जुमार्ना या दोनों के रूप में सजा के पात्र होंगे। आज हम करीब करीब हर शासकीय कार्यालय में देखते हैं कि नीचे से लेकर ऊपर तक दलालों का ही बोलबाला है और करीब करीब हरएक छोटे से लेकर बड़ा काम भी हर शासकीय कार्यालय में दलालों के हस्ते ही शीघ्रता से होता है बस!! मोटी रकम लगती है जो कि पूरी चैनल को बटती है यह मेरी नजरों के सामने होते ही रहता है। या यूं कहें कि अधिकतम नागरिक इस चैनल से पीड़ित हैं जिसकी मुख्य कड़ी दलाल ही होता है।

## न्यूज फ्लैश

### युवक का रास्ता रोककर मोबाइल फोन व दो-पहिया वाहन लूटा, तीन बदमाशों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**कुंडली थाना** क्षेत्र में कुंडली-पतला सड़क मार्ग पर बाइक सवार से मोबाइल फोन व बाइक लूटने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर तीन बदमाशों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव पतला निवाडी गाजियाबाद यूपी हाल में पतला निवासी कासिम ने बताया कि वह किराए के मकान पर रहता है। वह अपनी मोटरसाइकिल पर गत 3 दिसंबर को देर शाम प्याऊ मनियारी कुंडली से गांव पतला जा रहा था। जब वह गांव नांगल कलां गांव के पास पहुंचा। रास्ते में तीन युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। उसे जबरदस्ती बाइक छीन ली। उसके बाद उससे मोबाइल फोन भी छीन लिया। उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी एसआई दलबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द बदमाशों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### नामांकन प्रक्रिया संपन्न, गन्नौर बार एसोसिएशन चुनाव में 9 ने ठोकी ताल, मोहन शर्मा का कोषाध्यक्ष बनना तय



**गन्नौर।**
**गन्नौर बार** एसोसिएशन गन्नौर के चुनाव के लिए नामांकन का मंगलवार को आखिरी दिन था। प्रधान, उपप्रधान, महासचिव, सहसचिव और कोषाध्यक्ष के लिए कुल 9 नामांकन आए हैं। प्रधान, उपप्रधान, महासचिव व सहसचिव पद के लिए दो-दो नामांकन आए हैं। वहीं कोषाध्यक्ष का निर्विरोध बनना तय है क्योंकि इस पद के लिए एक ही नामांकन आया है। बार एसोसिएशन के लिए वोटिंग 15 दिसंबर को होगी। उसी दिन रिजल्ट आएगा। आरओ एडवोकेट सुशील त्यागी, एआरओ एडवोकेट सुशील त्यागी व एडवोकेट सुमित शर्मा ने बताया कि प्रधान पद के लिए अरूण पहल व युद्धवीर सिंह के बीच टक्कर होगी। पूर्व में एक बार प्रधान रह चुके अरूण पहल ने तीसरी बार प्रधान पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है, जबकि युद्धवीर सिंह पहली बार प्रधान पद के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं। वहीं उपप्रधान पद के लिए विशाल व सुरेश कुमार अत्री, महासचिव पद के लिए बसंत त्यागी व अशोक सैनी, सहसचिव पद के लिए संदीप राठौर व दिनेश शर्मा ने अपना नामांकन किया है। वहीं कोषाध्यक्ष के लिए मोहन शर्मा ने ही अपना नामांकन किया है, जिससे उनका कोषाध्यक्ष बनना लगभग तय है।

### पोक्सो एक्ट के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया




**राई। टीम एक्शन इंडिया**
**केंद्रीय विद्यालय** ग्रुप केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल खेवड़ा के मेंस क्लब में इंद्रधनुष चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए मंगलवार को पोक्सो एक्ट के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेश कुमार द्वारा आयोजन की शुरूआत की गई। महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों में पोक्सो एक्ट एवं मानव तस्करी रोकने की जानकारी दी गई। पोक्सो एक्ट की विवेचना संबंधी बारिकियो ,मेडिकल केयर एवं आयु निर्धारण परीक्षण संबंधी तथ्यों के बारे में बच्चों को बताया गया। पोक्सो एक्ट में पढ़ने वाली बेल एप्लीकेशन पर कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी गई। इंद्रधनुष चैरिटेबल के प्रेसिडेंट प्रशांत शर्मा ने बच्चों को उनके अधिकारों के लिए जागरूक किया। महिला थाना की सब इंस्पेक्टर बबली ने विद्यार्थियों को पुलिस तथा कानून से मिलने वाली मदद के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि पुलिस तथा कानून सदैव बच्चों के अधिकारों के साथ खड़ा है। छात्र-छात्राओं को शारीरिक मानसिक उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालक प्राथमिक अध्यापक हरिदर्शन ने किया। कार्यक्रम में मनोज अंतिल, जय राम शर्मा, रजनी गुप्ता प्रोर्टेक्शन ऑफिसर, सोहन कुमार, प्रवीण भारद्वाज एवं सीमा, सपना, शैली मड़िया, अमित, अमिता राणा माथुर,प्रिती ,मनीषा शिक्षिका एवं शिक्षक और सभी छात्र-छात्रा मौजूद थे।

# नारनौल में चार जगह ईडी की छोपमारी

## गैंगस्टर, क्रशर मालिक व शराब कारोबारी के घर पहुंची टीम, आतंकी-गैंगस्टर गठजोड़ में काली कमाई को लेकर ईडी की रेड




**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल। शहर** व एक गांव में मंगलवार सुबह ईडी ने अलग-अलग जगह छापेमारी की। नारनौल से सटे हुडिना रामपुरा गांव में गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू के एक साथी नरेश उर्फ नरसी सरपंच के घर पर अल सुबह ईडी ने छापेमारी की। वहीं, दूसरी नारनौल के हुडा सेक्टर में एक क्रशर मालिक विनीत कुमार के घर पहुंच कर जांच कर रही है। इसके अलावा अंकुश नाम के एक शराब कारोबारी के घर भी ईडी पहुंची है। इनका संबंध गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू से बताया जा रहा है। गांव हुडीना रामपुरा, सेक्टर 1, गहली, मेहता चौक में पीर आगा के पास छापेमारी की गई है, जहां ईडी स्थानीय पुलिस के सहयोग लेकर जांच करने में जुटी हुई है। वहीं नारनौल क्षेत्र के ही गहली गांव में भी एक व्यक्ति के घर ईडी पहुंची है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम सुरेंद्र उर्फ चीकू के भाई लीला मोहनपुर के केशव नगर स्थित निवास पर भी पहुंची । छापेमारी से गैंगस्टर के सहयोगियों में हड़कंप मचा है। याद रहे इससे पूर्व आतंकी-गैंगस्टर गठजोड़ को लेकर एनआईए की टीम ने गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू के व उसके साले के घर पर इसी साल फरवरी व मार्च में दो बार रेड की थी। इसके बाद टीम गैंगस्टर चीकू को अपने साथ ले गई थी जो अभी तक तिहाड़ जेल में बंद है। जांच के दौरान टीम ने हरियाणा और राजस्थान में बेनामी जमीन के कागजात शराब के व्यापार से संबंधित कागजात एक लैपटॉप और एक मोबाइल भी जब्त किया था। इसके बाद 4 मार्च को फिर एनआईए की टीम नारनौल पहुंची और गैंगस्टर सुरेंद्र और चीकू के रिश्तेदारों के नाम उसकी करोड़ी रुपए की संपत्ति अटैच कर दी, जिसमें सुरेंद्र अप चीकू के रिश्तेदारों के नाम कोठी और 31 कनाल जमीन भी शामिल है। अब आज सुबह ईडी की टीम नारनौल पहुंची है । सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ईडी की टीम जयपुर व नारनौल में गैंगस्टर चीकू के जमीन के काम, खनन के काम, काली कमाई व शराब के काम को लेकर तथा जयपुर में नारनौल में चीकू के जमीन के काम खनन के काम में शराब के काम को लेकर टीम जांच कर रही है।

## लाल डोरा प्रोपर्टी धारकों के लिए सुनहरा अवसर

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल ।** स्वामित्व योजना के तहत हरियाणा में लाल डोरा प्रोपर्टी धारकों को सरकार ने सुनहरा अवसर दिया है। सरकार ने आम नागरिकों को आनलाइन पोर्टल पर संपत्ति का डाटा खुद सत्यापित करने व त्रुटि के निवारण के आवेदन का मौका दिया है। प्रदेश के लाल डोरा के अंदर आने वाले प्रोपर्टी धारक 31 दिसम्बर तक आनलाइन आवेदन दे सकते हैं। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने बताया कि स्वामित्व योजना हरियाणा सरकार की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। लाल डोरा प्रोपर्टी धारकों को उनके जमीन का मालिकाना हक देने की योजना है। यह हक प्राप्त होने के बाद ग्रामीण अपनी उसे प्रॉपर्टी के ऐवज में बैंकों से ऋण लेने के अलावा या अन्य किसी भी प्रकार के कार्य कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को शहरी क्षेत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए सरकार 'स्वामित्व योजना' चला रही है। इसके तहत गांव के उन लोगों को उनकी जमीन का मालिकाना हक दिया जा रहा है, जिनकी जमीन किसी भी सरकारी आंकड़े में दर्ज नहीं है ।
उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए सरकार ने ड्रोन के माध्यम से गांव की मैपिंग करके सभी गांव में दावे व आपत्तियां भी मांगी थी। इस रिकार्ड को आधुनिक तरीके से डिजिटलाइज किया जा रहा है। सरकार ने ऐसे नागरिकों को अब फिर से मौका दिया है जो इस संबंध में त्रुटि का निवारण चाहते हैं।
उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी लाल डोरा के अंदर आने वाले प्रोपर्टी धारकों के लिए दिनांक 31 दिसम्बर, 2023 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान पोर्टल पर संपत्ति का डाटा स्वयं सत्यापित करने व त्रुटि के निवारण के आवेदन का मौका दिया है।

## विकास कार्य न होने से लोग परेशान: सुनीता राज आर्य



**समालखा/कमाल हुसैन**
**कांग्रेस** महिला प्रदेश महासचिव सुनीता राज आर्य एडवोकेट चुलकाना ने हल्का समालखा के गाँवों पसीना खुर्द व पसीना कला का दौरा कर गांव के लोगों से उनकी समस्याओं को जाना ' गांव वासियों ने गाँवों की सडकों की बदहाली को दिखाते हुए बताया की गांवो मे कोई विकास कार्य नही हो रहा है यहां की सडकों पर जल भराव के साथ साथ गाँवों मे कूडा गंदगी,व नालियों की साफ सफाई भी नही की जाती ' आम जनता को सरकार की नीतियों का कोई फायदा नहीं मिल रहा ' सुनीता राज ने गांव वासियों को आश्वासन दिया की यदि हलके की जनता ने उनको विधायक चुन कर सेवा का मौका दिया तो जनता को शिकायत का मौका नहीं मिलेगा सभी गांवो का शहर की तरह विकास कार्य करायेंगी।

# खिजरपुर अहीर व खेड़ी गुज्जर गांवों में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

## योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार का पहला उद्देश्य

**गन्नौर(सोनीपत) टीम एक्शन इंडिया**
**पात्र लोगों** को उनके घर द्वार पर सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा गन्नौर उपमण्डल के गांव खिजरपुर अहीर व खेड़ी गुज्जर में पहुंची। इस दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे गन्नौर नगरपालिका के चेयरमैन अरूण त्यागी ने कहा कि ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्ल का मुख्य उद्देश्य हर पात्र व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड ?ा है। चेयरमैन ने कहा कि पिछले साढ़े 9 सालों में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और 9 सालों में हरियाणा की मनोहर लाल सरकार की जो भी योजनाएं बनी हैं यदि कोई व्यक्ति उन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है तो उन्हें योजनाओं से जोडकर लाभान्वित किया जा रहा है। मोदी-मनोहर सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व वंचित व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मनोहर सरकार ने प्रदेश हित के
ड्रीम प्रोजेक्ट या आमजन से जुड़ी महत्वाकांक्षी योजनाओं की तय सीमा के अंदर पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए अनुकरणीय कदम बढ़ाए हैं। संकल्प यात्रा में एलईडी पर दिखाई जा रही है सरकार की उपब्धियों पर केंद्रित फिल्मः विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्रचार वाहन पर एलईडी के माध्यम से
केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को लघु फिल्म के रूप में दिखाया जा रहा है तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित किया जा रहा है।

## कानूनी सहायता विषय पर कार्यक्रम आयोजित



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आई.बी. (पीजी)** महाविद्यालय की गर्ल्स विंग्स में एंटी सेक्सुअल हरासमेंट कमेटी (आंतरिक शिकायत समिति) व डिसिप्लिन कमेटी (अनुशासन समिति) डॉ.शशि प्रभा मलिक के निर्देशन में सेक्सुअल हैरेसमेंट एवं कानूनी सहायता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने अपने संबोधन में बताया कि यौन उत्पीड़न वर्तमान समाज की एक गंभीर समस्या बन गई है।अतः सेक्सुअल हैरेसमेंट विषय पर व्याख्यान देने का उद्देश्य छात्राओं के बीच जागरूकता बढ़ाना है। पानीपत जिले की ए.एस.आई. रेनू ने अपने व्याख्यान में बताया कि देश में सेक्सुअल हैरेसमेंट के मामले दिनों-दिन बढ़ते जा रहे हैं। यह मामले लड़के और लड़कियों दोनों के साथ होते हैं। यह उत्पीड़न अवैध एवं अवांछनीय व्यवहार है।
इसे रोकने के लिए उन्होंने सेक्सुअल हैरेसमेंट हेल्पलाइन नंबर 112 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में छात्राओं को अवगत कराया।पानीपत जिले की सी.टी. ज्योति ने कहा कि सेक्सुअल हैरैसमेंट मानवता के खिलाफ होने वाला जघन्य अपराधों में से एक है।
इस अपराध से किसी भी आयु वर्ग के लोग अछूते नहीं है।अतः इस उत्पीड़न के शिकार व्यक्ति के लिए विशेष तरह की सहायता की आवश्यकता होती है।

## विद्यालय में कम्पूटर लैंब से चोरी होने पर की चौकीदार की नियुक्ति की मांग

**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**
**खेड़ी** तगा के सरपंच ने राजकीय उच्च विद्यालय में कम्पूटर लैंब का ताला तोड़कर लाखों रुपएं के कम्प्यूटर व एलईडी चोरी के मामले में एसडीएम से गांव के स्कूल में चौकीदार की व्यवस्था करवाने की मांग की। सरपंच सरपंच वेदप्रकाश ने बताया कि गांव के राजकीय स्कूल की लैंब से कम्प्यूटर चोरी के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। उक्त कम्प्यूटरों व एलईडी की कीमत करीब 5 लाख रुपएं थी। सरपंच ने मांग पत्र में बताया कि इससे पहले भी वे विभाग व अधिकारियों से स्कूल में चौकीदार की नियुक्ति की मांग कर चुके है लेकिन कोई समाधान नही हो रहा है।

## 'दिव्यांग जनों की हर संभव सहायता करें और उनका हौसला बढ़ाये'



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर निगम** मेयर निखिल मदान मंगलवार को शहर के बहालगढ़ चौक पर स्तिथ रेणु विद्या मंदिर स्कूल में पहुंचे, जहां उन्होंने स्कूल में पढ़ रहे दिव्यांग बच्चो से मुलाकात की और अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि हिस्सा लिया। स्कूल के प्राचार्य प्रमोद कुमार कुलहाड़े ने बताया कि रेणु विद्या मंदिर में पिछले 22 साल से दिव्यांग जनों को रोजगार परक शिक्षा दी जा रही है। अभी फिलहाल 150 दिव्यांगजन उनके यहां शिक्षा प्राप्त कर रहे है। उनमें से काफी दिव्यांगजनों को स्कूल द्वारा रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे है और अन्य व्यक्तियों की तरह ही दिव्यांग जन नौकरी कर रहे है। साथ ही 150 सामान्य विद्यार्थी भी स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रहे है।
इस अवसर पर मेयर निखिल मदान ने कहा कि अगर दिव्यांगजनों को समुचित अवसर और शिक्षा मिले तो दिव्यांगजन हमारी ताकत बन सकते हैं। उन्हें ये देखकर काफी खुशी हुई कि रेणु विद्या मंदिर के निदेशक और सभी कर्मचारी दिव्यांग भाई-बहनों को सक्षम बनाने के लिए कृत-संकल्पित है। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर हम सबको मिलकर दिव्यांग जनों के आत्मसम्मान, सहयोग, सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति सजग रहकर उनकी हर संभव सहयोग करने का संकल्प लेना चाहिए। मेयर निखिल मदान ने इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों द्वारा पेश किए गए गणेश वंदना,राष्ट्र गान,नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया और बच्चों को पुरस्कृत कर उनकी हौंसला अफजाई की। स्कूल के निदेशक एन सी गुप्ता ने बताया कि उनका पूरा जीवन दिव्यांग जनों को ही समर्पित है और उनके परिवार में निजी तौर पर ये अनुभव होने के कारण वो हर दिव्यांग जनों की समस्या को अच्छे से समझते है।

## भारत रत्न राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला की पुण्यतिथि मनाई



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आर्य बाल** भारती स्कूल परिसर में विश्व मृदा दिवस एवं विश्व स्वयंसेवक दिवस और भारत रत्न राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला की पुण्यतिथि मनाई गई। दिवस के अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता करवाई गई इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक रहे । तथा विशिष्ट अतिथि आर्यन मार्शल मूमेंट्स ऑफ आर्ट्स एवम् अम्मा ताइक्वांडो अकादमी पानीपत के संरक्षक नरेंद्र आर्य रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की और और आर्य समाज काबड़ी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य एवं कंप्यूटर विशेषज्ञ अंकुर आर्य मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे इस प्रतियोगिता में आशीष आर्यन और गूरनूर आर्य प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे जिन्हें मुख्य अतिथि ने मौके पर ही सम्मानित किया इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने ऋषि दयानंद स्वामी श्रद्धानंद पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद और आचार्य बलदेव को भी बार-बार याद किया और शांति पाठ के साथ ही यह कार्यक्रम संपन्न हो गया यह जानकारी विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने दी कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से ही पृथ्वी प्रकृति ऋषि और कृषि की उपासना की जाती रही है कृषि प्रधान देश है यहां उपजाऊ भूमि का विशेष महत्व रहा है लेकिन भौतिक सुखों की बढ़ती लालसा और अधिक उत्पादन के चक्कर में किसानों ने लगभग 70 वर्षों में उपजाऊ भूमि में रासायनिक खादों और कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग किया जिस भूमि के किसान मित्र जीवाणु की संख्या तेजी से घटी है और उपजाऊ भूमि भी बंजरता की ओर तेजी से बढ़ रही है ऐसे समय में वेदों के बताए मार्ग पर चलते हुए गौ आधारित प्राकृतिक खेती करना समय की सबसे बड़ी मांग बन गई है उन्हें खुशी है कि इस समय भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने प्राकृतिक खेती को विश्व स्तर पर स्थापित करने का बीड़ा उठाया है उन्होंने कहा कि यदि विश्व के सभी देश प्राकृतिक खेती को अपनाएंगे तो जहां विश्व का पर्यावरण शुद्ध होगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को दिलाई हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ



**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**
**खिजरपुर** अहीर व खेड़ी गुज्जर गांव में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि नपाध्यक्ष अरुण त्यागी ने किया। यात्रा के दौरान प्रचार वाहन पर एलईडी के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को लघु फिल्म के रूप में दिखाया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टाल लगाकर आमजन को जागरुक किया गया। इस अवसर पर प्राचीन परंपरा को दशार्ने के लिए गोदभराई की रस्म का भी प्रदर्शन हुआ। वहीं नन्हें मुन्ने छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। चेयरमैन अरुण त्यागी ने उपस्थित लाभार्थियों को जागरुक व प्रेरित किया और हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। त्यागी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्राह्ल का मुख्य उद्देश्य हर पात्र व्यक्ति को केंद्र और राह्नय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है।

# अस्पताल में मरीजों को उपचार के लिए दो-दो घंटे का करना पड़ा इंतजार

## ओपीडी से लेकर रजिस्ट्रेशन कांउटर पर घंटों लाइन में खड़े रहे मरीज, चिकित्सक छुट्टी पर जाने से परेशान मरीज

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**नागरिक** अस्पताल में सोमवार को मरीजों की भीड़ देखने को मिली। अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर से लेकर ओपीडी व डिस्पेंसरी के बाहर मरीज लंबी लाइनों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। अस्पताल में आने वाले मरीजों को दो-दो घटों तक लंबी लाइनों में खड़े होने पर मजबूर होना पड़ा। उसके बाद मरीजों को उपचार मिल सका। अस्पताल में ईएनटी का मात्र एक चिकित्सक होने के चलते मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल में सरकारी नौकरी के लिए प्रमाण-पत्र बनवाने वाले अभ्यार्थियों को बिना ईएनटी जांच के प्रमाण-पत्र सिविल सर्जन की तरफ से जारी किया गया। प्रबंधन की तरफ से कमरा नंबर-14 में तैनात चिकित्सक से जांच करवाई गई। उसके बाद अभ्यार्थियों को प्रमाण-पत्र जारी किए गए। जानकारी मिली कि ईएनटी चिकित्सक को गोहाना में कैंप में भेजा गया है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में हर रोज उपचार के लिए 1500 के करीब मरीज आते है। सोमवार को रजिस्ट्रेशन काउंटर पर सुबह आठ बजे से मरीजों की लंबी लाइन लगनी शुरू हो गई। नौ बजे रजिस्ट्रेशन काउंटर खुलने के साथ ही काउंटर के बाहर एक लाइन में 70 से ज्यादा मरीज खड़े थे। पांच लाइनों में रजिस्ट्रेशन के लिए मरीज कई-कई घंटे तक इंतजार करते रहे। उसके बाद ओपीडी में चिकित्सक को दिखाने के लिए मरीजों को लंबी लाइनों का सामना करना पड़ा। हाल के दिना में मौसम के बदलाव व बच्चों में खांसी जुखाम के मरीज अस्पताल में ज्यादा पहुंच रहे है। मरीजों में बच्चों की ओपीडी प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। सोमवार को करीब 170 के करीब बच्चों की ओपीडी रही। अस्पताल में बच्चों के उपचार के लिए प्रबंधन की तरफ से डा. अलकृिंता गैर, डा. विकास. डा. रविशंकर सहित डा. दहिया को तैनात किया गया है। जोकि कंगारू मदर केयर यूनिट व अस्पताल में भर्ती बच्चों को उपचार कर रहे है।
नौकरी के लिए प्रमाण-पत्र बनवाने वाले दिन भर रहे परेशान-
हाल के दिनों मे केवीएस सहित अन्य सरकारी नौकरी पर लगने वाले अभ्यार्थी अस्पताल में पहुंचे। जहां करीब 117 अभ्यार्थियों के प्रबंधन की तरफ से सोमवार को प्रमाण-पत्र बनाने का कार्य किया गया। अस्पताल में मात्र एक ईएनटी चिकित्सक की गोहाना में कैंप में डयूटी लगा रखी थी। जिसके चलते अभ्यार्थियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर काटने पड़े। प्रबंधन की तरफ से ईएनटी की कमी पूरी करने के लिए ओपीडी संख्या-44 में तैनात चिकित्सक से चैकअप करवाया गया। हालांकि उनके चैकअप के बाद सीनियर सर्जन की तरफ से जांच करने की बात कही जा रही है।

**चेकअप**
8 प्रबंधन की तरफ से कमी पूरी करने के लिए ओपीडी संख्या-44 में तैनात चिकित्सक से चैकअप करवाया गया।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 06 दिसंबर 2023 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: DELHI / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## राजस्थान में करणपुर विधानसभा सीट पर 5 जनवरी को मतदान

**जयपुर।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले की करणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इस सीट पर मतदान 05 जनवरी को और मतों की गणना 10 जनवरी को होगी। इस सीट के कांग्रेस उम्मीदवार के निधन के कारण चुनाव कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया था। निर्वाचन आयोग के मुताबिक करणपुर सीट के लिए 12 दिसंबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। 19 दिसंबर नामांकन की आखिरी तारीख है। 20 को जांच और 22 दिसंबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। पांच जनवरी को मतदान और 10 जनवरी को मतगणना होगी। कांग्रेस उम्मीदवार गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के बाद इस सीट पर चुनाव रद्द किए गए थे। राज्य की 200 में से 199 विधानसभा सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान हुआ था और तीन दिसंबर को मतों की गणना की गई।

## टीवी शो सीआईडी के अभिनेता दिनेश फड़नीस का निधन

**मुंबई।** टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक 'सीआईडी' में इंस्पेक्टर फ्रेडरिक्स का किरदार निभाने वाले अभिनेता दिनेश फड़नीस का निधन हो गया है। दिनेश कई दिन से अस्पताल में भर्ती थे। यह जानकारी सीआईडी सीरियल में 'दया' का किरदार निभाने वाले अभिनेता दयानंद शेट्टी ने दी है। दरअसल, पहले बताया गया कि अभिनेता दिनेश को दिल का दौरा पड़ा था। उनका 1 दिसंबर से मुंबई के तुंगा अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। अब दयानंद शेट्टी ने बताया कि उनका लीवर डैमेज हो गया है, जिसके बाद उनकी मौत की खबर सामने आई है। दयानंद शेट्टी ने मीडिया से बात करते हुए इस खबर की पुष्टि की। ह्लहां, यह सच है कि वे अब हमारे बीच नहीं हैं। मैं फिलहाल उनके घर पर हूं। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को दौलत नगर श्मशान घाट पर किया जाएगा। सीआईडी यूनिट के लगभग सभी लोग यहां मौजूद हैं।

## दुर्दांत आतंकवादी लखबीर रोड़े की पाकिस्तान में मौत

**चंडीगढ़।** भारत का मोस्ट वांटेड एवं प्रतिबंधित आतंकी संगठन खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का प्रमुख लखबीर सिंह रोडे नहीं रहा। जरनैल सिंह भिंडरांवाले का सगा भतीजा रोडे पाकिस्तान में चल बसा।दो दिसंबर की रात उसकी मौत हुई है। अकाल तख्त के पूर्व जत्थेदार जसबीर सिंह रोडे ने आज (मंगलवार)उसकी मौत की पुष्टि की। जसबीर सिंह रोडे ने कहा है कि भाई के बेटे ने उन्हें सूचित किया है कि लखबीर की पाकिस्तान में मौत हो गई है। हाल ही में पंजाब की सुरक्षा एजेंसियों ने खुलासा किया था कि रोडे ने करीब 70 स्लीपर सेल तैयार किए हैं। एक सेल में दो-तीन लोगों को शामिल किया गया है। पंजाब के मोगा में राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी ने आतंकी लखबीर रोडे की करीब 43 कनाल जमीन को भी सील किया था। हालांकि लखबीर सिंह रोडे की मौत की खबर कुछ महीने पहले भी आई थी। तब उसने सोशल मीडिया में पोस्ट डालकर जिंदा होने का दावा किया था। भारत सरकार ने लखबीर सिंह रोडे को यूएपीए के तहत आतंकी घोषित किया था।

# स्वास्थ्य सबसे बड़ी संपदा, कॅरिअर के साथ दुआएं भी लें: सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी ने 278 सहायक आचार्यों, 2142 स्टॉफ नर्स को दिए नियुक्ति पत्र

**सीएम ने कहा**

8 आज लगभग ढाई हजार नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया जा रहा है: योगी आदित्यनाथ





**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नवचयनित 278 सहायक आचार्य, 2142 स्टाफ नर्स, 48 आयुष चिकित्सा शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने आपातकालीन एंबुलेंस सेवा के अंतर्गत 674 एम्बुलेंस एवं 81 एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस का फ्लैग ऑफ भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज लगभग ढाई हजार नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया जा रहा है। पिछले साढ़े छह वर्ष में स्वास्थ्य विभाग ने अपनी सेवाओं में वृद्धि की है, उसी के क्रम में 674 एम्बुलेंस एवं 81 एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस जोड़ी गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर स्वास्थ्य ठीक नहीं है तो सब बेकार है। ईश्वरीय कृपा से इसमें एलेपैथ और आयुर्वेद, दोनों के हैं। प्रदेश ने अपनी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतरीन किया है। 2017 के पहले पहचान का संकट था। आप में से बहुत से लोग बाहर पढ़ने गए होंगे तो वे अपना नाम, अपने प्रदेश का नाम छिपाए होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले मेडिकल कॉलेजों की प्रदेश में संख्या 18 रही। आज हम हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित कर रहे हैं।
18 से तो अधिक पांच साल में ही शुरू कर दिए हैं। अटल मेडिकल विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है। प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज संबद्ध किए गए हैं। आज कोई गरीब यह नहीं कह सकता कि धनाभाव में वह अपना इलाज नहीं करा पा रहा है। पांच लाख रुपये तक इलाज का खर्च आयुष्मान कार्ड और मुख्यमंत्री आरोग्य योजना के तहत उपलब्ध कराया जा रहा है। गोरखपुर और रायबरेली में एम्स भी शुरू किए गए हैं। यह डबल इंजन की सरकार का प्रयास है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### आयुष से जुड़े प्रोफेसर और प्रिंसिपल नियमित रूप से ओपीडी में बैठें

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जाति के नाम पर विलाप करने वाले लोग समाज और देश को कमजोर करते हैं। 2017 के पहले प्रदेश में इंसेफेलाइटिस से होने वाली मौतें इनके चेहरों को बेनकाब करती थीं। 40 वर्षों में इंसेफेलाइटिस से पचास हजार से अधिक बच्चों की मौतें हुईं, लेकिन जाति-जाति करने वाले लोग वोट बैंक की राजनीति करते रहे, जो उनकी संवेदनहीनता को प्रदर्शित करती है। आज उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस पूरी तरह से नियंत्रण में है। इससे होने वाली मौतों में 96 से 98 प्रतिशत तक की कमी आई है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा और आयुष से जुड़े लेक्चरर, असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और चिकित्सा शिक्षा से जुड़े कॉलेजों के प्रिंसिपल नियमित ओपीडी में बैठें। जितने भी पेशेंट देखें, उनकी केस स्टडी तैयार करें। साथ ही चिकित्सा शिक्षा में शोध को बढ़ावा दें।



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह से भेंट की और मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड विजय पर उनका अभिनंदन किया।

### जिला अस्पताल में नवजात की मौत के बाद परिजनों नें काटा हंगामा

**बरेली।** महिला जिला अस्पताल में नवजात की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। पुलिस ने मामले को शांत कराया। परिजनों का आरोप था कि वार्ड में मौजूद महिला नर्स के इंजेक्शन लगाने के बाद बच्ची की मौत हो गई। थाना कोतवाली के महिला जिला अस्पताल में सुबह अचानक बच्चा वार्ड परिसर में नवजात की मौत के बाद परिजनों नें जमकर हंगामा किया। महिला नर्स सुषमा दयाल का आरोप है कि बिहारीपुर निवासी शादाब पत्नी साहिला गर्भवती थी, जिसके बाद उनको जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला के ऑपरेशन के बाद उसको एक बेटी हुई। बेटी की हालात ठीक न होने पर नवजात को रेफर कर दिया गया था, लेकिन परिजन उसको जिला महिला अस्पताल में ही लेकर टहलते रहे। परिजनों को अस्पताल के स्टॉफ द्वारा बताया गया था कि शासन की ओर से निर्देश हैं कि एसएनसीयू (स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट) में बच्चे को भर्ती नहीं किया जा सकता है। उसके बाद बच्ची का पिता शादाब नवजात को लेकर जिला अस्पताल से चला गया था।

# राजस्थान: दो महारानियों में टक्कर, किसे मिलेगा मौका



**टीम एक्शन इंडिया/राजस्थान**
**राजस्थान** में भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा कौन होगा, इस पर तमाम कयासबाजी जारी है। सबसे ज्यादा संभावना इस बात की जताई जा रही है कि भाजपा आगामी चुनौतियों को देखते हुए किसी नए चेहरे पर दांव लगाएगी। ऐसे में राजस्थान में गजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व राजस्थान अध्यक्ष सतीश पूनिया, सांसद बाबा बालक नाथ, राज्यवर्धन सिंह राठौर सहित कई नामों की चर्चा चल रही है। इसके साथ ही जयपुर राजघराने की दिया कुमारी को भी इस दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा है।
यदि पार्टी किसी महिला को मुख्यमंत्री बनाने की रणनीति पर अमल करती है, तो दिया कुमारी इस रेस में सबसे आगे निकल सकती हैं। लेकिन चूंकि वसुंधरा राजे सिंधिया पहले ही इस पद पर अपनी दावेदारी ठोंक रही हैं, आने वाले दिनों में राजस्थान भाजपा में दो महारानियों के बीच टक्कर देखने को मिल सकती है। दिया कुमारी नए चेहरे के तौर पर भाजपा आलाकमान की पहली पसंद हो सकती हैं तो वसुंधरा राजे सिंधिया अपने अनुभव और विधायकों-संगठन पर पकड़ के कारण उन पर भारी पड़ सकती हैं। भाजपा को तीन राज्यों में मिली शानदार जीत में महिला

**राजनीति...**

8 महिला को सीएम बनाने की रणनीति पर अमल करती है, तो दिया कुमारी इस रेस में सबसे आगे निकल सकती हैं।

मतदाताओं की विशेष भूमिका मानी जा रही है। इसके पहले भी महिला मतदाता भाजपा की बड़ी ताकत बनकर उभरी हैं। चूंकि, अगले छह महीने के अंदर ही लोकसभा चुनाव भी होने हैं, भाजपा किसी महिला को मुख्यमंत्री बनाकर महिला मतदाताओं को आकर्षित करने की एक और कोशिश कर सकती है। महिला समीकरणों में वसुंधरा राजे सिंधिया का नाम सबसे ताकतवर है, वे पहले भी दो बार राजस्थान की कमान संभाल चुकी हैं। राजनीतिक-प्रशासनिक अनुभव, संगठन पर पकड़ और पूरे राजस्थान में मतदाताओं में लोकप्रिय होने के कारण वे इस पद की बड़ी दावेदार हो सकती हैं। जयपुर स्थित अपने आवास पर नवनिर्वाचित विधायकों को भोजन पर आमंत्रित कर उन्होंने अपनी दावेदारी भी पेश कर दी है। इसके पहले वे राजस्थान के राज्यपाल से भी मुलाकात कर चुकी हैं।

## भारतीय संस्कृति की पहचान और वाहक रही है संस्कृत: राष्ट्रपति



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि संस्कृत हमारी संस्कृति की पहचान और वाहक रही है। यह हमारे देश की प्रगति का आधार भी रही है। विश्वविद्यालय की विजिटर और राष्ट्रपति मुर्मू ने नई दिल्ली में श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने जहां दीक्षांत समारोह में 4423 उपाधियां प्रदान कीं वहीं सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छह छात्रों को स्वर्णपदक से विभूषित किया। इस मौके पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुरलीमनोहर पाठक सहित अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे। राष्ट्रपति ने कहा कि संस्कृत का व्याकरण इस भाषा को अद्वितीय वैज्ञानिक आधार देता है। यह मानवीय प्रतिभा की अनूठी उपलब्धि है और हमें इस पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संस्कृत आधारित शिक्षा प्रणाली में गुरु या आचार्य को अत्यधिक महत्व दिया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्र इस परंपरा का पालन करेंगे और अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता के साथ आगे बढ़ेंगे और शिक्षक भी छात्रों को जीवन भर आशीर्वाद देंगे और प्रेरित करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि बुद्धिमान लोग सर्वोत्तम चीजों को स्वीकार करने के लिए अपनी बुद्धि का उपयोग करते हैं।

**विभूषित किया**

8 दीक्षांत समारोह में 4423 उपाधियां प्रदान कीं, वहीं सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छह छात्रों को स्वर्णपदक से विभूषित किया।

# विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए की बैठक टली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विपक्षी** गठबंधन आईएनडीआईए के घटक दलों की छह दिसंबर को दिल्ली में प्रस्तावित बड़ी बैठक स्थगित कर दी गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यह बैठक आहूत की थी। अब इसी तिथि पर एक छोटी बैठक कर आगामी बड़ी बैठक की तारीख तय की जाएगी।
इस बैठक के स्थगित होने को लेकर कांग्रेस की ओर से कोई बयान नहीं जारी किया गया है, लेकिन सूत्रों ने बताया कि घटक दलों के कई नेताओं के इस प्रस्तावित बैठक में शामिल नहीं होने की जानकारी मिलने के बाद अब यह बैठक 06 दिसंबर के स्थान पर इस महीने के तीसरे सप्ताह में आयोजित की जाएगी। अब 06 दिसंबर को दिल्ली में एक छोटी बैठक कर आगामी बड़ी बैठक की तारीख तय की जाएगी।
सूत्रों ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री एवं जदयू के प्रमुख नीतीश कुमार, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं टीएमसी की प्रमुख ममता बनर्जी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इस बैठक में नहीं आने की जानकारी दी थी। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समय का हवाला देते हुए बैठक में शामिल होने में असमर्थता जताई थी। ममता ने तो यहां तक कहा था कि उन्हें इस बैठक के बारे में कोई सूचना ही नहीं है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं डीएमके के प्रमुख एमके स्टालिन ने चक्रवाती तूफान मिचौंग से प्रभावित राज्य के क्षेत्रों का दौरा करने के कारण बैठक के लिए दिल्ली पहुंचने में असमर्थता जताई थी।

**बैठक स्थगित**

8 झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समय का हवाला देते हुए बैठक में शामिल होने में असमर्थता जताई थी।

### डेढ़ करोड़ से अधिक की अफीम बरामद, चार गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** पुलिस ने जैतीपुर और मदनापुर थाना क्षेत्र से बाइक सवार दो-दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को एक करोड़ साठ लाख रुपये कीमत की अफीम तस्करों के पास से मिली है। जैतीपुर थानाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने बताया की सोमवार को देर रात पुलिस टीम पडैनिया पुलिया के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस टीम ने बाइक सवार दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तस्कर जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव कटका निवासी भंवरपाल उर्फ बबलू तथा रितेश है। उनके कब्जे से उच्च क़्वालिटी की डेढ़ किलोग्राम अफीम बरामद हुई है।

# शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के लिए किए गए हैं कड़े बंदोबस्त

**टीम एक्शन इंडिया/बेगूसराय**
बिहार लोक सेवा आयोग पटना द्वारा आयोजित होने वाले अध्यापक नियुक्ति परीक्षा (टीआरई-2.0) के सफल और कदाचार मुक्त संचालन की तैयारी कर ली गई है। बेगूसराय में आठ दिसम्बर को नौ, नौ दिसम्बर को 14, दस दिसम्बर को आठ तथा 14 एवं 15 दिसम्बर को 14-17 केन्द्रों पर एक पाली में परीक्षा होगी। डीएम रोशन कुशवाहा एवं एसपी योगेन्द्र कुमार ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी स्टैटिक दंडाधिकारी,



जोनल दंडाधिकारी-सह-गश्ती दंडाधिकारी, उड़नदस्ता दल, केंद्राधीक्षक एवं संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आज कंकौल में नवनिर्मित प्रेक्षागृह-सह-आर्ट गैलरी भवन संयुक्त ब्रीफ किया। मौके पर सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। डीएम एवं एसपी ने कहा कि यह परीक्षा राज्य के लिए अति प्रतिष्ठापूर्ण परीक्षा है। परीक्षा स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से कराने की पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को अपने कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करते हुए कदाचार मुक्त परीक्षा संपादित कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के आसपास परीक्षा अवधि में धारा-144 का गंभीरता से पालन कराने तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास के स्टेशनरी एवं फोटोकॉपी दुकानों को बंद रखने का निर्देश दिया। परीक्षा कक्ष में किसी भी परिस्थिति में मोबाइल फोन नहीं रहेगा। परीक्षा शुरू होने से ढाई घंटे पहले उम्मीदवार को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करना है।

**उपलब्धि** एक अन्य अनूठे प्रयोग में चंद्रयान-3 का प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) को चंद्र कक्षा से पृथ्वी की कक्षा में लाया गया है

# प्रोपल्शन मॉड्यूल चंद्रमा की कक्षा से वापस पृथ्वी की कक्षा में स्थापित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**चंद्रयान** 3 ने आज एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। इसरो एक अनूठे प्रयोग के तहत चंद्रमा की कक्षा में चक्कर लगा रहे चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) को वापस धरती की कक्षा में ले आया है। इसरो ने मंगलवार को एक्स पर खुशी साझा करते हुए बताया कि एक अन्य अनूठे प्रयोग में चंद्रयान-3 का प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) को चंद्र कक्षा से पृथ्वी की कक्षा में लाया गया है। प्रोपल्शन मॉड्यूल इसके लिए रिटर्न मैनुवर यानी वापसी की प्रक्रिया की गई।



इसरो के मुताबिक 10 नवम्बर को प्रोपल्शन मॉड्यूल ने चंद्रमा से वापस धरती की यात्रा शुरू की। 22 नवम्बर को यान धरती के निकटतम बिंदु (पेरिगी) से होकर गुजरा। यह प्रयोग चंद्रमा से नमूने वापस लाने के मिशन (सैंपल रिटर्न मिशन) को ध्यान में रखते हुए किया गया है। प्रोपल्शन मॉड्यूल जो पहले चंद्रमा की 150 कि.मी. वाली कक्षा में चक्कर लगा रहा था अब धरती की कक्षा में है। इसरो के मुताबिक इस प्रोपल्शन मॉड्यूल को चंद्रमा की कक्षा में केवल तीन महीने तक रहना था। लेकिन इसरो ने ईंधन का उपयोग कर प्रोपल्शन मॉड्यूल को वापस धरती की कक्षा में लाने का फैसला किया ताकि, सैंपल रिटर्न मिशन के लिए अहम जानकारियां जुटाई जा सकें। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 मिशन को 14 जुलाई 2023 को लॉन्च को श्री हरिकोटो से प्रक्षेपित किया गया था। चंद्रयान -3 मिशन का उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र के पास एक सॉफ्ट लैंडिंग करना और विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर के माध्यम से चंद्रमा की सतह पर मौजूद खनीज का पता लगाना था। 23 अगस्त को चंद्रयान तीन ने चंद्रमा की धरती पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग की। उसके बाद 10 दिनों तक विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर ने जानकारियां जुटाई। उसके बाद उसे स्लीप मोड पर डाल दिया गया। यह होता है प्रोप्लशन मॉड्यूलः चंद्रयान तीन में तीन अहम हिस्से थे जिसमें प्रोपल्शन मॉड्यूल, दूसरा है लैंडर मॉड्यूल और तीसरा है रोवर। प्रोपल्शन मॉड्यूल चंद्रयान-3 का काम लैंडर और रोवर को धरती की कक्षा से चांद की ओर ले जाना है।

# स्टालिन ने केंद्र को लिखा पत्र, 5000 करोड़ रुपये देने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**तमिलनाडु** में मिचौंग तूफान के चलते हुई तबाही के मद्देनजर मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को केंद्र सरकार से मदद की गुहार लगाई । बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से चर्चा में स्टालिन ने कहा कि इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार हर संभव कोशिश कर रही है। केंद्र सरकार को भी पत्र लिखा गया है। केंद्र सरकार से राज्य को तुरंत 5000 करोड़ रुपये देने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि चक्रवाती



तूफान मिचौंग की वजह से पिछले दो-तीन दिनों में चेन्नई सहित तटीय क्षेत्रों में भारी बारिश हुई है। इसके मद्देनजर राज्य सरकार युद्ध स्तर पर सभी जरूरी कदम उठा रही है। तूफान ने चेन्नई, कांचीपुरम, तिरुवल्लुर और चेंगलपट्टू जिलों में भारी तबाही मचाई है। आज शैक्षणिक संस्थानों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लिए अवकाश घोषित किया गया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 326 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## 'राजधानी दिल्ली में सुरक्षित नहीं है महिलाएं'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की वार्षिक अपराध रिपोर्ट पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा के मुद्दे को राजनीति से दूर रखने की जरूरत है। स्वाति ने 'एक्स' (पूर्व में ट्वीटर) पर लिखा है कि 'एक बार फिर हर साल की तरह हमारी सुंदर प्यारी दिल्ली महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहरों की सूची में शामिल है। दिल्ली महिला आयोग में पिछले आठ साल में हमने महिलाओं की मदद के लिए हर संभव कोशिश की है।' उन्होंने आगे लिखा है कि 'महिला सुरक्षा ऐसा मुद्दा है जिसे राजनीति से दूर रखने की जरूरत है। बेटियां किसी पार्टी की नहीं, हमे मिलकर दिल्ली को सुरक्षित बनाना है।

रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली की महिलाओं के साथ सबसे अधिक आपराधिक घटनाएं हुई हैं। 2022 में 14,158 केस दर्ज हुए, जिनमें से 3909 अपहरण की घटनाएं, रेप की 1204 घटनाएं, दहेज हत्या की 129 घटनाएं और पतियों या रिश्तोदारों द्वारा क्रूरता की 4847 घटनाएं दर्ज हुई हैं। सोमवार को जारी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की वार्षिक अपराध रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत साल 2022 में कुल 2,98,988 मामले दर्ज किए गए। 2021 में 2,89,045 मामले दर्ज किए गए थे। पिछले वर्ष की तुलना में इन घटनाओं में 3.3 फीसदी का इजाफा दर्ज हुआ है।

# राजधानी दिल्ली की आबोहवा फिर बिगड़ी

## प्रदूषण का स्तर बढ़ा, आनंद विहार सबसे ज्यादा प्रदूषित, दो दिन ऐसे ही रहेंगे हालात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में उतार चढ़ाव जारी है। प्रदूषण के स्तर में तीन दिनों की गिरावट के बाद मंगलवार को बढोतरी हुई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली के कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर बेहद खतराक स्थिति में पहुंच गया है। बीते दिन दिल्ली में एक्यूआई खराब स्तर पर था। आकंड़ों के मुताबिक, आनंद विहार में 340, अशोक विहार में 315, आईटीओ दिल्ली पर 307 और जहांगीरपुरी में 332 एक्यूआई दर्ज हुआ है। मंगलवार को हवाएं उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है।

**अधिकतर इलाकों में हवा बेहद खराब:** बीते सोमवार को भी दिल्ली में वायु सूचकांक बेहद खराब श्रेणी में बरकरार रहा। अधिकतर इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई थी दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 310 दर्ज किया गया, जोकि बेहद खराब श्रेणी है। सोमवार को सुबह से ही कोहरा छाया रहा। राजधानी के 25 इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। वहीं, दस इलाकों में हवा खराब श्रेणी में रही।






**गुरुवार तक ऐसा ही रहेगा प्रदूषण का हाल:** दिल्ली की हवा समग्र रूप से बेहद खराब श्रेणी में बनी रही। कमोबेश यही स्थिति गुरुवार तक बने रहने का अनुमान है। विशेषज्ञों का कहना है कि हवा की गति में सुधार आया है, जिससे वायु गुणवत्ता सूचकांक में कमी देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि हवा की गति और बढ़ती है, प्रदूषण में कमी आएगी। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक, सोमवार को हवाएं उत्तर-पश्चिम से उत्तर-पूर्व दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति चार से छह किलोमीटर प्रतिघंटे रही। मंगलवार को हवाएं उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा की गति चार से दस किलोमीटर प्रतिघंटे रहने के आसार है।

**अगले दिन दिन तक कैसा रहेगा एक्यूआई:** वहीं, सुबह के समय धुंध व कोहरा छाए रहने की आशंका है। ऐसे में हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी। बुधवार को हवाएं उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चलेंगी। इस दौरान हवा की चाल चार से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है।

**गाजियाबाद में मंगलवार को प्रदूषण का स्तर**

| | |
|---|---|
| गाजियाबाद- | 212 |
| वसुंधरा- | 266 |
| इंदिरापुरम- | 160 |
| संजय नगर- | 209 |

## युवक के चेहरे और गर्दन पर ब्लेड से ताबड़तोड़ वार, 53 टांके आए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रेम** नगर थाना क्षेत्र में सोमवार की रात आपसी विवाद में एक युवक पर ब्लेड से हमला कर दिया, जिससे युवक बुरी तरह से घायल हो गाया। उसे तुरंत मंगोलपुरी स्थित संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान पीड़ित के चेहरे व गर्दन पर 53 टांके आए हैं। इस पूरे मामले में पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित 19 वर्षीय जीशान अपने परिवार के साथ किराड़ी के इंद्र एन्क्लेव फेज-1 में परिवार के साथ रहता है, जो अपने पिता के साथ हेलमेट बनाने वाली एक फैक्ट्री में काम करता है। जीशान ने बताया कि वह सोमवार की रात अपने दोस्त विष्णु के साथ अपने घर पर था। इस दौरान उनके पिता ने प्रेम नगर-3 में रहने वाले किसी जानकार के घर से पैसे लाने के लिए कहा। जीशान सोमवार की रात करीब 9 बजे अपने दोस्त विष्णु के साथ एक दुकान पर रूक कर कोल्ड ड्रिंक पीने लगे।

**कहासुनी के बाद किया ब्लेड से हमला:** जीशान का आरोप है कि इस दौरान उसका एक अन्य दोस्त उसके पास आया। कुछ देर बाद दो अन्य लड़के भी आ गए, जिससे किसी बात पर कहासुनी हो गई। इनमें से एक लड़के ने मेरे चेहरे व गर्दन पर ब्लेड से हमला कर फरार हो गया। खून अधिक बहता देख, मौके पर मौजूद विष्णु ने जीशान को तुरंत संजय गांधी अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां इलाज के बाद डॉक्टर ने छुट्टी दे दी है।

## प्रेम नगर में चलाया 'मैं भी केजरीवाल' हस्ताक्षर अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
"मैं भी केजरीवाल" हस्ताक्षर अभियान के तहत मंगलवार को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री राज कुमार आनंद ने कार्यकताओं के साथ अपनी विधानसभा क्षेत्र पटेल नगर के प्रेम नगर फाटक से डोर टू डोर अभियान चलाया। मंत्री राज कुमार आनंद ने कहा कि पिछले चार दिन से दिल्ली में आम आदमी पार्टी "मैं भी केजरीवाल" अभियान चला रही है। इस मुहिम के तहत आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ता एक पर्चा लेकर घर-घर जा रहे हैं और आम जनता को इस बारे में बता रहे हैं कि किस प्रकार से भाजपा पार्टी, आम आदमी पार्टी के नेताओं को मनगढ़ंत और फर्जी मुकदमों में फंसा कर जेल में बंद करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि



इसी सन्दर्भ में भाजपा पार्टी के कई बड़े नेता इस बात की धमकी भी दे चुके हैं कि अब आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजा जाएगा। राज कुमार आनंद ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को सरकार चलाने के लिए दिल्ली की जनता ने बहुमत दिया था। इसी कारण हम दिल्ली की जनता के पास जाकर उनसे उनका मत जानने के लिए यह अभियान चला रहे हैं और जनता की तरफ से जो भी प्रतिक्रिया हमें प्राप्त होती है, हमारे कार्यकर्ता उसे एक रजिस्टर में दर्ज करके पूरी दिल्ली से एक डाटा इकट्ठा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि न केवल घर के आदमी ही बल्कि गृहणी, स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे भी इस बारे में भली भांति जानते है कि किस प्रकार से भाजपा पार्टी, आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसा कर जेल में बंद कर रही है। उन्होंने बताया कि इस डोर टू डोर के दौरान हमें दिल्ली की जनता की अपार सहानुभूति मिल रही है।

## बहन का पीछा करने से नाराज भाई ने युवक की चाकू घोंपकर की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार इलाके में बहन का पीछा करने से नाराज भाई ने लड़के की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है।
आरोपी की पहचान दीपक उर्फ लक्की के रूप में हुई है। वहीं मरने वाले की पहचान 19 वर्षीय नीरज के तौर पर हुई है, वह त्रिलोक पुरी का रहने वाला था और फरीदाबाद में रहकर एक जिम में काम करता था। सोमवार वह अपनी परिवार से मिलने के लिए त्रिलोकपुरी आया था। आरोप है कि सोमवार देर शाम नीरज त्रिलोकपुरी 17/ 18 ब्लॉक सड़क की फुटपाथ पर बैठा था। इसी दौरान त्रिलोकपुरी 20 ब्लॉक में रहने वाले 18 साल के युवक से उसकी हाथपाई हो गई। इसी झगड़े में आरोपित ने नीरज को चाकू मार दी और वहां से फरार हो गया। बाद में अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सोमवार देर शाम थाना मयूर विहार को सूचना प्राप्त मिली नीरज नामक का एक लड़का एलबीएस अस्पताल में अचेत अवस्था में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर एसएचओ स्टाफ के साथ एलबीएस अस्पताल पहुंचे। क्राइम और एफएसएल टीम ने घटनास्थल यानी ब्लॉक नंबर 18 और 19, त्रिलोकपुरी सड़क की जांच की। पूछताछ के दौरान पता चला कि नीरज फरीदाबाद में एक जिम में हेल्पर का काम करता था।

## दिल्ली में यमुना के पास फिर लौटी रौनक

**नई दिल्ली**। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की ओर से यमुना रिवर फ्रंट के तहत खादर क्षेत्र में विकसित किए गए असिता ईस्ट में फिर से रौनक लौट आयी है। लोग भी प्रकृति के निकट पहुंचकर सैर का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। वहीं सेल्फी प्वाइंट, जलाशय के किनारे बैठकर खूबसूरत दृश्यों को अपने कैमरे में कैद कर रहे हैं। दो-तीन महीनों पहले यमुना का जलस्तर बढ़ने से असिता ईस्ट को तैयार करने में डीडीए की सारी मेहनत पर पानी फिर गया था, लेकिन डीडीए के उद्यान विभाग ने हालात सामान्य होने के बाद फुटपाथ ट्रैक को सुधारकर और हरियाली विकसित कर असिता ईस्ट का दोबारा से सुंदरीकरण कर दिया है।

## ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स ने की 'बिल्ड फॉर भारत' पहल की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ओपन** नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) ने गूगल क्लाउड इंडिया, एंटलर इन इंडिया, पेटीएम, प्रोटीन और स्टार्टअप इंडिया की मदद से 'बिल्ड फॉर भारत' पहल की घोषणा की है। इसका उद्देश्य डिजिटल कॉमर्स में विविध चुनौतियों से निपटने के साथ व्यावहारिक समाधान विकसित करने के लिए औद्योगिक नवाचार को बढ़ावा देना है।

ओएनडीसी के प्रबंध निदेशक और सीईओ टी कोशी ने राजधानी में आयोजित तीन घंटे की कार्यशाला में यह ऐलान किया। उन्होंने कहा कि इस पहल का




इरादा स्टार्टअप्स, कंपनियों और कॉलेजों के दो लाख से अधिक प्रतिभागियों की अपेक्षित भागीदारी के साथ भारत की तकनीकी और उद्यमशीलता क्षमता का लाभ उठाना है। इस भागीदारी में ईको सिस्टम-संचालित फ्रेमवर्क को प्राथमिकता दी जाएगी। इस पहल के तहत शीर्ष विशेषज्ञों, लीडर्स, वीसी और इनक्यूबेटर्स के साथ 50 से अधिक शहरों में राष्ट्रीय स्तर पर कार्यशाला आयोजित की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल के अंतर्गत रिटेल, मोबिलिटी, एफ ऐंड बी, वित्तीय सेवाओं और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को कवर किया गया है। साथ ही तीन श्रेणियों में पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

नेक्स्टजेन वेंचर्स में श्रेणी 1 के विजेताओं को एंटलर इन इंडिया से विशेष अवसरों और उद्योग के दिग्गजों से मार्गदर्शन का लाभ मिलेगा। उन्हें पांच करोड़ रुपये तक का इक्विटी-मुक्त अनुदान पाने का मौका मिलेगा। श्रेणी 2 और 3 में गूगल इंडिया शॉर्टलिस्ट की गई टीमों को मूल्यवान तकनीकी मार्गदर्शन के साथ क्लाउड क्रेडिट प्रदान करेगा।


## युवा मस्तिष्क विज्ञान और प्रौद्योगिकी और इनोवेशन के साथ भारत के भविष्य के विकास को आगे बढ़ाएंगे: सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** सरकार के माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (स्वतंत्र प्रभार), राज्य मंत्री - डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, जय सिंह रोड, नई दिल्ली में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद विद्यालयों के वार्षिक विज्ञान मेले का उद्घाटन किया। विज्ञान मेले का उद्घाटन करने के बाद, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि युवा दिमाग विज्ञान और प्रौद्योगिकी और इनोवेशन के साथ भारत के भविष्य के विकास को आगे बढ़ाएंगे। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भारत की वैज्ञानिक क्षमता की बहुत बड़ी भूमिका होने वाली है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने यह भी कहा कि, "हमारी सबसे बड़ी संपत्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जिनकी न केवल विज्ञान के प्रति स्वाभाविक रुचि है, बल्कि वे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आधारित



पहलों और परियोजनाओं को समर्थन और बढ़ावा देने में भी आगे आ रहे हैं।"
इस अवसर पर, पालिका परिषद के अध्यक्ष - श्री अमित यादव, उपाध्यक्ष - श्री सतीश उपाध्याय, सदस्य एनडीएमसी - श्रीमती विशाखा शैलानी, अन्य वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक और अभिभावक भी उपस्थित थे।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) विद्यार्थियों की वैज्ञानिक रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए 05 से 6 दिसंबर, 2023 को सुबह 08:30 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, जय सिंह रोड, नई दिल्ली में दो दिवसीय एनडीएमसी स्कूलों के वार्षिक विज्ञान मेले का आयोजन कर रही है। इसमें अपने स्कूलों के उभरते वैज्ञानिकों द्वारा मॉडल और चार्ट के रूप में इस मेले का आयोजन किया गया है। इस विज्ञान मेले का विषय "प्रौद्योगिकी और खिलौने" है। एनडीएमसी स्कूलों के अलावा इसमें इस वर्ष सेंट कोलंबस, सेंट थॉमस, मॉडर्न स्कूल, सरदार पटेल सहित कुछ पब्लिक स्कूल, नेशनल साइंस सेंटर, साइंस मैगजीन-साइंस रिपोर्टर और अविष्कार जैसी पत्रिकाएँ विज्ञान मेले में भाग लेने वालों में से है। विज्ञान खेल, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, स्वास्थ्य मेला, विज्ञान खिलौने आदि भी इस विज्ञान मेले के मुख्य आकर्षण हैं। पालिका परिषद के इस विज्ञान मेले में 60 से अधिक मॉडल्स प्रदर्शित किये गये है, जो भविष्य के वैज्ञानिकों के वैज्ञानिक स्वभाव, योग्यता और नवीन दिमाग को प्रदर्शित करते हैं। विज्ञान/गणित के आविष्कारी प्रदर्शन, पालिका टिंकरिंग लैब/अटल टिंकरिंग लैब के प्रदर्शन, और "विज्ञान के साथ मनोरंजन" पर छात्रों के लिए इंटरैक्टिव कार्यशालाएं और राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र के साथ विज्ञान के चमत्कारों की खोज भी विज्ञान में शामिल किये।



# 'विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प हमें मिलकर पूरा करना है'



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अम्बाला शहर** के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया हैं, उस संकल्प को हमको मिलकर पूरा करना हैं। इस सपने को साकार करते हुए देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र की सूचि में शामिल करने का काम करना हैं। विधायक विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम के तहत गांव डेलूमाजरा व नन्यौला के सरकारी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहीं। इस मौके पर उन्होंने हमारा संकल्प विकसित भारत की उपस्थित सभी को शपथ भी दिलवाई। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम दर्शन कुमार विशेषतौर पर मौजूद रहें।

विधायक असीम गोयल ने इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों व अन्य को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आजाद भारत का सबसे बड़ा जनसम्पर्क कार्यक्रम (विकसित भारत संकल्प यात्रा) निकाली जा रही हैं। पिछले साढे नौ वर्षो में विकास के नाते देश मे जो आयाम स्थापित किए जा रहे है उस बारे यात्रा के माध्यम से लोगों को जानकारी दी जा रही हैं।

इसी प्रकार हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भी प्रदेश मे विकास के नए रास्ते खुले हैं। पारदर्शिता तरीके से सभी कार्य हो रहे है। लोगों को अपने काम करवाने के लिए अब किसी भी प्रकार की सिफारिश की जरूरत नहीं हैं। ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से सुगमता से लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाने का काम किया जा रहा हैं। उन्होनें कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार आपके द्वार पर आकर चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र है या शहरी क्षेत्र के वार्ड है, वहां पर जाकर लोगों को केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवा रही हैं। केन्द्र व प्रदेश सरकार की जो योजनाएं चल रही है उस बारे सभी को विस्तार से जानकारी दी जा रही हैं। जो भी इन योजनाओं से सम्बधिंत पात्र व्यक्ति है, यदि वह किसी कारण वश इन योजनाओं का लाभ लेने में पीछे रह गया है तो उसे योजनाओं का लाभ दिलवाया जा रहा है और यही यात्रा को निकाले जाने का मुख्य उद्देश्य हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद के दौरान आज विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर अपने विभागों की योजनाओं की न केवल जानकारी दी बल्कि पात्र नागरिकों को योजनाओं के लिए पंजीकृत भी किया। इस दौरान परिवार पहचान पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड/चिरायु हरियाणा कार्ड, बीपीएल कार्ड सम्बन्धित कार्य किए गए। आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने उज्जवला स्कीम के तहत तीन लाभार्थियों जिनमें शीतल नन्यौला, अंजू नन्यौला व कमलजीत डेलूमाजरा से उज्जवला योजना के तहत गैस कनैक्शन दिया गया। इसी प्रकार कार्यक्रम में पात्र व्यक्तियों में 24 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाएं गए जिनमें से लाभार्थी संजीव कुमार व सोनिया गांव नन्यौला को विधायक ने आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए।

स्वास्थ्य व आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जांच व दवाइयां वितरित की गई।

इसके अलावा कृषि विभाग, बागवानी विभाग, विकास व पशुपालन आदि अनेक विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# विज निरंतर अपने निवास पर सुन रहे लोगों की समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा के** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने अपने आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से आए लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। विज के समक्ष पूर्व सैनिक की विधवा ने शिकायत रखते हुए बताया कि वह अम्बाला छावनी में डिफेंस कालोनी की रहने वाली है और उसने एक डीलर से प्लॉट खरीदा था, मगर बार-बार कहने के बावजूद भी न तो डीलर ने रजिस्टरी उसके नाम की और न ही उसके पैसे लौटाए। इसी तरह, अम्बाला शहर निवासी उद्योगपति ने गृह मंत्री को बताया कि गत दिनों उसे विदेशी नंबर से कॉल आई और कॉल करने वाले ने स्वयं को बवानिया गैंग का सदस्य बताते हुए जान से मारने की धमकी दी। उसने बताया कि पूर्व में उसने दिल्ली के एक व्यापारी के खिलाफ सवा दो करोड़ की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था और इसी केस को वापस लेने की धमकी आरोपियों द्वारा दी गई। गृह मंत्री अनिल विज ने दोनों मामलों में अम्बाला एसपी को जांच कर केस दर्ज करने के निर्देश दिए। गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष कबूतरबाजी के कई मामले सामने अए जिन्हें कबूतरबाजी के लिए गठित एसआईटी को जांच के निर्देश दिए गए। कैथल निवासी रिटायर्ड सब-इंस्पेक्टर ने शिकायत देते हुए बताया कि उसके बेटे को अमेरिका भेजने के नाम पर ठग ने 30 लाख रुपए की ठगी थी। इसी तरह, कुरुक्षेत्र निवासी युवक ने व्यक्ति ने बताया कि उसके बेटे को एजेंट ने विदेश भेजने के नाम पर 42 लाख रुपए की ठगी की, वहीं कैथल निवासी महिला ने बताया कि उसके बेटे से एजेंट ने अमेरिका भेजने के नाम पर 55 लाख रुपए की ठगी की। मंत्री विज ने सभी मामलों में एसआईटी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

**इंद्री में हत्या मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित:** गृह मंत्री अनिल विज को इंद्री निवासी परिवार ने बताया कि उनके बेटे की गत दिनों हत्या कर दी गई थी। उनका आरोप था कि पुलिस ने हत्या का केस तो दर्ज किया, मगर अब तक आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई है। गृह मंत्री विज ने मामले की जांच एसआईटी से कराने के निर्देश दिए। अम्बाला शहर निवासी महिला ने उसके बेटे पर आर्म्स एक्ट का फर्जी मुकद्दमा दर्ज होने की शिकायत दी जिसपर मंत्री विज ने एसपी को जांच के निर्देश दिए।

**यमुनानगर में किशोरी गायब, गृह मंत्री ने एसपी यमुनानगर को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए :** यमुनानगर से आए परिवार ने बताया कि उनकी बेटी 17 वर्षीय है और गत दिनों से वह लापता है। पुलिस को मामले की शिकायत दर्ज कराने के बावजूद भी अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। गृह मंत्री ने एसपी यमुनानगर को फोन मिलाते हुए किशोरी की तलाश तेजी से करने के निर्देश दिए।

## न्यूज फ्लैश

### कच्ची भर्ती के नाम पर युवाओं का शोषण बंद करें सरकार: ओंकार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
गठबंधन सरकार से भर्ती के नाम पर युवाओं का शोषण बंद करने की मांग करते हुए इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने कहाकि मौजूदा सरकार हरियाणा कौशल रोजगार निगम व सक्षम योजना के नाम पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ व उनका शोषण कर रही है। अस्थाई कर्मचारीयों से कार्य तो स्थाई कर्मचारीयों से भी अधिक लिया जाता है लेकिन वेतन व सुविधाओं के नाम पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। सरकार आज प्रत्येक विभाग मे नियमित व स्थाई भर्ती के स्थान पर कच्चे मां स्थाई कर्मचारीयों की भर्ती कर रही है जिनका कार्य व कार्य के प्रति जिम्मेवारी स्थाई कर्मचारीयों से भी अधिक है लेकिन वेतन 12000 रुपये से 15000 रुपये प्रतिमाह तक ही है। नगर परिषद की ही बात करें तो आज नगर परिषद में 93 कर्मचारी स्थाई व लगभग 25 कर्मचारी स्थाई है। नगर परिषद में ही अस्थाई सफाई कर्मचारी 363 है जबकि स्थाई सफाई कर्मचारी मात्र 53 है। ऐसे ही तहसील, बिजली बोर्ड, पब्लिक वर्क्स विभाग व अन्य विभागों मे अस्थाई कर्मचारीयों की भरमार है। उन्होंने सरकार से मांग की कि इन अस्थाई कर्मचारीयों को पक्का किया जाए क्योंकि इनमें से अधिकतर कर्मचारी अपनी नौकरी करने की अधिकतम आयु सीमा को पार कर चुके हैं और उन्हें इस उम्र में अब कहीं भी नौकरी नहीं मिलेगी। हर वर्ष स्थाई कर्मचारी रिटायर तो हो रहे हैं लेकिन उनके स्थान पर स्थाई कर्मचारीयों की भर्ती नहीं हो रही। उन्होंने सरकार से मांग की कि पिछले 9 वर्षों में कितने स्थाई कर्मचारी रिटायर हुए और उनके स्थान पर कितने स्थाई कर्मचारियों की नियुक्ति की गई इस संबंध में श्वेत पत्र जारी किया जाए ताकि प्रदेश की जनता को वास्तविक स्थिति का पता लग सके। प्रदेश के युवाओं से वायदा करते हुए उन्होंने कहा कि इनेलो सरकार आने पर नियमित व स्थाई कर्मचारीयों की भर्ती की जाएगी।

### वर्ग-3 में नहीं होगी कोई भी समस्या: पार्षद सुरेंद्र मदान



**वार्ड 3** के पार्षद सुरेंद्र मदान ने कहा कि पिछले दिनों वार्ड 3 के आदर्श नगर में गालियों के निर्माण के दौरान कुछ गलियों को बीच में ही छोड़ देना पड़ा था क्योंकि वहां पर पानी की लाइन डलवाई जानी थी। अब पानी की लाइन डलवा दी गई है और आदर्श नगर में बची हुई सभी सड़कों का निर्माण आज से आरंभ कर दिया गया। इस कार्य के शुरू होने से आदर्श नगर के संबंधित निवासियों में खुशी की लहर देखने को मिली। इन बची हुई सड़कों के निर्माण कार्य के शुभारंभ के अवसर पर मौके पर उपस्थित वार्ड तीन पार्षद एवं निगम की फाइनेंस एंड कांट्रैक्ट कमेटी के वाइस चेयरमैन सुरेंद्र मदान ने कहा की आदर्श नगर की इन बची हुई सड़कों के निर्माण को लेकर मुझे सदा चिंता रहती थी और मेरी कोशिश थी कि इन सड़कों को यथाशीघ्र बनवाकर अगले विकास कार्यों की तरफ ध्यान दिया जाए। मुझे खुशी है कि आज यह कार्य आरंभ हो गया है और जल्दी ही पूरा भी हो जाएगा और इस प्रकार आदर्श नगर के निवासियों की यह मांग भी पूरी हो जाएगी। उन्होंने सदा की तरह आज भी अपनी बात दोहराई कि वार्ड तीन मेरा घर है और इस वार्ड के निवासी मेरे परिवार के सदस्य हैं। इनकी छोटी-बड़ी तकलीफ मेरी निजी तकलीफ है। वार्ड -3 के किसी विकास कार्य में जब भी देरी होती है तो मुझे बहुत पीड़ा होती है। इस अवसर पर उन्होंने एक बार फिर अपील की कि वार्ड 3 के सभी नागरिक मुझ पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें, मैं अपने दायित्व का निर्वाह ईमानदारी और निष्ठा से करता रहूंगा।

# स्केटिंग चैंपियनशिप में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा




**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**ज्ञान गंगा** ग्लोबल स्कूल (जी-3) में आयोजित इंटर हाउस स्केटिंग चैंपियनशिप में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। चैंपियनशिप में स्कूल की लेपर्ड हाउस की टीम पहले, पैंथर हाउस दूसरे, जगुआर हाउस तीसरे व प्यूमा हाउस की टीम चौथे स्थान पर रही। लेपर्ड हाउस के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाकर सभी को प्रभावित किया। इससे पहले स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने इंटर हाउस स्केटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। सुधीर जैन ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जीतना और हारना खेल का केवल एक हिस्सा है। उन्होंने बच्चों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।

चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा और खेल दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। स्कूल प्रबंधन विद्यार्थियों के बौद्धिक और शारीरिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। खेलों से बच्चों में सहयोग, सहनशीलता, अनुशासन जैसे मानवीय गुणों का विकास होता है। अनुशासन, स्वास्थ्य और मनोरंजन का अच्छा साधन होने के कारण आज खेलों को भी शिक्षा में महत्वपूर्ण स्थान दिया जा रहा है। सीईओ संजय जैन ने भी जोर देकर कहा कि केवल पुस्तकों के ज्ञान से ही बच्चों का सवार्गीण विकास नहीं होता है बल्कि खेलों से ही संतुलित मन और मस्तिष्क का विकास होता है। खेल इंचार्ज संजीत ने बताया कि इंटर हाउस स्केटिंग चैंपियनशिप में लड़कों के अंडर-8 आयु वर्ग में विहान पहले, जय दूसरे व धरम तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-10 आयु वर्ग में हर्षित ने पहला, पर्व ने दूसरा व आर्यन ने तीसरा स्थान पाया। अंडर-10 इनलाइन में तुषार प्रथम, विनीत द्वितीय व हर्ष तृतीय स्थान पर रहे।

# घर से खेत में ले जाकर किसान से मारपीट कर घायल करने का आरोप

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**सदर थाना** क्षेत्र के गांव भठगांव में किसान को घर से खेत में ले जाकर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वारदात के बाद से आरोपित फरार है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव भटगांव निवासी रमेश ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। गत 2 दिसंबर को रात करीब 11 बजे वह अपने घर पर मौजूद था। उसी दौरान प्रदीप, मुसा, सनपरिया उसके घर पर आ गए। उसे कहने लगे कि कुछ काम है। उसे लेकर वह खेत में पहुंचे। जहां उसके साथ मारपीट करने लगे। उसे पीट-पीटकर घायल कर दिया। लोगों को आता देख आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उपचार के बाद उसे घर भेज दिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एसआई सलैंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# अग्रवाल धर्मशाला सोनीपत में नेत्र चिकित्सा कैंप में 184 मरीजों की हुई जाँच



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत की** अग्रवाल धर्मशाला गुड़ मंडी में दी महाराजा अग्रसेन समिति के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया गया जिसमें की गुरुग्राम इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय से डॉक्टरों की टीम अग्रसेन समिति के सौजन्य से बुलाई गई थी जिसमें की आम जनता अपनी आंखों का चेकअप बिना किसी शुल्क के करवाया और इसमें से 39 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई जिनमे से 30 को आज टीम के साथ ऑपरेशन के लिए भेजा गया तथा अन्य 9 मरीजों को दिनांक 07 दिसम्बर को ऑपरेशन के लिए भेजा जायेगा तथा जिनको कोई अन्य बीमारी थी तो उनको फ्री मे दवाइयां दी गई, इस कैंप मे पूर्णता फ्री इलाज किया जाता है और जिन वृद्धों को दवाइयों और अन्य किसी चीज की आवश्यकता होती है उनको बिना किसी शुल्क के प्रदान किया जाता है। जरूरतमंद मरीजों के लिए मुफ्त मे चश्मे का प्रबंध संजय मक्कड़ द्वारा किया गया है,इस कैम्प मे मरीजों की शुगर व ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त मे की गई,प्रधान टीकाराम मित्तल ने बताया की हर महीने के पहले मंगलवार को यह कैम्प लगाया जायेगा,संजय सिंगला ने बताया की आज इस कैम्प मे 184 मरीजों ने जाँच करवाई,जिसमें महाराजा अग्रसेन समिति के सदस्य सभी एकजुट होकर आम जनता की सेवा करते हैं और महीने के पहले मंगलवार को नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया जाता है।

# घर के बाहर से इक्को गाड़ी चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**राई थाना** क्षेत्र के गांव बढ़मलिक में घर के बाहर से इक्को गाड़ी के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। बढ़मलिक निवासी बिजेंद्र ने बताया कि उसके पास ईक्को गाड़ी है। जोकि उसने गांव में मकान के बाहर जठेड़ी रोड पर खड़ा किया था। सुबह उठकर देखा तो गाड़ी गायब मिली। अपने स्तर पर गाड़ी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# पोलटेक्निक में 'महिला सुरक्षा' विषय पर सेमिनार आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर मे " महिला सुरक्षा " विषय पर सैमिनार का आयोजन किया गया। यह सैमिनार संस्थान के महिला सैल एवं यौन उत्पीड़न विरोधी सैल द्वारा आयोजित किया गया ।इस सैमिनार मे मुख्य वक्ता बार एसोसिएशन अंबाला के सदस्य एडवोकेट श्री गुरप्रीत अंटाल रहे। उन्होने महिलाओ को उनकी सुरक्षा संबधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होने महिलाओ को उनके सुरक्षा संबधी कानूनी अधिकारो के बारे मे बताया। उन्होने महिलाओ को पॉक्सो एक्ट, दहेज निषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओ का यौन उत्पीड़न का निषेध निवारण अन्य विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।उन्होने बताया कि महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा महिला सुरक्षा विषय पर काफी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होने महिलाओ को दुर्गा शक्ति एप व सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर ( 1091 ) के बारे मे बहुमुल्य जानकारी दी । उन्होने इस अवसर पर कहा कि सरकार द्वारा महिलाओ की सुरक्षा के लिए निर्भय फंड बनाया गया है जिसका उपयोग महिला सुरक्षा की योजनाओ पर खर्च होता है । संस्थान प्रधानाचार्य डा राजीव सपरा ने मुख्य वक्ता का स्मृति चिन्ह देकर आभार प्रकट किया । कार्यक्रम की संयोजक महिला सैल की संयोजक श्रीमति सुनीता रानी रही व कार्यक्रम मे मंच संचालन सुश्री जशनप्रीत कौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान की सभी महिला कर्मचारी व छात्राए मौजूद रही।

# कालाबाजारी करने की वारदात में शामिल पांच आरोपित गिरफ्तार

## अदालत ने आरोपितों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा, पूछताछ में जुटी पुलिस

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**मुरथल थाना** क्षेत्र में गैस चोरी, कालाबाजारी, आमजन की सुरक्षा के खतरे में डालने सहित सरकारी नुकसान पहुंचाने की वारदात में शामिल पांच आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित पुष्पेंद्र उर्फ राजीव, हरचरण निवासी बरेली उत्तर प्रदेश, कमलेश, मोहन, निवासी जोधपुर राजस्थान व कमलेश निवासी राजस्थान का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।
ुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम को गत शनिवार देर रात करीब डेढ़ बजे सूचना मिली थी कि मुरथल स्थित मान ढाबा के पीछे गैस कैंटर से अवैध रूप से गैस निकालकर उसे व्यावसायिक सिलिंडर में भरकर कालाबाजारी की जा रही है। जिस पर इंस्पेक्टर सुनील कुमार व एएसआई राजेश की टीम ने खाद्य आपूर्ति विभाग के निरीक्षक नवीन पालीवाल व दीपक भारद्वाज को बुलाया गया। नवीन पालीवाल ने पुलिस को बताया था कि देर रात सवा दो बजे टीम मान ढाबा के पीछे पहुंची। जहां पर एचपी गैस के कैंटर से नोजल लगाकर पांच पाइप से व्यावसायिक सिलिंडर भरे जा रहे थे। वहां पर कांटा भी रखा था। सिलिंडर में 19 किलो गैस कैंटर से चोरी कर डाली जा रही थी। पुलिस ने वहां खड़ी महाराष्ट्र नंबर की पिकअप गाड़ी से 21 भरे सिलिंडर बरामद किए। वहीं दो भरे सिलिंडर नीचे पड़े थे और 26 सिलिंडर खाली था। मौके से 49 सिलिंडर मिले। जांच करने पर मान ढाबा परिसर में पीछे 55 अन्य खाली सिलिंडर मिले। कुल 104 सिलिंडर बरामद किए गए। वहां से पांच लोगों को काबू किया गया। जिसमें एलपीजी गैस कैंटर का चालक उत्तर प्रदेश के बरेली के गांव पिंडारी निवासी पुष्पेंद्र व उसके सहायक बरेली के रफियाबाद निवासी हरचरण, पिकअप व गैस सिलिंडर मालिक राजस्थान के जोधपुर के गांव भोजासर निवासी कमलेश, उसके सहायक जोधपुर के गांव नोखड़ा निवासी मोहन तथा बीकानेर के गांव नगरासर निवासी कमलेश कुमार शामिल हैं। उन्हें पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने कमलेश के पास से गैस चोरी कर सिलिंडर भरवाने की एवज में दिए जाने वाले 45200 रुपये बरामद किए है। पुलिस ने पांचों समेत ढाबा मालिक देवेंद्र व दिल्ली के सोनिया विहार स्थित कृष्णा गैस एजेंसी के मैनेजर राहुल के खिलाफ चोरी व चोरी का माल रखने, भादंस की धारा 286, 407, 120बी, 7-10-55 आवश्यक वस्तु अधिनियम, 4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में चार प्रधान पद के उम्मीदवार, तीन में होगा उप्रधान के लिए चुनाव

## सह सचिव पद से निकिता गर्ग ने लिया नॉमिनेशन वापस

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला बार** एसोश्शिन के चुनाव में सोमवार को नाम वापिस लेने की अंतिम तिथि तय की गई थी। देर शाम तक प्रधान पद के चार उम्मीदवारों में से किसी ने नाम वापिस नहीं लिया। वहीं उप प्रधान के लिए तीन अधिवक्ता अपनी किस्मत आजमा रहे है। वहीं सोमवार को सह सचिव पद से निकिता गर्ग ने अपना नाम वापिस ले लिया है। उक्त पद पर निर्मला अधिवक्ता अकेली रह गई है। उनका बनना तय हो गया है। वहीं सचिव पद पर 3 अधिवक्ताओं के बीच व कोषाध्यक्ष के लिए तीन अधिवक्ताओं के बीच मुकाबला होगा। चुनाव के लिए 15 दिसंबर को वोटिंग होगी, इसी दिन वोटिंग के बाद काउंटिंग होगी ओर फिर परिणाम घोषित किया जाएगा। प्रत्याशियों ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है।

**चुनाव**

**8 15 दिसंबर को वोटिंग होगी, इसी दिन वोटिंग के बाद काउंटिंग होगी ओर फिर परिणाम घोषित किया जाएगा।**

**चुनाव में ये आजमा रहे अपना भाग्य:** मिली जानकारी के अनुसार प्रधान पद के लिए अब अधिवक्ता अनिल ढुल , संदीप मलिक, कमल हुड्डा व जयभगवान शर्मा मैदान में है। जबकि उप प्रधान के लिए आशीष गर्ग, जोगेंद्र मलिक व युविका मैदान में है। सचिव पद के लिए अंकित त्यागी, संदीप खर्ब, कुसुम दहिया के बीच मुकाबला होगा। सह सचिव पद के लिए अधिवक्ता निर्मला का ही नॉमिनेशन रह गया है, कोषाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता ध्रूव, गौरव कुमार व प्रवीण कुमार के बीच मुकाबला होगा।

# तेज रफ्तार वाहन ने साइकिल सवार बुजुर्ग को चपेट में लिया, बुजुर्ग की मौत

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार बुजुर्ग को चपेट में ले लिया। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से एबुलेंस में नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मैप्सको सेक्टर-27 निवासी राहुल त्यागी ने बताया कि वह सोमवार को अपनी मामा का लड़का विनोद कुमार (52) दोनों सिक्योरियटी गार्ड की नौकरी करता है। वह साइकिल पर सवार होकर आमेक्स सिटी से मुरथल रास्ते सोनीपत जा रहे थे। दोनों नांगल फ्लाई ओवर के ऊपर पहुंचे। उसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने विनोद को चपेट में ले लिया। हादसे मे विनोद गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से उपचार के लिए एबुलेंस में अस्पताल में लाया गया।

# हिन्दुस्तान को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ले संकल्प : कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा

**फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)** हरियाणा के उच्च शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि हिन्दुस्तान को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए संकल्प लें। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन-संवाद कार्यक्रमों में अपार जन समर्थन मिल रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सरकारी सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने आज मंगलवार को सैक्टर-22 व सैक्टर-23 के सामुदायिक भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिरकत की। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि आमजन को सरकार द्वारा दी जाने



वाली जनकल्याणकारी योजनाओं को घर- घर पहुंचाने के लिए इस कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों का कैंप लगाए जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा आज मंगलवार को सेक्टर 23- ए के सामुदायिक भवन में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि कैंप में पहुंचने वाले लोगो की समस्याओं को मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा की डिजिटल स्कीम के तहत लोगो को सरकारी सुविधाएं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इन कैम्पों में लोगों को परिवार पहचान पत्र (पीपीपी), पेंशन, आधार, स्वास्थ्य सहित अन्य सेवाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और प्रदेश में श्री मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम देश के कौने कौने में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की समस्याएं घर द्वार के नजदीक कैम्पों के जरिये की जा रही है। प्रदेश में प्रतिदिन 140 यात्राएं की जा रही है। गावों के खेतों में बनी ढाणियो और शहरी क्षेत्रों में स्लम बस्तियों में में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। बल्लबगढ विधान सभा क्षेत्र में सरकार 60 हजार गरीब परिवारों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं और परियोजनाओं का लाभ दे रही है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने इस मौके पर सभी को भारत देश को 2047 तक आत्म निर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ भी दिलवाई। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा आज देश प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में निरन्तर उन्नति के पथ पर है। कार्यक्रमों में योजना के लाभार्थियों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई व विभिन्न प्रकार की सेवाओं से लाभांवित किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी देने के साथ-साथ स्वास्थ्य की जांच भी की गई।

# चित्रा सरवारा ने सरकारी डॉक्टरों की हड़ताल को लेकर सरकार पर साधा निशाना

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**आम** आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा ने मंगलवार को 9 दिसंबर से होने वाली सरकारी डॉक्टरों की हड़ताल और स्वास्थ्य सुविधाओं के मुद्दे को लेकर खट्टर सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में केवल सरकारी डॉक्टर ही नहीं न जाने कितने कर्मचारी और वर्ग अपनी मूलभूत मांगों और अधिकारों के लिए हड़ताल पर हैं। लेकिन हमेशा की तरह सरकार पर कोई असर नहीं है। हरियाणा के सरकारी डॉक्टरों ने 9 दिसंबर से हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की मांगे जायज हैं। आम आदमी पार्टी खट्टर सरकार से मांग करती है कि डॉक्टरों की मांगों पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने



कहा कि आज सरकारी अस्पतालों में मशीनें नहीं हैं, स्पेशलिस्ट नहीं हैं, रेडियोलॉजिस्ट नहीं हैं, यहां तक कि ग्लूकोज की बोतलें भी नहीं हैं। मरीज को पर्ची लिखकर दी जा रही है कि बाहर से ग्लूकोज की बोतल ले आइये। उन्होंने कहा कि जहां देश की जनता और पूरी स्वास्थ्य प्रणाली मुश्किलों से जूझ रही हैं, वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री खट्टर और स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का शीत युद्ध खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा। चाहे इसके लिए पूरे प्रदेश की जनता, सरकारी काम और 2000 से ज्यादा फाइलें पेंडिंग पड़ी हैं, चाहे वो ताक पर रहे। ये प्रदेश का दुर्भाग्य है कि ऐसे मुख्यमंत्री और मंत्री प्रदेश को मिले। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन की मुख्य मांगों में स्पेशलिस्ट डाक्टरों का अलग कैडर बनाना और केंद्र सरकार और बिहार की तर्ज पर हरियाणा में चार एसीपी देना है, जोकि बिल्कुल जायज मांग हैं, जिसकी तरफ खट्टर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। वहीं पूरे प्रदेश के अस्पतालों में स्पेशलिस्ट डाक्टरों की भी भारी कमी है।

## संक्षिप्त खबरें

### रोज ईको क्लब ने साइकिल जनचेतना रैली निकल किया पर्यावरण स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक




**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आज राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में रोज ईको क्लब द्वारा साईकिल रैली का आयोजन किया गया।इस रैली का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना रहा।इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया। जीव विज्ञान की प्राध्यापिका श्रीमती मोनिका मिगलानी ने बच्चों एवं समाज को जागरूक करते हुए बताया कि हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए और प्लास्टिक का प्रयोग कम से कम करना चाहिए ताकि हम हमारे आस पास के पर्यावरण को स्वच्छ एवम शुद्ध रख सके और बीमारियों से स्वयं और समाज के सभी प्राणियों की रक्षा कर सके। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर सचिन्द्र कुमार, इको क्लब की इंचार्ज मोनिका मिगलानी, नवीन कुमार, सचिन कुमार, राजेंद्र कुमार उपस्थित रहे ।

### बटनदार चाकू सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम ने किया गिरफ्तार, आरोपी से चोरी का सीएनजी ऑटो बरामद

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर, एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्ग दर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 प्रभारी जोगिन्द्र सिहँ की टीम ने बटनदार चाकू सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी इलियास पर्वतीय कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से पल्ला नया पुल से काबू किया गया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से एक बटनदार चाकू बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना पल्ला में अवैध हथियार की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने सेहतपुर में एक आटो चोरी की वारदात को अनजाम दिया था। आरोपी की निशानदेही पर सेक्टर-65 वाई-पास रोड़ सीएनजी पम्प के पास से आटो बरामद किया है। आरोपी ने ऑटो को 22 नवम्बर को चोरी किया था जिसका मामला थाना पल्ला में दर्ज है। आरोपी बटनदार चाकू को 200/-रु में जैतपुर में किसी अनजान व्यक्ति से खरीद कर लाया था। आरोपी पर पूर्व में चोरी व अवैध हथियार के पल्ला व एसजीएम नगर में दर्ज है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### अपहरण व लूट की वारदात में शामिल आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराधिक गतिविधियो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर, एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्ग दर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 प्रभारी जोगिन्द्र सिहँ की टीम ने अपहरण कर लूट की वारदात को अन्जाम देने वाले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी सियाराम गांव कमई, मथुरा उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। आरोपी ने अपने साथी आरोपियो के साथ मिलकर शिकायतकर्ता का 23 अक्टूबर को अपहरण कर सै० 61-62 एरिया में सुनसान जगह पर मारपीट करके उसके मोबाईल फोन से अपने मोबाईल फोन में 17000/- रू ट्रांसफर करवाकर मोबाईल छिन लिया था। वारदात पर शिकायत के आधार पर थाना सदर बल्लबगढ़ में दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपी विष्णु, मोहन श्याम उर्फ छोटू और जगदीश उर्फ कारे को पहले गिरफ्तार कर आरोपियो से 14000/-रू नगद, वारदात में प्रयोग मोबाईल फोन बरामद किए जा चुके है।

# देशवासियों को आगे बढ़ाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य

**फरीदाबाद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा (जनसंवाद) की वैन आज मंगलवार को गांव कावरा पहुंची जहां गांव के सरपंच कृष्ण कुमार और ग्राम वासियों द्वारा इसका जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अधिकारियों द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। सरपंच कृष्ण कुमार ने कहा कि भारत को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिया गया और उस दिशा में देश आगे बढ़ रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी जनसंवाद के माध्यम से जन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटान करने की पहल शुरू की।

# माया व दुर्गा शक्ति की टीम ने किया छात्र-छात्राओं को जागरूक

**फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)**
**डीसीपी** मुख्यालय अभिषेक जोरवाल के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी इंस्पेक्टर माया तथा दुर्गा शक्ति की टीम ने गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी 5 में 450 से अधिक छात्रों को साइबर फ्रॉड महिला विरुद्ध अपराध, व डायल 112 ऐप के प्रयोग करने बारे जानकारी दी गई। महिला विरुद्ध अपराध- इंस्पेक्टर माया ने छात्रों को जागरूक करते हुए वहां पर मौजूद छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों को साइबर फ्रॉड, महिला विरुद्ध अपराध एक्ट व डायल 112 ऐप के बारे में जागरूक करते हुए स्कूल में पढ़ रहे छात्रओं को



जागरूक करते हुए विद्यार्थियों को बैड टच के बारे बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति ने गलत तरीके से स्पर्श करने की कोशिश करता है तो उसके बारे में अपने परिजनों को बताएं क्योंकि यदि वह इसका विरोध नहीं करेंगे वह फिर से उनके साथ गलत हरकत करने की कोशिश करेगा। उन्होंने बताया कि पहले इस बात के बारे में बहुत कम जानकारी होती थी कि बैड टच क्या होता है परंतु आजकल इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दी जा रही है इसलिए यदि कोई भी व्यक्ति उन्हें गलत तरीके से छूने की कोशिश करता है तो चुप रहकर इसे सहन करने की कोशिश ना करें क्योंकि यह आगे चलकर उनके शोषण का कारण बन सकता है। इसलिए इसके विरुद्ध एकजुट होकर लड़ाई लड़ें ताकि समाज में महिला सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा सके।
इंस्पेक्टर माया ने बताया कि आजकल फेसबुक व्हाट्सएप या अन्य बहुत सारी सोशल साइट्स पर वीडियो कॉल स्कैम चल रहा है जिसमें कोई लड़का या लड़की आपको अश्लील वीडियो कॉल करने का ऑफर देते हैं जिसके झांसे में आकर कुछ युवा उनके साथ अश्लील वीडियो कॉल पर बात कर लेते हैं। वीडियो कॉल के दौरान अपराधियों द्वारा यह कॉल रिकॉर्ड कर ली जाती है जिसमें वीडियो कॉल करने वाले का चेहरा दिखाई देता है। इसके पश्चात अपराधियों का पीड़ित को ब्लैकमेल करने का सिलसिला शुरू होता है। अपराधी उस व्यक्ति को की वीडियो को फेसबुक या व्हाट्सएप के माध्यम से उसके दोस्तों या रिश्तेदारों को भेजने की धमकी देते हैं और ब्लैकमेल कर-के उनसे पैसे मांगते हैं। बदनामी के डर के कारण जब व्यक्ति एक बार इन अपराधियों को पैसे दे देता है तो वह उसे फिर से ब्लैकमेल करते हैं।

# जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में दौड़ व रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल।** जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में फिट इंडिया कार्यकम के तहत 9 दिसंबर तक चल रही अन्तर्सदनीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के तहत एथलेटिक्स अन्तर्सदनीय प्रतिस्पर्धा दौड़ व रस्साकसी का आयोजन किया गया।
प्राचार्य राजीव कुमार सक्सेना ने बताया कि इसमें वरिष्ठ बालक वर्ग में 100 व 200 मीटर में अंकुश, 400 मीटर में रोहित तथा 1500 मीटर में संदीप ने प्रथम स्थान हासिल किया। वरिष्ठ बालिका वर्ग में 100 व 200 मीटर में मोनिका



तथा 400 मीटर में सत्यवती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ बालक वर्ग में 100 मीटर में फरियाद, 200 मीटर में आसिफ, 400 मीटर में उज्जवल तथा 800 मीटर में नैतिक ने प्रथम स्थान हासिल किया। कनिष्ठ बालिका वर्ग में 100 मीटर व 200 मीटर में अंजु, 400 मीटर में नैंसी, 600 मीटर में अशमी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । रस्साकसी प्रतियोगिता वरिष्ठ बालक वर्ग में नीलगिरी सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । कनिष्ठ बालक वर्ग में अरावली सदन प्रथम रहा।

# श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 18 से 21 दिसम्बर तक

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 18 से 21 दिसम्बर तक आयोजित किए जाएंगे। जहां श्रमिकों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। श्रम विभाग के सहायक निदेशक औद्योगिक स्वास्थ्य डॉ हरेंद्र मान ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दिसंबर महीने में इन उद्योगों में मजदूरों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। इनमें विद्युत स्टील मे 18 दिसंबर को, एडमेक ऑटो में 19 दिसंबर को, स्टार वायर में 20 दिसंबर को, प्लेटिंग जोन में 21 दिसंबर को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# अपने मकसद में सफल हो रही है यात्रा: सरपंच जितेंद्र



**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत आज गांव राजपुर कला के राजकीय मॉडल प्राइमरी स्कूल में में सरपंच जितेंद्र की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांव राजपुर कला के सरपंच जितेंद्र ने कहा कि प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं व परियोजनाओं को हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के मकसद से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है, जोकि अपने मकसद में सफल होती दिखाई दे रही है।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। जनसंवाद में सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न योजनाओं के स्टाल जिनमें सरकार द्वारा चलाई गई स्किल इंडिया मिशन, सुगम्य भारत अभियान, मुद्रा योजना, स्वच्छता, हर घर जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री-स्वनिधी योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, आयुष्मान भारत, जन-औषधि केंद्र, उज्ज्वला योजना, उजाला योजना, नई रोशनी, उड़ान योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, मातृत्व वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण तथा शहरी), कर्मयोगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण रोजगार अभियान, अंत्योदय अन्न योजना, आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना सहित अन्य योजनाओं बारे जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गांव वासियों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। कृषि विभाग द्वारा नवीनतम कृषि को लेकर ड्रोन टेक्नोलॉजी प्रदर्शित की गई।

# 'सरकार की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं'

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** जिला परिषद के अध्यक्ष विजय लोहिया ने आज मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 25 लाख रुपए की धनराशि के विकास कार्यों की सौगात दी है। जिला परिषद के अध्यक्ष विजय लोहिया ने गांव फतेहपुर तगा में निमार्णाधीन 2325000 रुपए के धनराशि और जीएमबाद में 127000 रुपये की धनराशि से गली निर्माण के कार्यों का शुभारंभ करवाया। जिला परिषद के अध्यक्ष विजय लोहिया ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। गरीबों को उनके घर द्वार पर उन्हें जन कल्याणकारी नीतियों और योजनाओं का लाभ पहुंचा जा रहा है। विजय लोहिया ने कहा कि देश



में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिए जनसंवाद कार्यक्रमों आयोजित किया जा रहे हैं।
जहां लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म प्रणाली पर विभिन्न प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। जिला परिषद अध्यक्ष विजय लोहिया ने विकास कार्यों का नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्ड नंबर 2 से फारुख सिंह, सरपंच फतेहपुर तगा, आस मोहम्मद और पूर्व सरपंच लालू साकी, जान साहू खंडावली, नरेश खंडावली, पंचायती राज हसीन, मुबीन और समसू गांव के गणमान्य लोग भी शामिल हुए।

# 11 दिसंबर को आयोजित होगा कम्युनिटी मेगा इंवेट: एडीसी अंकिता चौधरी

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर कम्युनिटी मेगा इंवेट का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने अपने कार्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग सहित संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि यह जिला स्तर पर आयोजित यह कम्युनिटी मेगा इंवेट 11 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मेगा इंवेट को लेकर सभी तैयारियां 08 दिसंबर तक पूरी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत वॉकाथॉन का भी



आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न कॉलेजों तथा स्कूलों की एक हजार से अधिक लड़कियां भाग लेंगी। इस वॉकाथॉन में छात्राएं लोगों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं के प्रति लोगों को जागरूक करेंगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस इंवेट के तहत भाषण, निबंध तथा अन्य प्रतियोगिता आयोजित करवाना सुनिश्चित करें और इन प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को 11 दिसंबर को आयोजित मेगा इंवेट में पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेंगा इवेंट में शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, रेडक्रॉस सोसायटी तथा रोजगार कार्यालय द्वारा स्टॉल भी लगाई जाएं ताकि बेटियों के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं को लेकर छात्राओं को जागरूक किया जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वॉकथॉन को लेकर रूट मैप तैयार करें और उस दिन इस रूट पर सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध करवाया जाए। उन्होंने कहा कि इस इंवेट में रेडक्रॉस सोसायटी, नेहरू युवा केन्द्र सहित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत कार्य करने वाली एनजीओ को भी आमंत्रित करें। इसके अलावा ऐसी महिलाओं को भी महिला खिलाडियों व अन्य विभागों की ऐसी महिलाओं को भी आमंत्रित करें, जिन्होंने अपने क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए हों। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 11 दिसंबर को आयोजित वॉकथॉन में छात्राओं के लिए जलपान की उचित व्यवस्था करवाई जाए। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग की पीओ प्रवीण कुमारी, जिला रोजगार अधिकारी सविता लांबा, डब्ल्यूसीडी गीता व निर्मला देवी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी इंदू शर्मा, शिक्षा विभाग से सुरजीत सिंह, ओएससी अंशु जैन, इंस्पेक्टर कविता, डाक विभाग से सूर्य देव, रैडक्रॉस सोसायटी से बिजेन्द्र सिंह, डॉ० सुभाष गहलावत, बिजेन्द्र कुमार सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

# तीन राज्यों में हारे, लेकिन करोड़ों दिल जीते कांग्रेस ने : सतपाल शर्मा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कांग्रेस नेता सतपाल शर्मा ने पांच राज्यों के आए परिणामों पर बोलते हुए कहा कि भले हीं भारतीय जनता पार्टी झूठ और जुमलो के दम पर तीन राज्यों में सरकार बनाने में कामयाब रही, जनता के दिलों में कांग्रेस के प्रति प्यार रहा। शर्मा ने बताया कि चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार चारों राज्यों में कांग्रेस को 4 करोड़ 91 लाख वोट मिले जबकि भारतीय जनता पार्टी को 4 करोड़ 80 लाख वोट मिले और यह आंकड़े ब्यान कर रहे हैं की 2024 में जब लोकसभा चुनाव होंगे इन चारों



राज्यों की जनता कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों को जीताने का कार्य करेगी।शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास इन राज्यों में उम्मीद्वार ही नहीं थे इसलिए केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को विधायक के चुनाव के लिए उतारा जिन में से कई मंत्री और सांसद हार गए। किसी भी राज्य के लिए मुख्यमंत्री का चेहरा भी नही था सिर्फ झूठ का जादू चला। झूठे वादे और जुमले लोकसभा चुनाव तक हवा-हवाई हो जायेंगे। अगर मोदी 450 रूपए का गैस सिलेंडर राजस्थान की जनता को देता है तो मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ की जनता ने भी मोदी के चेहरे पर वोट दिया है और जिन राज्यों में बीजेपी की सरकार है उनका भी अधिकार है क्योंकि यह मोदी की गारंटी है। लेकिन 2024 में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

# नीलम बुद्धिराजा ने भाजपा की जीत पर लोगों में बांटी मिठाई






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के आजादपुर** स्थित चटर-मटर पार्क में तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर लोगों में मिठाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्धिराजा और मंडल अध्यक्ष सुभाष झा ने मिलकर किया।

इस मौके पर धीरपुर मंडल के अध्यक्ष सुभाष झा, पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्धिराजा, टी एन जयसवाल, महावीर बंसल, प्रीति गुप्ता, उषा वर्मा, सुभाष धानी, नरेंद्र शर्मा, सत्यपाल बंसल, विक्रम सोमानी, अनिल झा, दलबीर पुनिया, उषा वर्मा, नीलम गुप्ता, गौरव गुप्ता, विष्णु पाल बंसल, इंद्रजीत सिंह ,संजय ठाकुर, संजय साह, डा. नृपेंद्र कुमार, मनोज काली रमन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्धिराजा ने मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ में भाजपा की हुई ऐतिहासिक जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इन राज्यों के नतीजों ने दिखा दिया कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ी है और निश्चित ही 2024 में तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही बनेंगे। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री गरीबों के सच्चे हितैषी है, उन्होंने हमेशा गरीबों की आवाज को उठाया है उनके हकों की चिंता करते हुए अंत्योदय उत्थान की अनेक योजनाएं चलाई है, चाहे वो आयुष्मान भारत योजना, गरीब कल्याण योजना हो या गरीबों को मुफ्त में राशन बांटने की योजना हो। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखें।

## टैक्स माफ करने की बात करके जिम्मेदारी से पीछा नहीं छुड़ा सकती सरकार: यादव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पंचायत संघ** प्रमुख थान सिंह यादव ने मेयर शैली ओबराय से दिल्ली देहात व ग्रामीण व शहरीकृत गांवो के हाउस टैक्स पर उनकी घोषणा पर स्पष्टता की मांग की है। क्योंकि उन्होंने सिर्फ ग्रामीण क्षेत्र के गांवो की रिहायशी क्षेत्र पर हाउस टैक्स माफ करने की बात की है। पूर्व परिवहन एवं विकास मंत्री देवेंद्र सिंह शौकीन ने कहा की यह हाउस टैक्स माफ की घोषणा एमसीडी के किस एक्ट व नियम के तहत हुई है। क्या शहरीकृत व ग्रामीण गांवो की सभी आवासीय व व्यवसायिक संपत्तियो से हाऊस टैक्स नहीं लिया जाएगा। पूर्व विधायक विजय लोचाव ने कहा की निगमायुक्त के 14 नवंबर के आदेश के बाद जो नोटिस भेजे वे निरस्त होगे ओर जो संपत्ति सील हुई वो सील खुल जाएगी। गांवो मे वर्ष 2004 से जो हाउस टैक्स की पेनल्टी के साथ निगम मांग कर रहा है। उसकी वसूली नहीं होगी। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की दिल्ली के 360 गांव व उनकी पंचायते एक है इन्हे बांटने का काम ना करे।

## निगम पार्षद अजीत यादव ने क्षेत्र में करवाई फोगिंग




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विधायक अजेश यादव** के मार्गदर्शन में वार्ड-17 भलस्वा में निगम पार्षद अजीत यादव ने मंगलवार को सी ब्लॉक में डेंगू मलेरिया की समस्या को देखते हुए खुद मौके पर खड़े होकर सी ब्लॉक में फॉगिंग करवाई और सी ब्लॉक और बी ब्लॉक में हो सफाई के कार्यों का जायजा लिया। इस मौके पर पार्षद अजीत यादव ने कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जायेगी। उन्होंने आगे बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जहां पर भी कोई कमी नजर आ रही है, मैं उसका समाधान करता हूं ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सके।

## सड़कों व गलियों में घूमते आवारा पशुओं व कुत्तों से लोगों को जान का जोखिम



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस के पूर्व** जिलाध्यक्ष हरी किशन जिन्दल ने बताया कि दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रो जैसे आदर्शनगर, जहांगीरपुरी, शाह आलम बांध, आजादपुर मंडी, सराय पीपल थला, त्रिनगर में शंकर चौक, पीतमपुरा में डिस्ट्रीक्ट पार्क, शालीमारबाग, वजीरपुर जे जे कालोनी, वजीरपुर गांव अशोक विहार, केशवपुरम व अन्य जगहों पर आवारा पशुओं व गायों के मालिक इनको सड़कों पर सुबह छोड़ देते है और शाम को दूध निकालने के समय ले जाते है, सारा दिन यह आवारा पशु सड़कों पर घूमते रहते है जिसकी वजह से रोजाना रोड़ एक्सीडेंट हो रहे हैं जिससे उनकी जान पर खतरा बना रहता है और आवारा गायों के बीच सड़क में बैठने की वजह से ट्रैफिक जाम होने से लोगों को आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पडता है, गायें कूडा और प्लास्टिक पन्नी खाती है और गंदगी फैलाती है, सडको पर फैली गंदगी के कारण स्थानीय निवासियों का जीना दुभर हो जाता है व बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है।

**आवारा पशुओ से हो रही है दुर्घनाएं:** श्री जिन्दल ने आगे कहा कि दिल्लीवासियों को सडकों व गलियों में घूमते आवारा कुत्तों से काटनें का खतरा बना रहता है, लोग गली व मोहल्ले में निकलने से डरते है, लोग जब घरों से सुबह मार्निंग वाक पर जाते है और जब अपने काम पर निकलते या वापस आते है तो उनको पालतू व आवारा कुत्तों के काटने का डर बना रहता है लोग शौकिया पालतू खतरनाक कुत्ते पालते है और उनको लेकर पार्कों या गलियों में घूमते हैं, वह खुले में शौच करते हैं जिससे पार्कों व रोड़ के ऊपर गंदगी फैलती है, और कई बार यह पालतू कुत्ते बच्चों व बडों पर हमला कर काट लेते है ऐसे कई हादसे पहले हो चुके है और होने का खतरा बना रहता है।

**प्रशासन की लापरवाही:** दिल्ली नगर निगम आवारा कुत्तों व पशुओं से निपटने के लिये कोई कार्यवाई नहीं कर रही है, वह इस कार्य को लेकर गंभीर नहीं है जिसकी वजह से दिल्लीवासियों को बहुत परेशानी हो रही है।

# नरेला: सड़क पर अवैध कब्जा...कैसे चले राहगीर




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला की पुरानी** अनाज मंडी के पास सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण का साम्राज्य है, फुटपाथ हो या बस स्टैंड हर जगह अतिक्रमण की वजह से राहगीरों का पैदल चलना मुश्किल हो रहा है। पुलिस और नगर निगम कर्मचारियों, अधिकारियों की मिली भगत से फुटपाथ और सड़क के दोनों तरफ अवैध अतिक्रमण कर फल और सब्जी विक्रेताओं ने दुकानें सजा रखी हैं। बाकी बची जगह पर खरीदार अपने टू व्हीलर कारे खड़ी कर चले जाते हैं। इस कारण जहां राहगीरों का सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है, वहीं अवैध कब्जों के कारण यातायात भी प्रभावित हो रहा है। सड़क पर चलने तक की जगह न होने के कारण गाड़ियों रेंगती रहती हैं कई बार टक्कर लगने के कारण कहासुनी के साथ मारपीट होना आम बात है। इसके बाद भी जिम्मेदार आंखें मूंदे हुए हैं। फेडरेशन आफ नरेला सब्सिटी के अध्यक्ष जोगिंदर दहिया ने बताया कि पुरानी अनाज मंडी की सड़क पर लंबे समय से फलों और सब्जी बेचने वालों ने अवैध अतिक्रमण कर रखा है। अतिक्रमण की शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों से कर चुके हैं लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। एमसीडी हो या पीडब्लूडी हर कोई एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर इतिश्री कर लेते हैं। यह प्रशासन की मिली भगत के बगैर संभव नहीं है। स्थानीय दुकानदार विपिन बंसल ने बताया कि पूरी सड़क पर फल सब्जी बेचने वालों का कब्जा है। अतिक्रमण के कारण राहगीरों का पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। अतिक्रमण का विरोध करने पर यह लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। कई बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। अतिक्रमण के कारण प्रशासन की कार्य प्रणाली पर बड़ा प्रश्न चिन्ह लगता है। लोगों की मांग है कि अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटाया जाए।

## मॉडल टाउन: असहाय लोगों की मदद के लिए सभी करें पहल: सुरजीत सिंह



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**मॉडल टाउन** विधानसभा क्षेत्र स्थित मॉडल टाउन पार्ट तीन में रहने वाले व प्रसिद्व समाज सेवी सुरजीत सिंह ने कहा कि गरीब व असहाय लोगों की सेवा करना एक पुण्य का काम होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए।

**दान करने से धन में नहीं आती कमी:** हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम असहाय व गरीब की सहायता करें। जिससे की गरीब व्यक्ति को भी परेशान न होना पड़े, क्योंकि किसी गरीब को दान करने से किसी के धन में कमी नहीं आती है।

**सभी करें पौधारोपण:** उन्होंने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए, क्योंकि पौधारोपण बहुत ही ज्यादा जरूरी है, क्योंकि जितना ज्यादा पौधे रोपे जाएंगे उससे उतना ही ज्यादा वातावरण में सुधार आएगा और स्वच्छ वायु भी मिलेगी, जिससे कि आधी से ज्यादा बीमारी तो अपने आप ही समाप्त हो जाएगी।
उन्होंने कहा कि सभी को अपने जन्मदिन पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है।



वार्ड-18 जहांगीर पुरी में विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के नेतृत्व में 'मैं भी केजरीवाल' डोर टू डोर अभियान चलाते हुए आप कार्यकर्ता।

## जनता को शुद्ध जल मुहैया कराये आप सरकार: संजीव पाठक

# पीएम मोदी के कार्यों से खुश है देश के लोग: संजीव पाठक



### मंडल महामंत्री संजीव पाठक ने कहा..

= दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है। जिस कारण से मजबूर होकर वहां की जनता को जार का पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है।
= भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि देश की जनता भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश हैं : पाठक



**जिन्दगी कांटो का सफर है,**
**हौसला इसकी पहचान है,**
**रास्ते पर तो सभी चलते है,**
**जो रास्ते बनाये, वही,**
**तो इंसान है।**

**जी** हां आज हम आपकी मुलाकात ऐसे व्यक्ति से करवाने जा रहे है, जो आज अपने कार्यों की बदौलत वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है। जी हां हम बात कर रहे है। वजीरपुर वार्ड के भाजपा महामंत्री संजीव पाठक की।
आपको बतादें कि भाजपा महामंत्री संजीव पाठक क्षेत्र की कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए है।

**भाजपा के कार्यों से खुश है देश की जनता:** भारतीय जनता पार्टी वादे की पक्की है। आज देश में भाजपा के राज में विकास हो रहा है। पीएम मोदी जी ने देश में कई योजनाएं लागू की है, जिससे जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि आज देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।
उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हुए है। जिसकी वजह से दिल्ली की जनता अपने आप को ठगा हुआ सा महसूस कर रही है।

**जनता से किये वादे पूरे करें आम आदमी पार्टी:** श्री पाठक ने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने कहा था कि जब दिल्ली में हमारी पार्टी की सरकार आयेगी तो कई सुविधाएं दी जायेगी, महिला सुरक्षा पर ध्यान दिया जायेगा, शिक्षा के स्तर में सुधार होगा। लेकिन कुछ नहीं हुआ है। सभी वादे धरे के धरे ही रह गये। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को मूलभुत सुविधाएं भी नहीं मिल रही है, जिसकी वजह से लोग काफी परेशान है।

**दिल्ली की जनता को मिले स्वच्छ जल:** दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है। जिस कारण से मजबूर होकर वहां की जनता को जार का पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है।

**पीएम मोदी ने किया देश में विकास:** पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च किए, जिससे आज विश्व की हर बड़ी कंपनी देश में अपना निवेश कर रही है।

**देश की जनता पीएम मोदी के साथ खड़ी है:** भाजपा के राज में देश का हर व्यक्ति खुश हैं और पीएम और भाजपा के साथ खड़ा है।

**तीन राज्यों में हुई भाजपा की ऐतिहासिक जीत:** भाजपा की हुई ऐतिहासिक जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इन राज्यों के नतीजों ने दिखा दिया कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ी है और निश्चित ही 2024 में तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही बनेंगे।

**- प्रस्तुति: एक्शन इंडिया**